Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

फीफा वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच के किंग बने किलियन एम्बाप्पे, 88 साल पुराना...

देश

महाराष्ट्र में लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर सख्त कार्रवाई, फडणवीस बोले-जल्द बनेगी पुलिस...



कृष्ण तृतीया, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरुवार • 02 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 210 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## संक्षिप्त समाचार

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी आईसीयू में भर्ती

**राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष**

लखनऊ (एजेंसी)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 89 वर्षीय महंत को 29 जून की दोपहर बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित बताया है। फिलहाल उनका



इलाज अस्पताल के आईसीयू में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। मेदांता अस्पताल की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, महंत नृत्य गोपाल दास को 29 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे बेहोशी की हालत में इमरजेंसी विभाग में लाया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन की पुष्टि की।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज अस्पताल के अनुसार, महंत नृत्य गोपाल दास को आईसीयू में भर्ती किया गया है। उनका उपचार क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप और उनकी टीम की देखरेख में चल रहा है।

### आर्मेनिया को मिली ब्रह्मोस डरा पाकिस्तान का दोस्त

**भारत आर्मेनिया रक्षा समझौतों की अजरबैजान ने की आलोचना**

**बाकू/नई दिल्ली (एजेंसी)।** अजरबैजान ने आर्मेनिया के साथ भारत के साथ मजबूत होते रक्षा संबंध को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। अजरबैजान को डर है कि भारत आर्मेनिया को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर जैसे एडवांस्ड हथियार दे सकता है जिससे वो डर गया है। इसीलिए



अजरबैजान ने भारत के सामने इन संभावित रक्षा सौदों की कड़ी आलोचना की है। अजरबैजान के अधिकारियों और सरकारी मीडिया ने नई दिल्ली के इस कदम को दक्षिण काकेशस में अस्थिरता पैदा करने वाली युद्ध भड़काने की कार्रवाई बताया है। ये वही अजरबैजान है जो लगातार भारत के खिलाफ पाकिस्तान का साथ देता आया है। वो कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन करता है और पिछले साल मई संघर्ष के दौरान भी अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया था। इसके बाद अजरबैजान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत ने आर्मेनिया के साथ तेजी से रक्षा संबंध बनाए हैं। 2020 और 2023 के संघर्षों के बाद भारत और आर्मेनिया के संबंध काफी बढ़ गये हैं।

### एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की बढ़ी मुसीबत

**गिरफ्तारी वारंट जारी, कोर्ट ने कहा- पुलिस उन्हें क्यों नहीं ढूंढ़ पा रही**

**ग्वालियर (एजेंसी)।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया है। यह वारंट ग्वालियर की एमपी एमएलए कोर्ट की तरफ से जारी किया गया है। यह पूरा घटनाक्रम साल 2024 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा हुआ है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस को भी फटकार लगाई है।

**2024 लोकसभा चुनाव से जुड़ा है मामला**

दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतू



पटवारी भिंड जिले में पहुंचे थे। यहां उमरी इलाके में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर यह बात कही थी कि बीएसपी के प्रत्याशी देवाशीष जरारिया बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। यह बयान सामने आने के बाद देवाशीष जरारिया के चुनावी प्रतिनिधि अशोक गुप्ता ने इस बात की शिकायत उमरी थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। इसी मामले की लंबे समय से सुनवाई चल रही थी। एमपी एमएलए कोर्ट की तरफ से कई बार जीतू पटवारी को सम्मन जारी किए गए थे। लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुए।

---

• ड्रोन युद्ध और हवाई निगरानी के लिए बड़ी तैयारी शुरू

# सेना बना रही है स्पेशल 'बाज बटालियन'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना खुद को हर क्षेत्र में मजबूत कर रही है। अब ड्रोन क्षेत्र में मजबूत होने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके तहत भारत विशेष बाज बटालियन बना रहा है। भारतीय सेना अपनी निगरानी क्षमता और ड्रोन युद्ध की तैयारियों को और मजबूत करने के लिए विशेष बाज बटालियन बना रही है। ये बटालियन फ्रंटलाइन यूनिट्स को उन्नत हवाई निगरानी, सिचुएशनल अवेयरनेस और ड्रोन संचालन की सुविधा प्रदान करेंगी। सेना के सूत्रों ने बताया कि बाज बटालियन सीमा निगरानी, ड्रोन युद्ध की तैयारी, संवेदनशील इलाकों में ऑपरेशनल तैयारियों और फ्रंटलाइन यूनिट्स व




इंटेलीजेंस सिस्टम के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करेंगी। बाज बटालियन का गठन भारतीय सेना को और अधिक तकनीक-सक्षम और भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। मुख्य सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि ये बटालियन मौजूदा रिमोटली पाइल टेड एयर क्राफ्ट फ्लाइट्स पर आधारित होंगी। आरपीए व्हीकल हैं, जिन्हें रिमोट से संचालित किया जाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए की पहल

सूत्रों के अनुसार, इन बटालियनों में विशेष प्रशिक्षित जवानों का पूल होगा, जो आरपीए सिस्टम को ऑपरेट और मैनेज करेंगे। इसका उद्देश्य खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही (आईएसआर) क्षमताओं को बढ़ाना है, ताकि युद्धक्षेत्र में निरंतर नजर रखी जा सके और तेज प्रतिक्रिया दी जा सके। ये बटालियन संभवत: आर्मी एविएशन कोर के अंतर्गत काम करेंगी। सेना ने हाल के संघर्षों रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन के साथ एलएसी पर तनाव और पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए यह पहल की है। इनमें ड्रोन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई थी। जनरल द्विवेदी ने हाल ही में कहा था कि दो साल पहले भारतीय सेना के पास मात्र कुछ सौ ड्रोन थे, जो अब बढ़कर 50,000 से ज्यादा हो चुके हैं। आने वाले 2-3 वर्षों में यह संख्या और दोगुनी हो सकती है।

---

# राम मंदिर चोरी मामले में बढ़ गई एसआईटी जांच की समय-सीमा

• सीएम योगी ने बढ़ाया दायरा, 15 जुलाई तक सौंपनी होगी रिपोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या तीर्थ क्षेत्र में दान प्रकरण की जांच कर रहे



विशेष जांच दल (एसआईटी) की समय-सीमा 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन छानबीन के लिए एसआईटी ने मुख्यमंत्री से अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने एसआईटी को आगामी 15 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी का गठन करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि एसआईटी इस प्रकरण में हर पहलू की सघनता और निष्पक्षता से जांच करते हुए दूध का दूध और पानी का पानी करेगी। दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। गत 23 जून को एसआईटी के प्रमुख सदस्य लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अपना प्रारंभिक प्रतिवेदन गृह विभाग को सौंपा था, जिसमें कठोर संस्तुतियां की गई थीं। इन संस्तुतियों के आधार पर कृष्णमोहन की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई।

---

## जैन मुनि को खामेनेई के अंतिम संस्कार का न्योता

**तेहरान (एजेंसी)।** जैन संत और अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम 4 और 5 जुलाई को तेहरान में होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय की ओर से भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों को देखते हुए आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी दोनों देशों के बीच गहरे सम्मान और मित्रता का प्रतीक होगी। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अंतिम संस्कार में 1.2 करोड़ से 2 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसी वजह से पूरे तेहरान में सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर में कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी सीमित रहेगी।



---

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़

• नार्थ-ईस्ट में भारी बारिश से बन गए तबाही के हालात

**एमपी और बिहार में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई। इससे पहले कीयी पन्योर में बाढ़ में 3 लोग बह गए थे। अधिकारियों के मुताबिक 2 लोग लापता हैं। 28 जिलों के 90 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

**दिल्ली, राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंचा-** मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। देश में इस साल जून महीने में 1901 के बाद पांचवीं सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जून में सामान्य 165.3 एमएम के मुकाबले केवल 99.5 एमएम बारिश हुई, जो 39.8 फीसदी कम है। आईएमडी ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और पूरे जम्मू-कश्मीर में पहुंच सकता है। अल नीनो के असर के कारण इस साल मानसून प्रभावित है।

---

# हत्या से पहले सिया ने छीन लिया था केतन का फोन

**क्या डिलीट की चैट और कॉल? पुलिस ने सब बताया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे के हाई-प्रोफाइल केतन अग्रवाल मर्डर केस में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। बुधवार को पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या से पहले केतन की मंगेतर सिया ने उसका मोबाइल फोन कुछ समय के लिए ले लिया था। हालांकि बाद में सिया ने केतन के एक रिश्तेदार को उसका मोबाइल सौंपा दिया था। अब पुलिस इस तफ्तीश में जुटी है कि क्या सिया ने केतन के मोबाइल से कोई सुराग मिटाए थे?

**क्राइम सीन रीक्रिएशन, गेट एनालिसिस का प्लान-** रविवार को पुलिस ने सिया के साथ क्राइम सीन को रीक्रिएट किया, जहां सिया की मौजूदगी में एक डमी को चट्टान से नीचे गिराया गया। पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आज चेतन के साथ भी इसी तरह क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया, जिसमें पुलिस सह-आरोपी चेतन को किले पर ले गई। पुलिस गेट एनालिसिस करने की भी योजना बना रही है, जो किसी व्यक्ति के चलने के तरीके का वैज्ञानिक अध्ययन है। दावे को खारिज किया गया है।

### परिवार को सिया ने सौंपा था फोन

पुणे पुलिस ने पुष्टि की है कि केतन की हत्या के बाद कुछ समय तक उसका फोन सिया के पास था, लेकिन यह साफ नहीं है कि फोन के साथ कोई छेड़छाड़ की गई थी या नहीं। न्यूज एजेंसी के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने कहा, बाद में उसने केतन का मोबाइल उसके परिवार को सौंप दिया। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि जब फोन उसके पास था, तो क्या कोई अहम सबूत डिलीट किया गया या उसके साथ कोई छेड़छाड़ की गई। पुणे के लोहगढ़ किले में 26 साल के केतन अग्रवाल को कथित तौर पर सिया और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने धक्का देकर मार डाला। जांच जारी रहने तक सिया और चेतन दोनों 3 जुलाई तक पुलिस की हिरासत में हैं। सिया और केतन की सगाई फरवरी में हुई थी। दोनों की शादी इस साल नवंबर में होने वाली थी। परिवारों ने शादी में मेहमानों को ले जाने के लिए जयपुर में एक महल 17 करोड़ रुपये में बुक किया था। साथ ही दो प्राइवेट प्लेन का इंतजाम भी किया था।

---

# दिल्ली में छह लेन की द्वारका टनल को मंजूरी

• मोदी कैबिनेट ने दूर की बाधा, 6970 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को दो अहम हाइवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। इनमें दिल्ली में छह लेन की द्वारका टनल परियोजना शामिल है। साथ ही कानपुर-भोपाल के बीच कनेक्टिविटी सुधारने के लिए भी एक योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मजूरी दी गई। दिल्ली में द्वारका टनल पर 6970 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट ने एनएच-148एई से द्वारका एक्सप्रेस को जोड़ने के लिए 6 लेन की टन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी कुल लंबाई 8.1 किमी होगी और इस पर 6969.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड पर बनाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट अर्बन एक्सटेंशन रोड 2/द्वारका एक्सप्रेसवे को दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज से जोड़कर पश्चिम



और दक्षिण दिल्ली के बीच तेज कनेक्टिविटी देगा। इससे गुरुग्राम, एयरपोर्ट और पश्चिम दिल्ली से दक्षिण दिल्ली की ओर जाने वाले ट्रैफिक को फायदा होगा।

**कानपुर-भोपाल हाइवे प्रोजेक्ट-** कैबिनेट ने साथ ही उत्तर प्रदेश में एनएच-34 के कानपुर-कबराई सेक्शन को बीओटी (टोल) मोड पर 4/6 लेन वाले एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे के तौर पर बनाने की मंजूरी दी है। इसकी कुल लागत 7145.14 करोड़ रुपये होगी। यह प्रोजेक्ट कानपुर और कबराई के बीच तेज रफ्तार कनेक्टिविटी देगा। साथ ही, यह सागर, भोपाल और मध्य प्रदेश के दूसरे इलाकों के लिए आगे की कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। इससे एक आधुनिक, एक्सेस-कंट्रोल्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेगा जो उत्तर प्रदेश के इंडस्ट्रियल और कमर्शियल सेंटर्स को मध्य प्रदेश के मिनरल-रिच, मैन्युफैक्चरिंग और एग्रीकल्चरल इलाकों से जोड़ेगा और स्थिति में सुधार लाएगा।

---

## दुश्मनी खत्म करें, बातचीत और रिश्ते फिर से शुरू हों

• भारत-पाक की 117 प्रमुख हस्तियों ने मोदी-शहबाज को लिखा पत्र

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए दोनों देशों की 117 हस्तियों ने पीएम मोदी और पाक पीएम शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि टकराव नहीं, बातचीत का रास्ता चुनिए, ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके। इन 117 हस्तियों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारुक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं।




---

# बिहार में निशांत की नजरों से बचना होगा मुश्किल!

• सरकारी अस्पतालों में लगेंगे सीसीटीवी, पटना के कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता लोगों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कोशिश है कि मरीजों का इलाज जिला अस्पतालों में ही हो जाए और जरूरत पड़ने पर ही उन्हें पटना रेफर करना पड़े। मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम से अस्पतालों की निगरानी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी अस्पतालों का निरीक्षण करेंगे और अपनी टीम को भी भेजेंगे, लेकिन




तकनीक के जरिए नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था विकसित की जाएगी। अगर कहीं कोई अनियमितता पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**350 तरह की दवा देती है सरकार**

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करेगी कि डॉक्टर समय पर ड्यूटी करें और मरीजों को बेहतर इलाज मिले। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में 504 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल करीब 350 दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं और शेष दवाओं की उपलब्धता पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अस्पतालों और बाजार से दवाओं के रैंडम सैंपल लेकर उनकी नियमित जांच कराई जाए।

### मशीन खराब होने पर तुरंत सूचना दें

निशांत कुमार ने बताया कि अगर किसी अस्पताल में दवाओं की कमी हो या एमआरआई, सीटी स्केन, अल्ट्रासाउंड जैसी मशीनें खराब हों अथवा उन्हें संचालित करने के लिए तकनीशियन उपलब्ध न हों, तो इसकी तत्काल सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आवश्यक तकनीशियन उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को जांच के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### हाईवे पर तैनात रहेंगी 100 एम्बुलेंस

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने के लिए स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर करीब 100 एम्बुलेंस तैनात करने की योजना पर काम कर रही है, ताकि गोल्डन आवर के दौरान त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निशांत कुमार ने बताया कि राज्य में 11 लेवल-3 ट्रॉमा सेंटर और 5 लेवल-2 ट्रॉमा सेंटर विकसित करने की योजना पर भी काम चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कौआकोल में तीन माह से पेंशन राशि नहीं मिलने से वृद्ध,विधवा और दिव्यांग हो रहे परेशान

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि नहीं मिलने के कारण सैकड़ों वृद्ध,विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निःशक्तता पेंशन तथा विधवा पेंशन योजनाओं के लाभुक लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं,लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन एवं निःशक्त (दिव्यांग) पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि पिछले तीन माह से लाभार्थियों के खाते में नहीं पहुंची है। इससे उन लोगों की परेशानी और बढ़ गई है,जिनका जीवनयापन पूरी तरह इसी मासिक पेंशन राशि पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे वृद्ध लाभार्थी हैं,जिन्हें पेंशन नहीं मिलने के कारण दवा,भोजन और अन्य आवश्यक घरेलू खर्चों के लिए गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बेसहारा विधवाएं और दिव्यांगजन भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वहीं पेंशन भुगतान में हो रही इस अप्रत्याशित देरी से लाभार्थियों में प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर राजद नेता,वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी देवनन्दन प्रसाद यादव ने प्रशासन से जल्द से जल्द लंबित पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से आर्थिक तंगी और विभागीय उदासीनता से जूझ रहे पेंशनधारियों को शीघ्र राहत मिलनी चाहिए। परेशान पेंशनधारियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित समाज कल्याण विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नियमित रूप से समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि दाने-दाने को मोहताज हो रहे वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को आर्थिक राहत मिल सके।

### हरियाणा में हुए सड़क दुर्घटना में कौआकोल के युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी करीब 48 वर्षीय रामलखन यादव उर्फ पुरैल यादव की सड़क दुर्घटना में हरियाणा के बहादुरगढ़ में बुधवार को दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार रामलखन यादव दिल्ली में रहकर ट्रक चालक के रूप में काम करते थे। बुधवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में वाहन चलाने के दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए,जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी समेत दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। छोटी पुत्री का विवाह करीब दो माह पूर्व ही संपन्न हुआ था,जिसके बाद वे दोबारा परिवार के भरण-पोषण के लिए दिल्ली कमाने गए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं स्वजन शव को गांव लाने के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।

### कौआकोल में ट्रैक्टर-बाइक की सीधी टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कौआकोल।** प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत टीकोडीह गांव के पास बुधवार को ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के मननियातरी गांव निवासी अशोक यादव के 19 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार तथा रामविलास यादव के 15 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### 80 दिनों से नंगे पांव आंदोलन कर रहे अरविंद मिश्रा ने राष्ट्रपति से लगाई गुहार, ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग

**नवादा।** एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एवं नंगे पैर आंदोलनकारी अरविंद मिश्रा ने रेलवे विभाग की उदासीनता से व्यथित होकर भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को पत्र भेजकर ओडो रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में अरविंद मिश्रा ने कहा है कि नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित दानापुर मंडल के राजगीर–तिलैया रेलखंड पर अवस्थित ओडो रेलवे स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है। जबकि इस रेलमार्ग से प्रतिदिन कई एक्सप्रेस ट्रेनें गुजरती हैं। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए राजगीर या तिलैया जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी और अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जनता की इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने 14 अप्रैल, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर संकल्प लिया था कि जब तक ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक वे जूता-चप्पल नहीं पहनेंगे। इस निर्णय की सूचना उन्होंने रेलवे प्रशासन, जिला प्रशासन, सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी दी थी। अरविंद मिश्रा ने कहा कि पिछले 80 दिनों से भीषण गर्मी में नंगे पांव चलकर वे रेलवे विभाग और जनप्रतिनिधियों का ध्यान जनसमस्या की ओर आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने डीआरएम दानापुर, केंद्रीय रेल मंत्री, सांसद और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार पत्र भेजे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने इसे गरीब और आम जनता के साथ अन्याय बताया। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि नवादा के सांसद विवेक ठाकुर तथा विधायक विभा देवी ने भी रेल मंत्री और डीआरएम को ओडो स्टेशन की समस्याओं के संबंध में पत्र लिखा है, लेकिन इसके बावजूद कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराने के साथ-साथ स्टेशन पर ओवरब्रिज, अंडरपास, शौचालय, पेयजल एवं यात्री शेड जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के लिए रेल मंत्रालय को आवश्यक निर्देश दें। अरविंद मिश्रा ने कहा कि उनका नंगे पांव चलना किसी विभाग को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था को जनहित के प्रति जागरूक करने का एक गांधीवादी और शांतिपूर्ण प्रयास है।

### समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह ने सड़क दुर्घटना में मृत सिद्धार्थ के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**नरहट।** प्रखंड के रामपुर गांव पहुंचकर समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. अनुज सिंह ने सड़क दुर्घटना में मृत सिद्धार्थ के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत की मां और बहन को ढांढस बंधाते हुए मॉडर्न ग्रुप की ओर से 50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग और बहन की शिक्षा में मदद का भरोसा दिलाया।

गौरतलब है कि सिद्धार्थ की 24 जून को राजगीर के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह अपनी बहन की 29 जून को होने वाली शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने गया था। एक वर्ष पूर्व उसके पिता का भी निधन हो चुका था। डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों का साथ देना समाज का दायित्व है। इस दौरान पारस कुमार, पूर्व मुखिया महेश कुमार सिंह सहित कई ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# रजौली में जैव विविधता प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित, ग्रामीणों को दिए संरक्षण के गुर

**वन प्रमंडल नवादा के सौजन्य से छपरा पंचायत भवन में हुआ आयोजन, 200 रुपये भत्ता के साथ बांटी गई सामग्री**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** वन प्रमंडल नवादा के सौजन्य से बुधवार को रजौली प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रजौली पश्चिमी के पंचायत सरकार भवन छपरा में जैव विविधता प्रबंधन समिति की जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रजौली, सिरदला और जिले के विभिन्न समिति सदस्यों को जैव विविधता प्रबंधन के गुर सिखाए गए। कार्यशाला में राज्य स्तरीय जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य डिप्टी डायरेक्टर मिहिर कुमार झा, अमरेश बिहारी झा और हेम कांत राय विशेष रूप से शामिल हुए। इनके अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी नवादा कृष्णा श्रेष्ठ, केवीके सिखोदौरा के कृषि वैज्ञानिक, मत्स्य पालन पदाधिकारी, पशु चिकित्सक डॉ. अभय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजौली इंद्रजीत कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रजौली हरिमोहन कुमार, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी रजौली नारायण लाल सेवक के साथ सभी फॉरेस्टर और वन रक्षी कर्मी मौजूद रहे।



कार्यशाला के दौरान पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण

कार्यशाला में रजौली पश्चिमी ग्राम पंचायत की जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य गण के साथ-साथ रजौली, सिरदला और जिला से आए अन्य समिति सदस्यों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने जैव विविधता के संरक्षण, स्थानीय वनस्पतियों-जीवों की पहचान, पीपल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर (PBR) बनाने, वनों के संरक्षण और सतत विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने जैविक खेती और स्थानीय बीजों के संरक्षण पर जोर दिया। मत्स्य व पशु चिकित्सा अधिकारियों ने जलीय और पशु जैव विविधता के महत्व को समझाया।

आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला में आए सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की गई थी। साथ ही एक सुंदर झोले में जैव विविधता से संबंधित मटेरियल और कलम भी दिया गया। प्रतिभागियों को आने-जाने के लिए 200 रुपये प्रति सदस्य भत्ता भी दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आए सदस्यों को काफी सहूलियत हुई।

**डीएफओ ने बताया कार्यशाला का उद्देश्य :-** वन प्रमंडल पदाधिकारी कृष्णा श्रेष्ठ ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत हर पंचायत में जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन अनिवार्य है। इन समितियों का मुख्य काम स्थानीय जैव संसाधनों का दस्तावेजीकरण और उनके संरक्षण की योजना बनाना है। कार्यशाला का उद्देश्य जमीनी स्तर के सदस्यों को उनके अधिकार और कर्तव्यों से अवगत कराना था, ताकि गांव स्तर पर जैव विविधता को बचाया जा सके। कार्यशाला में शामिल सदस्यों ने आयोजन को बहुत सुंदर और प्रभावशाली बताया। रजौली पश्चिमी के समिति अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार इतनी बारीकी से जैव विविधता के बारे में समझने का मौका मिला। अब हम अपने पंचायत का पीबीआर रजिस्टर बेहतर तरीके से बना पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों और सदस्यों ने जैव विविधता संरक्षण की शपथ भी ली।

## अपर समाहर्ता एवं मद्यनिषेध अधीक्षक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला अतिथि गृह में अपर समाहर्ता, नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी के स्थानांतरण तथा मद्यनिषेध अधीक्षक, नवादा श्री अरुण कुमार मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश ने डॉ. अनिल कुमार तिवारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्वों का अत्यंत कुशलता, दक्षता एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। जिला पदाधिकारी ने मद्यनिषेध अधीक्षक श्री अरुण कुमार मिश्रा के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। विभागीय कार्यों के सफल संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सेवानिवृत्ति उपरांत उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।



अपने संबोधन में डॉ. अनिल कुमार तिवारी एवं श्री अरुण कुमार मिश्रा ने जिला पदाधिकारी, सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवादा में कार्य करने का अनुभव अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायी रहा। यहाँ सभी का जो सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता प्राप्त हुई, वह सदैव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, स्थापना शाखा प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में रसोईया के रिक्त पदों नियोजन को लेकर होगा साक्षात्कार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,सर्व शिक्षा अभियान, नवादा सुश्री वर्षा ए. ने बताया कि राज्य कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना तथा जिला नियोजन समिति की दिनांक 01.07.2026 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में नवादा जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मुख्य रसोइया एवं सहायक रसोइया के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

साक्षात्कार जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा के कार्यालय सभागार में प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत् है—

06 जुलाई, 2026 – मुख्य रसोइया पद हेतु सूची क्रमांक 01 से 22 तक के अभ्यर्थी।

07 जुलाई, 2026 – सहायक रसोइया पद हेतु सूची क्रमांक 01 से 35 तक के अभ्यर्थी।

08 जुलाई, 2026 – सहायक रसोइया पद हेतु सूची क्रमांक 36 से 67 तक के अभ्यर्थी।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों तथा अपने आवेदन-पत्र के साथ सभी मूल प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक अभिलेख लेकर आएँ।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, मैट्रिक अंक-पत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र, विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (05वीं/08वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु), आरक्षण से संबंधित प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं विस्तृत कार्यक्रम नवादा जिले की वेबसाइट (nawada.nic.in) तथा शिक्षा विभाग की वेबसाइट (www.bepnawada.org) पर प्रकाशित कर दिया गया है। अभ्यर्थी वहाँ से अपने साक्षात्कार की तिथि, समय एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द के सपनों का भारत बनाना हमारा दायित्वः मुन्ना प्रसाद

- **भारत विकास परिषद 27 जून से 10 जुलाई तक मनाएगा सेवा पखवाड़ा, होंगे कार्यक्रम**
- **योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द के महापरिनिर्वाण पर सशक्त भारत बनाने का होगा आह्वान**
- **विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को सेवा, संस्कार और समर्पण की मिलेगी सीख, होगा कार्यक्रम**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादाः** नवादा नगर के स्टेशन रोड स्थित भारत विकास परिषद सदस्य सतीश कुमार के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। भारत माता और उनके सन्यासी योद्धा पुत्र स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम को आरंभ दिया गया। भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। जल और जंगल है, तभी जीवन है। मनुष्य भौतिकवाद में फंसकर अपने पर्यावरण को प्रदूषित और क्षरित करते जा रहा है। बालक-बालिकाओं और किशोर-किशोरियों को प्रकृति और उसके महत्व से अवगत कराना हम सबका कर्तव्य होना चाहिए। मंगलवार की देर रात आयोजित भारत विकास परिषद की बैठक में जिलाध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला में भावी पीढ़ी को प्रेरित करने पर बल दिया। इसके पूर्व आगंतुक पदाधिकारियों और सदस्यों का बालक-बालिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारत विकास परिषद की नवादा शाखा इकाई 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाएगी। इसी क्रम में भारत के वीर योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानन्द के महापरिनिर्वाण चार जुलाई को विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के पौधरोपण किया जाएगा। परिषद के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि भारत विकास परिषद के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश को जन्म 27 जून 1920 को हुआ था, उनके जन्म दिवस से लेकर 10 जुलाई तक परिषद अपना अभियान चलाएगा। इस कड़ी में प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल में किशोरियों को स्वास्थ्य संवर्द्धन विषय पर चिकित्सक और योग प्रशिक्षक जागरूक करेंगे। प्रमंडलीय पदाधिकारी डा. मनोज कुमार बरनवाल ने कहा कि जिला स्तर पर संगठन सशक्त और सुदृढ़ हो, इसको लेकर नियमित अंतराल पर कार्यक्रमों की निरंतरता बनी रहें। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, गुरु तुलसी दयाल, अभय कुमार श्रीवास्तव, केपी मगहिया, भोला प्रसाद, सत्येन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार, कुमार गौरव, अजीत कुमार, मनमोहन कृष्ण समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें।



## तीन दिन से बिजली ठप, ग्रामीणों ने भलुआही बाजार में किया सड़क जाम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के भलुआही बाजार में बिजली समस्या को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार तीन दिनों से ट्रांसफॉर्मर जले रहने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने कौआकोल-रोह मुख्य पथ को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिनों से ट्रांसफॉर्मर जले होने के कारण इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित है,जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को विभाग की ओर से ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए नया ट्रांसफॉर्मर पहुंचा,लेकिन उसमें तकनीकी खामियां बताकर ग्रामीणों लगाने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड पड़ने से बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। सड़क जाम होने से काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा। इधर विद्युत जेई अनीश कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत पर विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए लाया गया। परन्तु ग्रामीणों के विरोध के कारण नहीं लगाया जा सका।

## सोलर एजेंसी का मिस्त्री बिजली लगने से घायल अस्पताल में इलाज के बाद नवादा रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली ।** रजौली मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर के समीप बिजली के ट्रांसफार्मर लगे खम्भे पर काम कर रहे सोलर एजेंसी का एक मिस्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल बिजली मिस्त्री को इलाज हेतु बिजली विभाग के कर्मियों द्वार अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद एवं डॉ. मो. बरकत अली ने बताया कि घायल बिजली मिस्त्री की पहचान झारखंड के जामताड़ा जिला निवासी सचिन यादव के 24 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। बिजली मिस्त्री का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में सहकर्मियों ने बताया कि घायल बिजली मिस्त्री मनोज कुमार सूर्यम इंटरनेशल प्राइवेट लिमिटेड नामक सोलर एजेंसी में कार्यरत है। सोलर एजेंसी के तार और बिजली विभाग के तार के क्रॉसिंग करने पर बिजली विभाग से शटडाउन लेकर काम कर रहा था। इसी बीच करंट लगने से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी भी मिस्त्री का हाल चाल लेने अस्पताल परिसर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिजली मिस्त्री का इलाज चल रहा है,फिलहाल वो खतरे से बाहर है।


अस्पताल परिसर में घायल बिजली मिस्त्री

इस संबंध में बिजली विभाग रजौली के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बिजली विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है।

## रजौली में जनगणना 2027 के पायलट प्रोजेक्ट का प्रशिक्षण शुरू

- **3 पंचायतों में गुरुवार से स्वगणना**
- **96 प्रगणक व 17 पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण, बारिश से जलजमाव बना मुसीबत**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली ।** भारत की जनगणना 2027 के लिए जनसंख्या परिगणना के पूर्व परीक्षण को लेकर रजौली मध्य विद्यालय में बुधवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत रजौली में 96 प्रगणकों एवं 17 पर्यवेक्षकों को जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक अंगद सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय से सहायक निदेशक अंगद सिंह के साथ एसआई-1 संदीप कुमार, एसआई-2 प्रताप सिन्हा और चार्ज अधिकारी सह बीडीओ संजीव झा मौजूद रहे। इस दौरान जनगणना विभाग के संयुक्त निदेशक गोपाल साह ने भी प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 से पहले देश के चुनिंदा इलाकों में ट्रायल किया जा रहा है। रजौली को भी पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। यहां मिले फीडबैक के आधार पर मुख्य जनगणना में सुधार किया जाएगा। प्रगणकों को मोबाइल ऐप और कागजी प्रक्रिया दोनों की ट्रेनिंग दी जा रही है।

**गुरुवार से 3 पंचायतों में शुरू होगी स्वगणना :-** बीडीओ संजीव झा ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद रजौली के तीन पंचायतों जोगियामारण, सिरोडावर एवं चितरकोली में स्वगणना का कार्य गुरुवार से शुरू कर दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इन पंचायतों में जनगणना का ट्रायल किया जाएगा, ताकि 2027 की मुख्य जनगणना में कोई परेशानी न हो।

**बारिश से प्रशिक्षण स्थल में भरा पानी :-** बुधवार दोपहर हुई तेज बारिश के कारण मध्य विद्यालय परिसर में जलजमाव हो गया, जिससे प्रशिक्षण में दिक्कत आई। बीडीओ संजीव झा ने जलजमाव दूर करने के लिए नगर पंचायत से पानी खींचने वाला यंत्र मंगवाया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। बीडीओ ने कहा कि जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। प्रशिक्षण कार्य बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी देखी जा रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कस्टडी से फरार नाबालिग की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, राहगीर से 40 हजार झपटने के बाद पकड़ा गया था

**गयाजी।** गयाजी में सोमवार को 13 साल का आरोपी पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया था। उसकी लाश गया-डीडीयू रेलखंड के प्रभुआ गांव के पास मिली थी। दरअसल, दखनेर गांव के रहने वाले निवास सिंह मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में पैसे जमा करने गए थे। इसी दौरान एक नाबालिग बड़ी चालाकी से निवास सिंह के झोले को ब्लेड से काटकर उसमें रखे 100-100 के 4 बंडल (करीब 40 हजार रुपए) उड़ा लिए और भागने लगा। हालांकि, निवास सिंह ने उसे पकड़ लिया था और परैया पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ कर स्थानीय चोरों और झपटमारों के बड़े गैंग का खुलासा करने की तैयारी में थी। पुलिसकर्मियों को नाबालिग की खोजबीन करनी शुरू कर दी। पुलिस ने कई जगहों पर उसकी तलाश की। इसी दौरान प्रभुआ गांव के पास रेल पटरी पर एक बच्चे की लाश मिली। पुलिस ने नाबालिग की पहचान आरोपी के रूप में की। अब सवाल उठ रहा है कि थाने में संतरी और मंशी की नजरों से बचकर नाबालिग कैसे दीवार फांदकर भाग गया। टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल और सर्किल इंस्पेक्टर खुद परैया थाना पहुंचकर मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पुलिस कस्टडी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लापरवाही बरतने वाले जवानों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। एसडीपीओ सुशांत चंचल ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस मामले जांच की जा रही है।

### अवैध खनन से किशोर की मौत, मिट्टी में दबकर मौत, ग्रामीणों ने निकाली नाबालिग की लाश



**नालन्दा।** नालंदा में बुधवार को मिट्टी में दबकर 16 साल के किशोर रौशन चौधरी की मौत हो गई। जहां हादसा हुआ वहां अवैध रूप से बालू खनन हो रहा था। घटना के पाद ट्रैक्टर चालक और अन्य लोग फरार हो गए। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के दरियासराय मुसहरी गांव निवासी मनोज चौधरी के बेटे रौशन चौधरी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नदी से ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लोड किया जा रहा था। इसी दौरान बालू का एक विशाल हिस्सा (धसान) अचानक रौशन के ऊपर आ गिरा, जिससे वह मलबे के नीचे दब गया। बाद में ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक किशोर ने दम तोड़ दिया था। घटना गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत महमदपुर गांव की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में लंबे समय से अवैध बालू का कारोबार फल-फूल रहा है। नदी से बालू निकालने के बाद ट्रैक्टरों को ग्रामीण सड़कों से होकर गुजारा जाता है, जिससे सड़कें पूरी तरह बदहाल हो चुकी हैं। प्रशासन की अनदेखी के कारण आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। हादसे का शिकार हुआ रौशन चार भाई-बहनों में था। उसके पिता उत्तर प्रदेश में रहकर ताड़ के पेड़ पर चढ़ने का काम करते हैं। घटना की सूचना पाकर गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध बालू खनन से जुड़ा हुआ पाया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना के समय मौके पर कौन-सा ट्रैक्टर मौजूद था और वह किसका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजन फिलहाल पोस्टमॉर्टम कराने के पक्ष में नहीं हैं, जिन्हें पुलिस प्रशासन समझा रहा है।

### सिगरेट पीने के विवाद में दो दोस्तों के बीच विवाद, कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट

**नालन्दा।** बिहार शरीफ शहर के बिहार थाना अंतर्गत बैगनाबाद मोहल्ले में मंगलवार की देर रात सिगरेट पीने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चल गए। मिली जानकारी के अनुसार, बैगनाबाद में दोस्तों के बीच सिगरेट पीने को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गई। मारपीट बैगनाबाद निवासी राधे और मोहम्मद काशिफ के बीच हुई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने अपने-अपने समर्थकों को मौके पर बुला लिया। झड़प में बैगनाबाद निवासी मोहम्मद ख्वाब इस्लाम का बेटा मोहम्मद काशिफ गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि झड़प में अन्य लोग भी घायल हुए हैं जो पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए अंडरग्राउंड हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक और शहर के अन्य थानाध्यक्ष भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपद्रवियों को खदेड़ा और घायल काशिफ को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त दो लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशील इलाके में जवानों को कैंप करने का निर्देश दिया है। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के नाम पर 3 करोड़ की ठगी मामला,आरोपी अरेस्ट, फर्जी 'जितेंद्र' बनकर एग्रीमेंट किया था

**नालंदा।** नालंदा में जमीन के नाम पर 3 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने फर्जी जमीन मालिक बनकर एग्रीमेंट कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर असली जमीन मालिक की जगह खुद को 'जितेंद्र प्रसाद' बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपये की ठगी कराई। मामले का खुलासा तब हुआ, जब जमीन की नापी के दौरान असली मालिक दिल्ली में मिले और उन्होंने जमीन बेचने से इनकार कर दिया। लहेरी थाना पुलिस ने जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने कतरीसराय के पलटपुर निवासी शीतल प्रसाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने मुख्य आरोपी नीतीश कुमार उर्फ डब्लू के साथ मिलकर फर्जी 'जितेंद्र' बनकर जमीन का एग्रीमेंट करवाया था। 'पाल इलेक्ट्रिक' के मालिक बीरेंद्र प्रसाद ने लहेरी थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी (कांड संख्या- 79/26) में बताया है कि 'जॉन डियर' ट्रैक्टर शोरूम के मालिक नीतीश कुमार ने उन्हें सिपाह मौजा में 10 डिसमिल जमीन बेचने का झांसा दिया था। इसके लिए नीतीश ने एक फर्जी व्यक्ति को असली मालिक 'जितेंद्र प्रसाद' के तौर पर पेश किया और नकली पहचान-पत्र के जरिए 3 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित को ठगी का अहसास तब हुआ जब 14 फरवरी 2026 को जमीन की नापी के दौरान पता चला कि असली मालिक दिल्ली में हैं और उन्होंने कोई जमीन नहीं बेची है। इसके बाद हुई पंचायत में मुख्य आरोपी नीतीश ने पैसे लेने की बात तो कबूली, लेकिन चालाकी से उसे जमीन की रकम के बजाय 'कर्ज' दर्शाने की कोशिश की। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शीतल प्रसाद ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि मुख्य आरोपी नीतीश के कहने पर केवल 10 हजार रुपये के प्रलोभन में उसने खुद को जमीन का मालिक बताते हुए एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए थे। आरोपी का बयान न्यायालय में भी दर्ज करा दिया गया है। पीड़ित बीरेंद्र प्रसाद का दावा है कि नीतीश कुमार एक शातिर गिरोह का संचालन करता है। उसने इसी तरह की ठगी अन्य लोगों के साथ भी की है। इसके अलावा, आरोपी पर खाटू श्याम बाबा मंदिर निर्माण के चंदे की राशि गबन करने और साल 2010-12 के दौरान बीमा राशि ऐंठने के लिए अपने ही शोरूम में आग लगाने जैसे गंभीर आरोप भी हैं। फिलहाल लहेरी थाना पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# 50 हजार का इनामी बदमाश अरेस्ट, ग्रीन फील्ड फोरलेन डकैती कांड का था मुख्य आरोपी

**एक साल से था फरार**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी जिला पुलिस की विशेष टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए जिले के टॉप-10 कुख्यात बदमाशों की सूची में शुमार और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस लंबे समय से इस शातिर अपराधी की तलाश कर रही थी। इस बात की जानकारी एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने दी। डीएसपी सुनील कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएसपी के कड़े निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में बदमाशों के खिलाफ एक विशेष रणनीति तैयार की गई थी। इसी कड़ी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ) वजीरगंज के नेतृत्व में एक हाई-लेवल स्पेशल टीम का गठन किया गया था। इस विशेष टीम में मुफस्सिल थाना पुलिस के बहादुर जवानों के साथ-साथ तकनीकी शाखा के एक्सपर्ट्स को भी शामिल किया गया था, जो लगातार आरोपी की टोह में जुटे थे।

**पुलिस को देख भागने लगा था बदमाश, घेराबंदी कर दबोचा:** डीएसपी सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम मुखबिरों और आधुनिक तकनीकी माध्यमों के जरिए लगातार अमित कुमार की हर गतिविधि और उसके संभावित ठिकानों पर पैनी नजर रख रही थी। इसी बीच पुलिस की तकनीकी शाखा को पुख्ता गुप्त सूचना मिली कि 50 हजार का इनामी अमित कुमार किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने या छिपने



के इरादे से मानपुर के बंधुआ गुमटी के पास मंडरा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने देरी किए बगैर जाल बिछाया और इलाके की सख्त घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस बल को अचानक अपने सामने देखकर शातिर अमित कुमार ने भागने की पुरजोर कोशिश की और गलियों की तरफ दौड़ पड़ा, लेकिन पहले से ही मुस्तैद सशस्त्र बल के जवानों ने फुर्ती दिखाते हुए उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया।

**होमगार्ड अभ्यर्थियों से पिस्टल की नोंक पर की थी डकैती:** एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुफस्सिल थाना कांड संख्या 502/25 का मुख्य और वांछित आरोपी था। घटना का जिक्र करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 28 मई 2025 को ग्रीन फील्ड फोरलेन बाईपास के पास एक बेहद खौफनाक डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। वहां इस गैंग ने होमगार्ड बहाली परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल होने जा रहे सीधे-साधे युवकों को अपना निशाना बनाया था। अपराधियों ने पिस्टल के बल पर युवकों को जबरन रास्ते में रोका और जान से मारने की धमकी देकर उनके महंगे मोबाइल फोन, सोने का लॉकेट, मोटरसाइकिल और जेब में रखे सारे कैश लूट लिए थे। पुलिस ने मामले की गहनता से वैज्ञानिक जांच की, तो इस पूरी वारदात में अमित कुमार की मुख्य संलिप्तता उजागर हुई। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था।

**आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी पुलिस:** पुलिस के हत्थे चढ़े इस कुख्यात आरोपी की पहचान रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गेवाल बिगहा समीर तकिया निवासी छोटु राम के बेटे अमित कुमार के रूप में की गई है। गया पुलिस अब उसके अन्य आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है कि उसने इसके अलावा किन-किन थानों के क्षेत्रों में लूट, डकैती या रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि इस कांड में शामिल कुछेक अपराधी पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। अमित के अन्य साथियों को भी चिन्हित कर लिया गया है और फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे गैंग को जेल भेज दिया जाएगा।

# हिलसा अनुमंडल कार्यालय में विजिलेंस का छापा प्रधान सहायक-सहयोगी 22 हजार घूस लेते गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार की शाम एक बार कार्रवाई की है। निगरानी की टीम ने अनुमंडल कार्यालय की विधि शाखा के प्रधान सहायक नीलम चौधरी और उनके सहयोगी प्राइवेट मुंशी सुनील कुमार को 22,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अनुमंडल कार्यालय में रिश्वतखोरी की शिकायतें काफी समय से मिल रही थीं। इसी क्रम में एक मामले के निपटारे के बदले प्रधान सहायक की ओर से रुपये की मांग की गई थी।



**सत्यापन के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया:** पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग को की। शिकायत के सत्यापन के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही कार्यालय में संबंधित कर्मचारी ने रिश्वत की राशि ली, पहले से घात लगाकर बैठी निगरानी की टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ पूछताछ के लिए पटना ले जाने की तैयारी में है।

**क्या था पूरा मामला?:** निगरानी विभाग के अनुसंधानकर्ता डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि दिलीप नारायण सिंह नामक व्यक्ति ने 19 जून 2026 को निगरानी थाना, पटना में परिवाद दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता का हिलसा अनुमंडल कार्यालय में वाद संख्या 433 M/2022 के तहत एक सिविल डिस्प्यूट का मामला चल रहा था। आरोप है कि अपने पक्ष में फैसला करवाने के लिए प्रधान सहायक नीलम चौधरी ने उनसे रिश्वत की मांग की थी। परिवादी का कहना था कि नीलम चौधरी अपने प्राइवेट मुंशी सुनील के माध्यम से पैसे वसूल रहा था।

**सत्यापन के बाद बिछाया जाल:** शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वतखोरी की पुष्टि हुई। इसके बाद निगरानी थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज किया गया। बुधवार को निगरानी विभाग की टीम ने एक धावा दल का गठन किया और अनुमंडल कार्यालय में जाल बिछाया। जैसे ही परिवादी ने नीलम चौधरी के निर्देश पर उनके प्राइवेट मुंशी सुनील को 22,000 रुपये दिए, टीम ने दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया। बताया जा रहा है कि रिश्वत की इस राशि में से 20,000 रुपये प्रधान सहायक के लिए और 2,000 रुपये मुंशी के लिए निर्धारित थे।

**वॉयस रिकॉर्डिंग बनी सबूत:** निगरानी विभाग ने इस पूरी कार्रवाई के दौरान बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी की है, जिसमें प्रधान सहायक द्वारा पैसे लेने का निर्देश दिया गया था। इसी पुख्ता सबूत के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। टीम में निगरानी विभाग के इंस्पेक्टर भी शामिल थे।

इस कार्रवाई के बाद से हिलसा अनुमंडल कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक चर्चा है। फिलहाल पुलिस टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ पूछताछ के लिए पटना ले गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# अटेंडेंस को लेकर भिड़े संस्कृत विभाग के दो प्रोफेसर




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी कॉलेज के संस्कृत विभाग के दो शिक्षक अटेंडेंस बनाने को लेकर आपस में भिड़ गए। जिसका वीडियो भी सामने आया है। आरोप है कि पुरुष शिक्षक ने महिला शिक्षिका को कथित तौर पर पीटने के लिए हाथ में छड़ी लेकर खदेड़ दिया, जिसके बाद महिला शिक्षक ने एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना बुधवार की है। संस्कृत विभाग में अटेंडेंस बनाने को लेकर महिला शिक्षिका संगीता आर्य और पुरुष शिक्षक शिवाजी पांडेय के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर शिक्षक शिवानंद पांडेय हमलावर हो गए और उन्होंने संगीता आर्य की तरफ दौड़ लगा दी। खौफजदा शिक्षिका ने भागकर खुद को एक कमरे में कैद कर लिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद भी शिक्षक का गुस्सा शांत नहीं हुआ और वह कमरे के दरवाजे पर लात मारकर उसे तोड़ने की कोशिश करता रहा। अंदर फंसी शिक्षिका खुद को बचाने के लिए शोर मचाती रही। इस दौरान एक कॉलेज कर्मी आपा खो बैठे। वो शिक्षक पकड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं। वहीं शिक्षिका भय के मारे शोर मचाते हुए सुनाई पड़ रही हैं।

**शिक्षिका के आरोप- अटेंडेंस शीट फाड़ देते हैं, जूनियर होकर बने एचओडी:** पीड़ित शिक्षिका संगीता आर्य ने अपने सहयोगी शिवाजी पांडेय पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पांडेय अक्सर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। उन्हें बैठने के लिए न तो कुर्सी दी जाती है और अटेंडेंस शीट भी छिपा दी जाती है। शिक्षिका का आरोप है कि अगर वह किसी तरह अपनी अटेंडेंस भरकर जमा भी करती हैं, तो शिवाजी उसे फाड़ देते हैं। विवाद की असली जड़ पद और सीनियरिटी को भी बताया जा रहा है। संगीता आर्य का दावा है कि वह शिवाजी पांडेय से सीनियर हैं। लेकिन उनके जूनियर शिवाजी को विभाग का एचओडी बना दिया गया है जिसका प्रमाण भी उनके पास मौजूद है। शिक्षिका का आरोप है कि इसी वजह से उन्हें लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शिक्षिका संगीता आर्य के मुताबिक पूर्व में भी कॉलेज के प्रशासनिक भवन के बाहर शिवाजी पांडेय ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। इसकी शिकायत कॉलेज के प्रिंसिपल से लेकर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति तक की गई। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार की घटना के बाद दहशत में आई शिक्षिका न्याय की गुहार लगाने सीधे मगध यूनिवर्सिटी पहुंच गईं। वह पूरी घटना की जानकारी कुलपति को देना चाहती थींय लेकिन उनके उपस्थित न होने के कारण उन्होंने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को लिखित में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन के अगले कदम और जांच का इंतजार है।

# डॉक्टरों ने मनाया डॉक्टर्स-डे, कहा- मरीजों की सेवा पहला धर्म, 2 अगस्त को होगा भव्य जिला सम्मेलन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में डॉक्टर्स-डे के मौके पर ग्रामीण चिकित्सा रोग समन्वय समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर डॉक्टर्स डे मनाया गया। एक दूसरे का फूल माला के साथ स्वागत किया गया। साथ ही ग्रामीण चिकित्सकों का समाज के प्रति योगदान की चर्चा की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों और विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने और आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने डॉक्टरों और ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर समाज का सेवक होता है, वह पैसा लूटने के लिए नहीं है।



मरीज के पास पैसा हो या नहीं फिर हमारे साथी डॉक्टर बेहतर सेवा उपचार देते हैं। ग्रामीण चिकित्सक शुरुआत से ही बिना किसी स्वार्थ के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। डॉक्टर डे के मौके पर यही निवेदन है कि इसी सेवा भाव के साथ लोगों का भविष्य में भी इलाज किया जाए। मरीज के पास पैसा हो या न हो। हमारा पहला धर्म उसकी सेवा करना है।

**2 अगस्त को मनेगा विजय उत्सव महासम्मेलन:** जब ग्रामीण चिकित्सक निस्वार्थ भाव से जनहित में काम करेंगे, तभी एक स्वस्थ बिहार और स्वस्थ देश का निर्माण संभव हो पाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से एक बड़ा निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि 2 अगस्त को जिला स्तरीय विजय उत्सव महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महासम्मेलन के लिए स्थान का चयन भी कर लिया गया है।

कार्यक्रम हरिदास सेमिनरी स्थित ऑडिटोरियम आर्ट गैलरी में आयोजित होगा। महासम्मेलन में गया जिले के तमाम ग्रामीण चिकित्सक शामिल होंगे जो लगातार ग्रामीण इलाकों में अपनी निस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं। विनोद कुमार ने सभी चिकित्सकों को एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# गया कॉलेज में रोटरी क्लब की पहल, बच्चों ने लगाए पौधे, कहा- सिर्फ फोटो नहीं खिचाएंगे, देखभाल भी करेंगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

गयाजी। रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी की 1 जुलाई से नए रोटरी सील की शुरुआत हुई है। इस दिन क्लब की ओर से गया कॉलेज खेल परिषद स्थित आर्चरी क्लब परिसर में एक व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की सबसे अच्छी बात यह रही कि इसमें केवल क्लब के सदस्यों ने ही नहीं, बल्कि आर्चरी क्लब के खेल प्रशिक्षकों और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधे लगाए।

**सिर्फ पौधा लगाना नहीं, बड़ा करना है मकसद:** रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी की अध्यक्ष महजबीन नेशात अंजुम ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि 1 जुलाई हमारे रोटरी परिवार के लिए एक नए साल की शुरुआत है। इस मौके पर हमने यह ठान लिया है कि हम सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए पौधे नहीं लगाएंगे, बल्कि उनकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने साफ कहा कि इन पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी, ताकि ये सुरक्षित बड़े हो सकें



और पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान दे सकें। अध्यक्ष ने इसे अपने कार्यकाल का पहला प्रोजेक्ट बताते हुए वादा किया कि आने वाले समय में शहर के अलग-अलग इलाकों में ऐसे और भी अभियान चलाए जाएंगे।

**ग्लोबल वार्मिंग और मौसम के बदलते मिजाज पर चिंता:** अंजुम ने लगातार बढ़ रही गर्मी और पर्यावरण संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जंगलों की अंधाधुंध कटाई से परेशान है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इस बार जून के महीने में भी सामान्य बारिश नहीं हुई। यह इस बात का संकेत है कि हमारा मौसम और जलवायु तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे संकट के समय में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना और उन्हें बचाना हम सबकी सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि पर्यावरण को बचाने के इस काम को एक जनआंदोलन का रूप दें।

**बच्चे बनेंगे पर्यावरण के नए दूत:** इस अभियान में शामिल आर्चरी क्लब के छोटे-छोटे बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। यह आर्चरी क्लब रोटरी द्वारा ही स्थापित किया गया है, जहां अलग-अलग स्कूलों के बच्चे तीरंदाजी सीखते हैं और कई मेडल भी जीत चुके हैं। कार्यक्रम में इन बच्चों को पौधों की अहमियत समझाई गई, ताकि वे आगे चलकर पर्यावरण संरक्षण के दूत बन सकें। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों और बच्चों ने मिलकर यह शपथ ली कि वे न सिर्फ और पौधे लगाएंगे, बल्कि प्रकृति की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

**अदालतीय नोटिस का गजट**

**न्यायालय में,**
**श्रीमान भूमि सुधार उपसमाहर्ता**
**दाउदनगर, औरंगाबाद (बिहार)**

**दाखिल खारीज अपील वाद सं0- 301/2025-26**

**अपीलार्थी : 1. गोपाल कृष्ण सिंह, पिता स्व0 रविन्द्र कुमार सिंह, निवासी ग्राम+पो0-बधोई, थाना- हसपुरा, जिला - औरंगाबाद (बिहार)**

**बनाम**

**उतरवादीगण : अंचल अधिकारी, हसपुरा एवं वगैरह**

**नोटिस**

1. अंचल अधिकारी, हसपुरा, औरंगाबाद (बिहार)
2. राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा उर्फ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता - स्व0 शिवनन्दन सिंह
3. अमृतराज, पिता - स्व0 अखिलेश्वर सिंह, दोनो निवासी- ग्राम+पो0-बधोई, थाना-हसपुरा, अंचल-हसपुरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार)

इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोग को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वर्णित दाखिल खारिज अपील दायर किया गया है जिसमें आपलोग को न्यायालय से निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है। परन्तु आपलोग उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए है। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगो को सूचित किया जाता है कि दिनांक **23/07/26 को समय -12:30 बजे** आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवंक्ता के माध्यम से उक्त वाद मे उपस्थित होकर उचित पैंरवी करें अन्यथा आपलोगो के विरुद्ध उक्त वाद मे **एकपक्षीय कारवाई की जायेगी।**

**इसे अंतिम सूचना एवं ताकिद समझें।**

**जारी दिनांक : 30.06.2026**
**(न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित जारी)**

# संक्षिप्त समाचार

## दस लीटर शराब बरामद, पति पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज

**राजपुर--** स्थानिय पुलिस ने विगत मंगलवार को देर रात गश्ती के दौरान मंगरवलिया हाई स्कूल के समीप बीबीगंज टोला से दस लीटर देशी शराब बरामद किया.मामले में कारवाई करते हुए पुलिस ने पति एवं पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज किया है. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान बीबीगंज टोला निवासी पति पत्नी विश्वनाथ पासवान उर्फ बिगू पासवान एवं उषा देवी द्वारा दो पॉलिथिन में रखकर दस लीटर शराब ले जाया जा रहा था.पुलिस को देखते हीं दोनों शराब को सड़क पर फेंककर भाग गये.मामले में दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है.

## जमीनी विवाद में मारपीट के आरोप में तीन सगे भाई गिरफ्तार,न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**दिनारा /रोहतास :** दिनारा पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने दी उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सैंसड़ के समीप स्थित लोहाडीह निवासी नंदजी यादव,राजू यादव एवं तेजनारायण यादव उर्फ तेजू यादव के विरुद्ध जमीनी विवाद में मारपीट करने के मामले में स्थानीय थाना कांड संख्या 392/26 दर्ज किया गया था । मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है ।

## संझौली में शराब तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई,देसी मसालेदार शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**संझौली/ रोहतास :** संझौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सियरुआ रोड से एक आरोपी को देसी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी की पहचान बीरेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिली थी । सूचना के सत्यापन के बाद सियरुआ रोड पर छापेमारी की गई,जहां से बीरेंद्र कुमार सिंह को देसी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । उन्होंने बताया कि बरामद शराब की जब्ती सूची तैयार की जा रही है । इसके बाद आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी । पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा ।

## मारपीट मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नासरीगंज/ रोहतास :** नासरीगंज पुलिस ने आपसी विवाद में हुई मारपीट के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-12 हरिहरगंज निवासी बजरंगी गोसाई एवं उनके पुत्र चंद्रमा गोसाई के रूप में हुई है । प्रभारी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध नासरीगंज थाना कांड संख्या 206/26 के तहत आपसी विवाद में मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया था । पुलिस ने मामले की जांच के दौरान दोनों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की । इसके बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ।


## राघोडीहरा मारपीट मामले में दोनों पक्षों से एक-एक आरोपी गिरफ्तार, 14 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज /रोहतास :** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोडीहरा गांव में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से एक- एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राघोडीहरा निवासी जयनाथ सिंह तथा प्रमोद साह के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि इस घटना के संबंध में कांड संख्या 208/26 एवं 209/26 दर्ज किया गया है । कांड संख्या 208/26 में जयनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया,जबकि कांड संख्या 209/26 में प्रमोद साह को पुलिस ने हिरासत में लिया । दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हुआ है । घायलों का उपचार सूर्यपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कराया गया । पुलिस के अनुसार कांड संख्या 208/26 में चार तथा कांड संख्या 209/26 में दस लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है । इस प्रकार दोनों पक्षों से कुल 14 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है । थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसके आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

## राजपुर में 10 लीटर महुआ शराब बरामद,धंधेबाज फरार,गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी

**राजपुर /रोहतास :** राजपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की । हालांकि पुलिस की भनक लगते ही अवैध शराब का कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहा । थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीबीगंज गांव में छापेमारी की,जहां से 10 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई । छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया । उन्होंने बताया कि फरार आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है । थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण,बिक्री और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा ।

## न्याय की मांग को लेकर गोडारी में निकली आक्रोश यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल




**काराकाट (रोहतास)।** नालंदा में कथित रूप से दलित युवक पिंटू पासवान एवं सरवन पासवान की हत्या के विरोध में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को रोहतास जिले के काराकाट नगर पंचायत के गोडारी बाजार में आक्रोश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाज के लोगों ने भाग लेकर पीड़ित परिवार के प्रति एकजुटता जताई और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। आक्रोश यात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोडारी से शुरू होकर मनोज साव के मिल तक निकाली गई। इस दौरान लोगों ने न्याय दिलाने और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग करते हुए नारे लगाए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे तूफान राज पासवान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित परिवार के साथ एकजुटता प्रकट करना तथा न्याय की आवाज को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि जब समाज अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होता है, तभी पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत होती है। आक्रोश यात्रा में प्रमुख रूप से काराकाट प्रमुख अभिभावक रामनारायण पासवान, मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती, राहुल पासवान, गोल्डेन पासवान, विनय पासवान, चंदन पासवान, संजय कुमार, संतोष गुप्ता, मनीष पासवान, सिकंदर पासवान, राजा, बिल्ला, विकास मनजीत, तनु चंदन, अमरजीत, राहुल, संतोष, दिवाकर, सरोज, पिंटू, बजरंगी, संजीत, रितेश, बिट्टू, बिक्की, प्रकाश सहित सैकड़ों युवाओं एवं समाज के जागरूक लोगों ने भाग लिया। यात्रा में शामिल लोगों ने प्रशासन से मांग की कि नालंदा की घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके।

# मनरेगा बहाली की मांग को लेकर ग्रामीण मज़दूर यूनियन का प्रदर्शन

## करगहर में विरोध सभा आयोजित, नए रोजगार कानून का किया विरोध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**करगहर (रोहतास)।** ग्रामीण मज़दूर यूनियन, बिहार की करगहर प्रखंड इकाई ने बुधवार को कथित नए रोजगार कानून के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मनरेगा की पुनर्बहाली की मांग उठाई। यूनियन ने 1 जुलाई को विरोध दिवस के रूप में मनाया और प्रखंड क्षेत्र में प्रदर्शन के बाद सभा आयोजित की। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड मंटू कुमार ने की। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नए कानून के लागू होने से मनरेगा के तहत मिलने वाले अधिकार आधारित रोजगार पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी देता था, जबकि नए कानून में रोजगार की गारंटी कमजोर की गई है। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन नेता कॉमरेड अशोक कुमार ने कहा कि नई व्यवस्था से रोजगार, वित्तीय भागीदारी और स्थानीय स्तर पर योजनाओं के निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित होगी। उन्होंने मनरेगा को ग्रामीण गरीबों और भूमिहीन मजदूरों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच बताते हुए इसे मजदूर हित में पुनः बहाल करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कथित नए कानून को वापस लेने तथा मजदूर हितैषी प्रावधानों के साथ मनरेगा को फिर से लागू करने की मांग की। सभा को कॉमरेड सुनील, कॉमरेड विशुन, कॉमरेड अशोक साह, कॉमरेड घूरा मुसहर, पार्वती और पुष्प ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में यूनियन ने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## डिहरी हरिजन थाना पुलिस ने पकड़ी गांव से दो लोगों को किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **जनता दरबार के दौरान एसपी रोहतास ने कहा था कि किसी को बेल की जरूरत नहीं है**

राजपुर-- राजपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से डिहरी हरिजन थाना की पुलिस विगत मंगलवार को आधी रात दो लोगों को गिरफ्तार कर ले गई. ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह पूर्व गांव की एक महिला द्वारा हरिजन थाना में आधा दर्जन से अधिक लोगों को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.जिस मामले में वंशिधर तिवारी के बेटा राजू तिवारी व रामजी कहार के बेटा भिखर कहार को पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है. गांव निवासी मदनमोहन तिवारी, श्री भगवान तिवारी आदी लोगों ने बताया कि वर्तमान पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा तीन माह पहले राजपुर थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित किया गया था.जिस दौरान गांव के लोगों ने उक्त महिला द्वारा दर्ज एफआईआर की सच्चाई को एसपी के समक्ष रखा था.जिस पर एसपी द्वारा कहा गया था कि किसी को बेल कराने की जरूरत नहीं है.मामले की जांच कराते हुए

**उचित कारवाई होगा.** मामले में राजपुर थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि रात में डिहरी एससी एसटी थाना पुलिस के गिरफ्तारी सहयोग के लिए राजपुर पुलिस मौजूद रहा.

## नासरीगंज में 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नासरीगंज /रोहतासः** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तहत नासरीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है ।प्रभारी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पड़ूरी टोला निवासी स्वर्गीय सीताराम चौधरी के पुत्र बबन चौधरी को पुलिस ने छापेमारी के दौरान 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया । बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत संबंधित कांड दर्ज कर लिया गया है । आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं जांच पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण,बिक्री और तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ।

## कर्बला की याद में नरवर के अखाड़ों मे नौजवानो ने दिखाए करतब



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरवर में मस्जिद के समीप मुहर्रम के अवसर पर कर्बला की शहादत की याद में अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजमुदिन ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन वसीम अंसारी ने किया।इस अवसर पर पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कर्बला के संदेश—धर्म, न्याय, सत्य और इंसानियत—पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि कर्बला का युद्ध सत्य और असत्य के बीच लड़ा गया ऐतिहासिक संघर्ष था, जो आज भी अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।मुहर्रम के अवसर पर देउरिया एवं लबना अखाड़ा दलों के कलाकारों ने तलवारबाजी, लाठी, पासा-लाठी, भाला, बनेठी तथा आग के साथ हैरतअंगेज युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। कलाकारों के रोमांचक करतबों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन पारंपरिक प्रदर्शनों के माध्यम से कर्बला के ऐतिहासिक परिदृश्य को जीवंत करने का प्रयास किया गया। वही कार्यक्रम मे शामिल समाजसेवियों ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक करतब अत्यंत सराहनीय हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम में नवयुवक चांद कमेटी नरवर के सदस्यों सहित जसीम अंसारी, सराजुल अंसारी, सगीर अंसारी, काशिम अंसारी, हातीम अंसारी, अबुल हसन अवारी, खेदु राईन, दोस्ते आलम, आफताब अंसारी, गुड्डू अंसारी, मुख्तार अंसारी, वकील अंसारी, वार्ड पार्षद सज्जाद खान, कुद्दूश अंसारी, शमशेर हाशमी, अकबर अंसारी,युवा नेता सुनिल कुमार यादव,डॉ. कामेश्वर सिंह, कामता प्रसाद सिंह, उमेश कुमार सिंह, सुभाष सिंह, श्याम नारायण सिंह, गौरीशंकर पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## "एक पेड़ मां के नाम": टड़वा स्कूल में 100 पौधे रोपकर दिया गया जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डिहरी (रोहतास)**ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान से निपटने के लिए रोहतास के डिहरी प्रखंड अंतर्गत आयरकोठा थाना क्षेत्र के टड़वा गांव स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के परिसर में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। आयरकोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार के सौजन्य से पीपल, बरगद और अशोक प्रजाति के लगभग 100 पौधे रोपित किए गए।

इस अभियान में आयरकोठा थाना की पुलिस टीम, नेचर विलेज टड़वा के सदस्य, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने मिलकर भागीदारी निभाई। सभी ने हाथों में पौधे लेकर "हम सबकी यही जिम्मेदारी, हरियाली हो धरती हमारी" बैनर के साथ पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

नेचर विलेज टड़वा के सदस्य डॉ विवेक कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया भीषण गर्मी और जलवायु परिवर्तन की चपेट में है। यूरोपीय देशों से लेकर भारत के गांवों तक तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वृक्षारोपण ही सबसे व्यावहारिक समाधान है। उन्होंने कहा कि थाना अध्यक्ष के सहयोग से आज सैकड़ों छोटे-छोटे पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली बचाने का सार्थक कदम उठाया गया है।

## पति-पत्नी ने किया आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज।** थाना क्षेत्र के परमा गांव में सुबोध सिंह व उनकी पत्नी सुंदरी देवी ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर अभी पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया दोनों पति पत्नी जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है।सूचना पर फोरेंसिक टीम पहुंची, और मामले की तहकीकात शुरु की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कानूनी प्रक्रिया के बाद जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। इस घटना को लेकर हर कोई हतप्रभ है। मृतक चालक था। थानाध्यक्ष ने बताया यह घटना बीते रात मंगलवार की है। दोपहर के बाद जब घर का दरबाजा नहीं खुला तो ग्रामीणों ने चार बजे शाम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसी के छत पर चढ़कर अंदर गया,तो देखा कि दोनों का शव बरामदे में पड़ा हुआ है। पति पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने कहा ग्रामीणों ने बताया 29 जून को सुबोध सिंह अपने पिता बच्चू सिंह को मारपीट कर हाथ को तोड़ दिया था,वह अभी सदर अस्पताल नवादा में इलाजरत है।

बिहार सरकार
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद**
Mobile/Whatsapp:- 9296792629,
E-Mail: seaurangabad14@gmail.com, seaurangabadrwdbihar@gmail.com
अत्यावश्यक/आकस्मिक प्रकार के योजनाओं के त्वरित निष्पादन हेतु सेवा प्रदात्ताओं/आपूर्तिकत्ताओं के Empanelment हेतु
**कोटेशन आमंत्रण सूचना**
**NIT No- 02/Aurangabad Circle/2026-27**

ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक मु0 अ0 (नि0 एवं गु0) – 07–14/ 2026 – 1798 अनु0 दिनांक 14.05.2026 द्वारा निर्गत मानक संचालक प्रक्रिया के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद अंतर्गत अत्यावश्यक/आकस्मिक प्रकार के योजनाओं के त्वरित निश्पादन हेतु सामग्रियों/सेवाओं/Tools Plants आदि के लिए आपूर्तिकर्त्ता/सेवा प्रदात्ताओं का ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद के ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल/ ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद में वित्तीय वर्श 2026–27 के लिए पैनल बनाने हेतु निम्नांकित शर्त्तों के साथ प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन के साथ निम्नलिखित स्व. अभिप्रमाणित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधन प्रमाण–पत्र की प्रति।
2- GST में वैद्य निबंधन।
3. ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत पथ निर्माण कार्य से संबंधित पिछले पाँच वर्शों में कुल 10 करोड़ रूपये का Turnover /कार्य कराने का अनुभव होना चाहिए।
4. संवेदक को अपना E-Mail ID एवं Mobile No. उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. संवेदक द्वारा एक Affidavit, Quotation के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।

"If they are debarred or blacklisted by any state Govt./Central Govt./Public Undertaking, they shall not participate in Quotation/Financial Bid, if particiapate in Quotation/Financial bid, they shall not be considered and further legal action shall be initiated."

6. कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय
:– दिनांक 13.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक
7. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 13.07.2026 को 3.30 बजे अपराह्न
8. कोटेशन प्राप्त करने का स्थान :–
1. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद का कार्यालय
2. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल का कार्यालय
3. ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जहानाबाद का कार्यालय

अन्य शर्त्ते अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेश सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक मु0 अ0 (नि0 एवं गु0) –07–14/2026 – 1798 अनु0 दिनांक 14.05.2026 द्वारा लागू मानक संचालक प्रक्रिया के अनुरूप होगी, जिसका प्रति कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य अंचल, औरंगाबाद

PR. No. 006723 (RWD) 2026-27
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ, खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–888 दिनांक–26.05.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–03/2026–27 जिसका PR NO-004802 (BCD) 2026-27 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण दिनांक–09.07.2026 को 11:30 बजे अपराहन में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

PR- 006822 ( B C D ) 2026-27
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला प्रोग्राम शाखा)
आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित सूचना
विज्ञापन संख्या–01/2026

" माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC NO. 13574/2018 में दिनांक 06.08.2024 को पारित आदेश तथा MJC No. 2028/2025 में दिनांक–19.06.2026 को पारित आदेश के आलोक में आंगनबाड़ी केन्द्र दिवान बिगहा, कोड संख्या–198, वार्ड संख्या–07 हेतु नवीन विज्ञापन प्रकाशित कर चयन प्रक्रिया संपन्न करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। अतः उक्त आदेश के अनुपालन में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।" चूँकि सेविका/सहायिका चयन मार्गदर्शिका, 2022 मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के अनुमोदन हेतु लंबित है, अतः इस विज्ञापन के चयन पूर्ण होने से पूर्व अगर सेविका/ सहायिका चयन मार्गदर्शिका, 2022 अनुमोदित होकर प्रकाशित होने की स्थिति में उक्त विज्ञापन पर मार्गदर्शिका, 2022 के प्रावधान से प्रभावित होंगे।" इस संबंध में विभाग/ICDS निदेशालय से जो भी निदेश प्राप्त होगा उसका अनुपालन किया जायेगा।

समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक–990, दिनांक 05.04.2016 द्वारा निर्गत आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन मार्गदर्शिका 2016 तथा समय समय पर संशोधित मार्गदर्शिका के आलोक में बाल विकास परियोजना कार्यालय में सेविका की निम्नलिखित रिक्तियों के विरूद्ध चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

सेविका पद के विरूद्ध चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय ओबरा/जिला प्रोग्राम कार्यालय के सूचना पट्ट एवं औरंगाबाद जिले के सरकारी वेबसाइट www.aurangabad.bih.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

आवेदन–पत्र A4 साइज कागज पर विहित प्रपत्र में ही आवेदक द्वारा स्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए। आवेदन पत्र संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दिनांक 06.07.2026 से 30.09.2026 के अपराहन् 05:00 बजे तक जमा किये जा सकते हैं।

अपूर्ण रूप से भरा आवेदन–पत्र अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जाएगा।

वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर उपलब्धता के अनुसार ग्राम सभा के आयोजन का स्थल सामुदायिक भवन, सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन, सरकारी आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी भवन होगा। इसके संबंध में आवश्यक जानकारी संबंधित परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सेविका पद की रिक्ति निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र | कोड | वार्ड नंबर | सेविका | वर्ग बाहुलता | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओबरा | दिवान बिगहा | 198 | 07 | 01 | अति पिछड़ा | |

**(क) आंगनबाड़ी सेविका चयन हेतु अर्हता–**
- सेविका चयन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण होगी। मैट्रिक के समकक्ष अन्य योग्यताओं को उसी स्थिति में मान्यता दी जायेगी जिस स्थिति में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा पंचायत शिक्षक नियोजन हेतु मान्यता दी गयी हो।
- चयन प्रक्रिया में उस वार्ड के बहुल्य वर्ग की प्राथमिकता रहेगी।
- अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से न्यूनतम 18 (अठारह) वर्श तथा अधिकतम 40 (चालीस) वर्ष होना चाहिए। **(विज्ञापन संख्या:–02/2016 से दिवान बिगहा केन्द्र हेतु आवेदित अभ्यर्थी जो उस वक्त न्यूनतम 18 (अठारह) वर्ष तथा अधिकतम 40 (चालीस) वर्ष के थे उन्हें इस विज्ञापन हेतु योग्य माना जायेगा)**
- सेविका को संबंधित वार्ड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
- सरकारी/गैर सरकारी नियोजन में कार्यरत व्यक्ति जिनकी मासिक आय रू 12,000/– (बारह हजार रूपये) या उससे ज्यादा है/जन प्रतिनिधि/संबंधित प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता की पत्नी/बहु सेविका के चयन के लिए अयोग्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो तो उसे भी आंगनबाड़ी सेविका के पद के लिए चयनित नहीं किया जायेगा।
- सेविका के अभ्यर्थियों को सभी प्रकार के प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- अन्य योग्यताएं आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन हेतु मार्गदर्शिका 2016 एवं समय समय पर संशोधित आदेश के समरूप होंगी।
- पूर्व के विज्ञापन (02/2016) इस विज्ञापन के अनुरूप संशोधित समझे जायें।
- विज्ञापन संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि दृष्टिगत होने पर यथोचित संशोधन किया जा सकेगा। तथा विज्ञापन को किसी समय रद् करने एवं संशोधित करने के सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे।

**नोटः–चयन माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश/फलाफल से प्रभावित होगा।**

जिला पदाधिकारी
औरगाबाद

PR- 006742 (Welfare) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई झोपड़ियां पर चला बुलडोजर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के सबौर प्रखंड के बैजलपुर पंचायत में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को अंचल अधिकारी (सीओ) सौरभ कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमित स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही अवैध झोपड़ियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। इस दौरान अमीन महादेव दास, सबौर थाना अध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल, पुलिस बल और 40वीं बटालियन के जवान भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को 48 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अंतिम अवसर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि संबंधित अतिक्रमण वाद की सुनवाई मजिस्ट्रेट के सामने हो चुकी है। जांच में नौ लोगों की ओर से सड़क की भूमि पर छज्जा निकालकर अतिक्रमण किए जाने की पुष्टि हुई है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। प्रशासन ने संबंधित लोगों को स्पष्ट रूप से



निर्देश दिया कि वे दो दिनों के भीतर स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**लोगों को अवैध निर्माण को लेकर चेतावनी दी**: सीओ सौरभ कुमार ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उनमें लालमुनी मंडल, तेज नारायण मंडल, दिलीप मंडल, तारा देवी, बनवारी साह, सुदामा मंडल, सुनील मंडल, बैसाखी पासवान और पंकज पासवान शामिल हैं। इसके अलावा कुछ अन्य लोगों को भी सड़क पर निकले छज्जे और अवैध निर्माण को लेकर चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित लोगों ने प्रशासन से दो दिनों का समय मांगा है और इस संबंध में लिखित रूप से हस्ताक्षर भी किए हैं। सीओ ने कहा कि प्रशासन लोगों को इसलिए अवसर दे रहा है, ताकि वे स्वयं सावधानीपूर्वक अपने छज्जे और अतिक्रमण को हटा सकें। यदि प्रशासन को जेसीबी लगाकर कार्रवाई करनी पड़ी और इस दौरान भवन का कोई अन्य हिस्सा या छत क्षतिग्रस्त होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकारी की होगी। प्रशासन पहले ही इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी दे चुका है। उन्होंने बताया कि दो दिन की समय-सीमा पूरी होने के बाद कर्मचारी और अमीन दोबारा स्थल निरीक्षण करेंगे। यदि निर्धारित अवधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो नियमानुसार अंतिम नोटिस जारी कर प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। सरकारी आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## चोर समझकर युवक को पीटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में बुधवार की सुबह टोल प्लाजा के पास सरकारी बिजली के सामान के साथ एक युवक पकड़ाया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि युवक नशे में था। नशा करने के लिए चोरी करता है। हालंकि युवक ने कहा कि कबाड़ समझकर उसने सामान उठाया था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई के बाद उसे एक खंभे से बांध दिया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जुट गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रौशन कुमार बताया। जो जिछो निवासी है। पहले वो एक सीमेंट की दुकान पर काम करता था। अभी वो माल लोडिंग का कार्य करता है। उसने स्वीकार किया कि वह गांजा और कोरेक्स जैसे नशे का सेवन करता रहा है, लेकिन आगे ऐसा नहीं करने की बात कही। सरकारी सामग्री के संबंध में उसने दावा किया कि वह कबाड़ में फेंकी हुई थी, इसलिए उसे उठाकर बोरे में रख लिया था। मामला लोदीपुर थाना क्षेत्र का है।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी**: ग्रामीणों ने उससे गांव में हुई खस्सी चोरी के संबंध में भी



सवाल किए, लेकिन युवक ने इस आरोप से साफ इनकार किया। उसने कहा कि यदि सीसीटीवी फुटेज देखा जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगा। उसने यह स्वीकार किया कि सरकारी सामग्री पहली बार उठाई थी। पूछताछ के दौरान युवक ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में एक व्यक्ति कोरेक्स और अन्य नशीले पदार्थ बेचता है। उसने दावा किया कि गांव में नशीले पदार्थों की बिक्री खुलेआम होती है और इस कारण कई युवा इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोदीपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से खेलो बखरी प्रतियोगिता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की ओर से खेलो बखरी प्रतियोगिता का आयोजन छठे दिन भी जारी रहा। इस दौरान गोला फेंक प्रतियोगिता में क्षेत्र के दर्जनों स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्धारित दस पाउंड वजनी गोला बच्चों की ओर से थ्रो किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। शारीरिक रूप से फिट युवा आज विविध क्षेत्रों में सफल हो रहे है। पार्षद प्रतिनिधि प्रिंस सिंह परमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। यह हमारे स्वास्थ्य, मनोविज्ञानिक विकास और सामाजिक विकास के लिए एक संपूर्ण उपाय है। खेल के खेलने से हमारा शारीरिक स्वास्थ्य



सुधरता है और हमें ऊर्जा से भर देता है। खेल मानसिक तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि खेल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि खेलो बखरी प्रतियोगिता में सफल हुए दर्जनों प्रतिभागी आज भारतीय सेना, दरोगा, बिहार पुलिस में अपनी सेवाएं देकर समाज का नाम रौशन कर रहे है। विद्यार्थी परिषद युवाओं को इस प्रतियोगिता से जोड़कर उनके भविष्य को सवारने का कार्य कर रही है।

## सदर अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के मॉडल सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अस्पताल परिसर में चार बेड का अत्याधुनिक आईसीयू (इंटेंसिव केयर यूनिट) वार्ड शुरू कर दिया गया है। इस नई सुविधा के शुरू होने से अब गंभीर रूप से बीमार मरीजों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा और उन्हें हर बार जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बुधवार को आईसीयू वार्ड का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल के प्रभारी डॉ. राजू, अस्पताल के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद आईसीयू की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया और मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई।

**गंभीर स्थिति वाले मरीजों का होगा इलाज**: सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने



बताया कि फिलहाल चार बेड का आईसीयू पूरी तरह कार्यशील (फंक्शनल) कर दिया गया है। इस वार्ड में ऐसे मरीजों का इलाज किया जाएगा, जिनकी स्थिति अत्यंत गंभीर होगी और जिन्हें लगातार चिकित्सकीय निगरानी की आवश्यकता होगी। अब तक सदर अस्पताल में गंभीर मरीजों के पहुंचने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर करना पड़ता था, जिससे कई बार इलाज में देरी हो जाती थी। लेकिन अब आईसीयू सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप संभव होगा। आईसीयू वार्ड में चौबीसों घंटे चिकित्सकीय सेवाएं

♦ मरीजों के लिए चार अलग आईसीयू बेड की सुविधा, सीएस बोले- अब रेफर नहीं करना पड़ेगा

उपलब्ध रहेंगी। डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी समय मरीजों की देखभाल में कोई कमी न रहे। प्रत्येक शिफ्ट में डॉक्टर, स्टाफ नर्स और आवश्यक स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहेंगे, जो गंभीर मरीजों की लगातार निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर तुरंत उपचार उपलब्ध कराएंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य सदर अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित करना है, ताकि जिले के लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज अपने ही क्षेत्र में मिल सके।

## श्रावणी मेला से पहले गूंजा हर-हर महादेव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय स्थित मिथिला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा हरिगिरिधाम गढ़पुरा में आज भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। बाबा हरिगिरिधाम न्यास के देखरेख में आयोजित इस महा रुद्राभिषेक सह ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो गया। मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। इस अवसर पर बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान और बाबा हरिगिरिधाम न्यास के अध्यक्ष सह बखरी SDO सन्नी कुमार सौरभ मुख्य रूप से शामिल हुए। सुबह 6:30 बजे से ही मंदिर परिसर में अनुष्ठान की प्रक्रिया शुरू हो गई। वैदिक विद्वानों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के बीच भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक किया गया। मंत्री संजय पासवान और SDO सन्नी कुमार सौरभ के साथ न्यास समिति



के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से बाबा का अभिषेक कर राज्य-देश के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद उत्साहपूर्ण माहौल में मंदिर के शिखर पर पारंपरिक और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ महाध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

**श्रावणी मेले की तैयारी शुरू, मिलेगी बेहतर सुविधाएं**: धार्मिक अनुष्ठान के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यास समिति के अध्यक्ष सह बखरी SDO सन्नी कुमार सौरभ ने कहा कि आने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां प्रशासनिक और न्यास स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। सावन महीने से ठीक पहले आज का यह महा रुद्राभिषेक और ध्वजारोहण कार्यक्रम बेहद अद्भुत और आलौकिक रहा। बाबा हरिगिरिधाम न्यास समिति आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह तत्पर है। SDO ने भरोसा दिलाया कि पिछले साल के अनुभवों को देखते हुए इस बार सावन में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य, सुलभ दर्शन और आवागमन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाया जाएगा, ताकि किसी भी शिवभक्त को परेशानी नहीं हो।

**प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम**: महा रुद्राभिषेक और आरती के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच बाबा का महाप्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक उत्सव को लेकर स्थानीय लोगों और शिवभक्तों में भारी उत्साह देखा गया। दोपहर तक चले इस मुख्य अनुष्ठान के बाद शाम को भव्य भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन और न्यास समिति ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## बारिश से किसानों की उम्मीद जगी, बिचड़ा डालने की तैयारी में जुटे किसान

**भागलपुर**। जिले में मानसून सक्रिय होने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बाद किसान अब खेतों की जुताई कर धान का बिचड़ा डालने और रोपाई की तैयारी में जोर-शोर से जुट गए हैं। भागलपुर में जून महीने में सूखे जैसे हालात और सामान्य से कम बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई थी। अब मानसून ने पूरे बिहार को कवर कर लिया है, जिससे राहत मिली है। अच्छी बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। जिन इलाकों में किसान बोरिंग या निजी पंप सेट से बिचड़ा तैयार कर रहे थे, उन्हें अब सीधे तौर पर बड़ी राहत मिली है। खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार के लिए बिहार कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित बीज और खाद की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। खेतों में पानी भरने के साथ ही धान का बिचड़ा गिराने का काम अब रफ्तार पकड़ेगा। कृषि विभाग को उम्मीद है कि जुलाई के पहले सप्ताह तक बिचड़ा लगाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। किसान राजकुमार ने बताया कि खेत तैयार था पर बारिश नहीं हुई थी। अब बारिश हुई है, तो दो दिन में बिचड़ा गिरा देंगे। उन्होंने कहा कि बादल देख-देखकर थक गए थे। अब जान में जान आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बथनाहा से अपहृत दो नाबालिग लड़की जालंधर से बरामद

**अररिया**। जिले की बथनाहा थाना पुलिस ने 14 दिन पहले गायब हुई दो नाबालिग लड़कियों को पंजाब के जालंधर से सकुशल बरामद किया है।बथनाहा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई कांड संख्या 88/26, दिनांक 16 जून 2026 धारा 96 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में की। परिजनों ने बथनाहा थाना पुलिस को 16 जून को स्टेशन चौक के पास से दोनों नाबालिगों के लापता होने की जानकारी दी थी।जिस पर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मोबाइल डंपिंग के आधार पर लड़की के जालंधर में होने की जानकारी के बाद एक टीम को जालंधर भेजा,जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से दोनों नाबालिगों को बरामद कर बुधवार को बथनाहा लाया गया।बरामद दोनों नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि उन्हें स्थानीय मीना बाजार बथनाहा दो अज्ञात व्यक्तियों ने जबरन उठा लिया था।बरामद नाबालिगों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। न्यायालय में उनके बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले पर थानाध्यक्ष राजवीर साहू ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति के नंबर पर फोन आया था और तकनीकी सूत्रों की मदद से उसे पकड़ा गया है। मामले में शामिल अपराधियों की शिनाख्त की गई है,जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मामले में जो भी दोषी होंगे,उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम परिसर में पीपल का पेड़ गिरा

**भागलपुर**। भागलपुर नगर निगम परिसर में बुधवार को एक हादसा टल गया। यहां परिसर में स्थित सालों पुराना एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक गिर पड़ा। घटना के समय परिसर में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े थे, जिनमें से पांच बाइक पेड़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ गिरते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति पेड़ की चपेट में नहीं आया, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि हल्की आंधी के झोंकों के बीच अचानक विशाल पीपल का पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ गिरते ही उसके नीचे खड़ी कई बाइक दब गईं। घटना के बाद नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद गिरे हुए पेड़ को हटाने और दबे हुए बाइक को सुरक्षित निकालने का काम शुरू कराया गया।

**ये पीपल का पेड़ काफी पुराना था**: नगर निगम कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद रेहान ने बताया कि नगर निगम परिसर में मौजूद ये पीपल का पेड़ काफी पुराना था। हल्की आंधी के दौरान पेड़ अचानक गिर गया, जिससे परिसर में खड़ी कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत काम शुरू कराया गया। मशीनों की सहायता से पेड़ की टहनियों को काटकर अलग किया जा रहा है, ताकि उसके नीचे दबे गाड़ी को सुरक्षित निकाला जा सके। साथ ही पूरे परिसर की स्थिति का आकलन भी किया जा रहा है। वार्ड संख्या 11 के पार्षद प्रतिनिधि अमरकांत मंडल ने बताया कि यह पेड़ काफी पुराना हो चुका था और लंबे समय से परिसर में खड़ा था। घटना के बाद नगर निगम परिसर में कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से प्रभावित क्षेत्र को खाली कराया गया, जिससे राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। नगर निगम की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों का भी आकलन शुरू कर दिया है।

### कुएं से एक महिला का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर**। जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र स्थित एक कुएं से एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव की बरामदगी मंगलवार देर रात हुई। मृतका की पहचान चन्नो गांव निवासी 20 वर्षीय मिरचो देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पति के बुलाने के बाद वह घर से निकली थी, लेकिन देर रात उसका शव गांव के पास स्थित एक कुएं से बरामद हुआ। घटना के बाद परिवार ने पति समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही रसलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजन की ओर से मिले आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई। मृतका मिरचो कुमारी की शादी करीब दो वर्ष पहले सनोखर थाना क्षेत्र के वालीपुर सोहायल निवासी परमानंद यादव से हुई थी। दंपती की एक छोटी बेटी भी है। कुछ समय से मिरचो अपने मायके चन्नो गांव में रह रही थी।र

### मलबे में तब्दील हुआ 1992 में निर्मित दीपप्रभा सिनेमा हॉल

**भागलपुर**। शहर की सांस्कृतिक पहचान रहे दीपप्रभा सिनेमा हॉल का अस्तित्व अब इतिहास के पन्नों में सिमटता जा रहा है। कभी हजारों दर्शकों की तालियों, सीटियों और सिनेमाई उत्साह का गवाह रहा यह प्रतिष्ठित सिनेमा हॉल आज मलबे में तब्दील हो चुका है। इसके साथ ही भागलपुर के एक पूरे दौर की यादें भी जैसे ढह गई हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान् सेनानी अंग के लाल बाबू दीपनारायण सिंह और उनकी सुपुत्री प्रभावती देवी की स्मृति में प्रभावती देवी की सुपुत्री इन्दु देवी के पति, यानी प्रभाजी के दामाद जवाहर प्रसाद जायसवाल द्वारा वर्ष 1992 में निर्मित भागलपुर की पहचान रहा दीपप्रभा सिनेमा हॉल का ढांचा अब इतिहास बनता जा रहा है। वर्षों तक हजारों लोगों की यादों का हिस्सा रहा यह प्रतिष्ठित सिनेमा हॉल अब मलबे में तब्दील हो चुका है। बताया जाता है कि आरंभिक दौर में जब इसका निर्माण हो रहा था। तब इसके मालिक जवाहर बाबू और मैं काफी देर तक वहाँ बैठकर इसके निर्माण और हॉल संबंधी भावी योजनाओं पर घंटों अंतरंग बातचीत किया करते थे। बाद में इसे बेचकर वे कोलकाता जा बसे। वर्ष 1992 में स्वतंत्रता सेनानी बाबू दीपनारायण सिंह और उनकी सुपुत्री श्रीमती प्रभावती देवी की स्मृति में उनके दामाद जवाहर प्रसाद जायसवाल ने इस सिनेमा हॉल का निर्माण कराया था। यह सिर्फ़ एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि शहर को दिया गया एक सांस्कृतिक उपहार था। समय के साथ उन्होंने दीपप्रभा को बेच दिया और कोलकाता जाकर बस गए। दीपप्रभा में प्रदर्शित पहली फिल्म थी 'आई मिलन की रात'। गुलशन कुमार द्वारा निर्मित 1991 की हिंदी फिल्म आई मिलन की रात में अविनाश वाधवन और शाहीन मुख्य कलाकार थे।

### भूमि विवाद की पंचायत में मुखिया पर हमला

**अररिया**। अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत मझुवा पश्चिम पंचायत के मुखिया किशन शर्मा पर मंगलवार को जानलेवा हमला किया गया। यह घटना तब हुई जब वे अपने पंचायत के वार्ड संख्या-11 में एक भूमि विवाद के निपटारे के लिए पहुंचे थे। हमले में उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद मुखिया शर्मा को तत्काल रानीगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक डॉ. राजू कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

**10 दिन पहले जान से मारने की मिली थी धमकी**: घायल मुखिया किशन शर्मा ने बताया कि उन्हें करीब दस दिन पहले ही जान से मारने की धमकी मिली थी। उनके अनुसार, मंगलवार को पंचायती के दौरान चार आदिवासी युवक मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि विवाद के बीच एक युवक ने कमर से हथियार निकालकर उन पर फायरिंग की, हालांकि गोली उन्हें नहीं लगी। इसके बाद दूसरे युवक ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। मुखिया ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वार उनके हाथ पर लगा, जिससे गहरा जख्म हो गया।

**घायल मुखिया को पहुंचाया अस्पताल**: घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल मुखिया को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही रानीगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। रानीगंज थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घायल मुखिया का बयान दर्ज किया जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**एडमिन यूनिट/जोन**: सियालदह मंडल-वाणिज्यिक, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.**: पार्सल-एसडीएएच-64, **नीलामी करने वाले अधिकारी**: वरिष्ठ डीसीएम/सियालदह। **बोली प्रणाली**: सामान्य नीलामी (एकल चरण)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट)**: 16.07.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समय**: 16.07.2026 को 14.10 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोन**: 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि**: 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि**: 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल** : 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन**: 10 बार। **कैटलॉग प्रकाशित किया गया**-दिनांक 29.06.2026 को 16.56 बजे, **निर्णय का माध्यम** : ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई**-नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड** -हाँ। **क्या राइट ऑफ फर्स्ट रिफ्यूजल (आरओएफआर) लागू है?**: नहीं। **विवरण**: एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट)(क्रम सं. एए/1 से एए/11 हेतु)। **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1**, 13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-26-2 (पार्सल-एसएलआर), 157, 16.07.2026 को 12.30 बजे, **एए/2**, 13145-एसएलआर-एफ1-केओएए-आरडीपी-26-2 (पार्सल-एसएलआर), 470, 16.07.2026 को 12.40 बजे, **एए/3**, 12363-एसएलआर-एफ1-केओएए-एचडीबी-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 470, 16.07.2026 को 12.50 बजे, **एए/4**, 12317-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 313, 16.07.2026 को 13.00 बजे, **एए/5**, 22201-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-पीयूआरआई-26-2 (पार्सल-एसएलआर), 470, 16.07.2026 को 13.10 बजे, **एए/6**, 13157-एसएलआर-एफ1-केओएए-एमएफपी-26-1(पार्सल-एसएलआर), 157, 16.07.2026 को 13.20 बजे, **एए/7**, 13141-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनओक्यू-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 1096, 16.07.2026 को 13.30 बजे, **एए/8**, 22587-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीएनआरएस-26-2 (पार्सल-एसएलआर), 470, 16.07.2026 को 13.40 बजे, **एए/9**, 13151-एसएलआर-एफ1-केओएए-जेएटी-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 1096, 16.07.2026 को 13.50 बजे, **एए/10**, 13169-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एसएचसी-26-1(पार्सल-एसएलआर), 314, 16.07.2026 को 14.00 बजे, **एए/11**, 12357-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएसआर-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 313, 16.07.2026 को 14.10 बजे। **रेट यूनिटः** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क (प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी** : 10 ट्रिप का बोली मूल्य (न्यूनतम 5 लाख) (प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम टर्नओवर की आवश्यकता**: रु.0.00 (प्रत्येक हेतु)। **लॉट की स्थिति** : आरपी पेंडिंग (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-105/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.**: 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, **दिनांक** 29.06.2026, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.**: टीएन-116-26-27, **कार्य का नाम**: रानाघाट में - पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत रानाघाट स्टेशन में विकास संबंधी कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.14,78,40,520.39, **बयाना राशि:** रु. 29,56,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.07.2026 को 15.00 बजे । **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 22.07.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-108/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.**: 28-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, **दिनांक** 30.06.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान**: "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में अण्डाल-सांइथिया, देवघर-दुमका, मोहनपुर जंक्शन-हंसडीहा खंड में लेवल क्रॉसिंग गेटों का इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू 10000 से अधिक है और आसनसोल मंडल में अण्डाल-बाराबानी, अण्डाल/एलसी-बखतारनगर, मधुपुर-गिरिडीह खंड में लेवल क्रॉसिंग गेटों का इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू 10000 से अधिक है"। **निविदा मूल्य:** रु. 14,78,98,341.23, **बयाना राशि:** रु. 29,58,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 22.07.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-158/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.**: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-443, **दिनांक** 29.06.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम**: (I) "गोड्डा में 50 बेड वाले रनिंग रूम का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। (II) "गोड्डा में नई क्रू लॉबी बिल्डिंग के निर्माण के लिए प्रस्ताव" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,22,47,016.18, **बयाना राशि:** रु. 2,45,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 07.07.2026 से 21.07.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-113/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.**: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-444, **दिनांक** 29.06.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम**: (I) "भागलपुर में नई सीबीएल बिल्डिंग का निर्माण, भागलपुर में सीएलजी आरआर का विस्तार और वर्तमान सीबीएल का रनिंग रूम सुविधाओं में रूपांतरण" के संबंध में विद्युत कार्य। (II) "जमालपुर के क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम का विस्तार एवं जमालपुर के वर्तमान क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का नवीनीकरण/संवर्धन" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,14,40,333.60, **बयाना राशि:** रु. 2,28,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 07.07.2026 से 21.07.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-114/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बार एसोसिएशन चुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारी का चयन

**आरा**। बार एसोसिएशन आरा के सत्र 2026-2028 के चुनाव के लिए निर्वाचन पदाधिकारी की टीम का चयन किया गया है। इसके लिए आम सभा मंगलवार को सिविल कोर्ट परिसर के अधिवक्ता हॉल में एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। संचालन महासचिव मनमोहन ओझा ने किया। आम सभा में चुनाव कराने के लिए रिटर्निंग पदाधिकारी अधिवक्ता मनलाल सिंह एवं त्रि-सदस्यीय कमिटी के लिए अधिवक्ता विरेन्द्र पाण्डेय, जमाल यूसुफ एवं कृष्ण बिहारी ओझा को चयनित किया गया। आम सभा में कई अधिवक्ता शामिल थे।

### भगवान भास्कर की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए निकली शोभायात्रा

**आरा**। सदर प्रखंड भकुरा पंचायत के बसंतपुर गांव में भगवान भास्कर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ मंगलवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान भास्कर की प्राण-प्रतिष्ठा हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अनूठा वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही महायज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी। मंदिर परिसर भगवान भास्कर के जयघोष, शंखध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

**हवन-पूजन के साथ हुई प्राण-प्रतिष्ठाः** आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन, पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान भास्कर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई। विधिवत पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुशासन और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और मंगल गीतों ने भक्तिमय माहौल को और भी आकर्षक बना दिया।

### वीकेएसयूः पीजी कैंपस में गृह विज्ञान का स्वतंत्र विभाग खोलने का प्रस्ताव पास

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संकाय में गृह विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। विश्वविद्यालय परिसर के पीजी कैंपस में गृह विज्ञान का नया, स्वतंत्र विभाग खोलने का प्रस्ताव मंगलवार को हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हो गया। यह प्रस्ताव सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर ललित सागर ने परिषद के सामने रखा। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने की। परिषद के वरिष्ठ सदस्यों ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद सैद्धांतिक सहमति दी। अब तक महिला कॉलेज के भरोसे थी पढ़ाई : वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीजी स्तर पर गृह विज्ञान की पढ़ाई पहले से चल रही है। अब तक पीजी मुख्य कैंपस में इस विषय का अलग, स्वतंत्र विभाग नहीं था। मौजूदा व्यवस्था में महाराजा महंथ महिला कॉलेज में पीजी स्तर पर गृह विज्ञान की पढ़ाई कराई जाती है। एकेडमिक काउंसिल से प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। अब पीजी मुख्य कैंपस में गृह विज्ञान के स्वतंत्र विभाग की स्थापना की आधिकारिक प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। अलग विभाग बनने से सीटें बढ़ने की संभावना बनेगी। शोध कार्यों का दायरा बढ़ेगा। बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा। जरूरी संसाधन बढ़ेंगे। फैसले से गृह विज्ञान के विद्यार्थियों और शिक्षाविदों में खुशी है।

### लूटकांड में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**आरा**। नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोना लूट कांड में शामिल कुल 2 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर के निवासी अरविंद कुमार के पुत्र गोलू महतो उर्फ राहुल और धरहरा के राहुल पासवान के पुत्र अमित कुमार शामिल है। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार सभी आरोपी सोना लूट कांड में शामिल था। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इसके पहले सोमवार को भी पुलिस ने इस कांड में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### वन महोत्सव में पौधे तो लगते हैं, बचते नहीं

**आरा**। देश भर में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता और विचारक मौजूदा पौधरोपण व्यवस्था पर चिंता जता रहे हैं। पर्यावरण प्रेमी, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने कहा कि पौधरोपण का स्थापित वैज्ञानिक सत्य है। रोपण मुख्य रूप से वर्षा ऋतु में होना चाहिए। नए पौधों को लगातार प्राकृतिक पानी मिले। पौधे आसानी से जड़ पकड़ें। उन्होंने कहा कि मौसम और बारिश में भारी अनिश्चितता है। इसके बाद भी सरकारी और कागजी लक्ष्य पूरे करने के लिए बिना सोचे-समझे पौधे लगा दिए जाते हैं। नतीजा यह है कि हर साल करोड़ों की संख्या में होने वाला यह काम औपचारिक उत्सव बनकर रह गया है। पिछले दो दशकों के पौधरोपण अभियान और रिकॉर्ड देखें तो जमीनी आंकड़े निराश करते हैं। कागजों पर हर साल रिकॉर्ड पौधे लगते हैं। धरातल पर घने जंगल या पेड़ नजर नहीं आते। अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने असफलता के दो मुख्य कारण बताए। पहला, पौधों के जीवित रहने की दर बहुत कम है। रोपण के बाद सुरक्षा नहीं होती। घेराबंदी नहीं होती। नियमित सिंचाई की ठोस व्यवस्था नहीं होती। ज्यादातर पौधे शुरुआती हफ्तों में ही सूख जाते हैं। दूसरा, प्रजातियों का गलत चुनाव होता है। स्थानीय पर्यावरण, पारिस्थितिकी, मिट्टी के अनुकूल प्रजातियां नहीं चुनी जातीं। खानापूर्ति के लिए अनुपयुक्त पौधे लगा दिए जाते हैं। ये लंबे समय तक टिक नहीं पाते। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अब व्यावहारिक नजरिया जरूरी है। वनों को बचाना है। धरती को हरा-भरा बनाना है। सिर्फ गड्ढा खोदकर पौधा लगाने से काम नहीं चलेगा। पौधरोपण के साथ पानी का रोपण भी करना होगा। मतलब जल संचयन जरूरी है। संबंधित पौधों के लिए दीर्घकालिक सिंचाई की पुख्ता व्यवस्था जरूरी है। पानी की उपलब्धता तय नहीं होगी तो पौधों को पेड़ बनाना असंभव है। वन महोत्सव सप्ताह में पौधे लगाने की होड़ छोड़नी होगी। संरक्षण का संकल्प लेना होगा। यही अभियान की असली सफलता होगी।

### फर्जी वंशावली के आरोप में ससुर-सास की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**बक्सर**। कथित फर्जी वंशावली तैयार कर विधवा बहू और उसकी पुत्री को पैतृक संपत्ति के अधिकार से वंचित करने के आरोप में फंसे ससुर मृत्युंजय कुमार राय और तारा मुनि देवी को न्यायालय से राहत नहीं मिली। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, बक्सर ने बक्सर नगर थाना कांड में दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने केस डायरी में उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर प्रथमदृष्टया मामला बनता हुआ माना। अभियोजन के अनुसार वादिनी शिल्पी राय ने आरोप लगाया है कि पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा उसके जेवर अपने पास रख लिए। साथ ही उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा करने और न्यायालय में दायर एक रिवीजन याचिका के दौरान कथित रूप से फर्जी वंशवृक्ष प्रस्तुत कर उसमें शिल्पी राय और उसकी पुत्री का नाम नहीं दर्शाया गया, ताकि उन्हें संपत्ति के अधिकार से वंचित किया जा सके। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए अग्रिम जमानत की मांग की, जबकि लोक अभियोजक और पीड़ित पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। न्यायालय ने केस डायरी में दर्ज वादिनी और अन्य गवाहों के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि आरोपों के समर्थन में प्रथमदृष्टया पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। साथ ही मृत्युंजय कुमार राय के विरुद्ध पहले तीन तथा तारा मुनि देवी के विरुद्ध एक पूर्व आपराधिक मामले का भी उल्लेख किया गया। ऐसे में न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# 167 स्कूलों के प्रश्न पत्र पानी में डूबे, क्वार्टरली एग्जाम हुआ शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय परिसर में भारी जलजमाव के कारण नौवीं से बारहवीं कक्षा की क्वार्टरली परीक्षा के प्रश्न पत्र पानी में भीग गए। इस घटना ने शिक्षा विभाग की तैयारियों और सरकारी दावों की पोल खोल दी है। लगभग 167 विद्यालयों के लिए तैयार किए गए 21 सौ प्रश्न पत्रों के बंडल जलमग्न हो गए, जिससे लाखों छात्रों की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने इस मामले का संज्ञान लिया है। दरअसल, जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं, 10वीं और 12वीं की क्वार्टरली परीक्षा बुधवार, 1 जुलाई से शुरू होनी थी। विभागीय निर्देशों के अनुसार, इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों को जिला शिक्षा कार्यालय परिसर स्थित बुनियादी विद्यालय भवन में सुरक्षित रखा गया था। इसी बीच मंगलवार को हुई झमाझम बारिश में सब जलमग्न हो गया। हालांकि, प्रश्न पत्र डबल प्लास्टिक कवर था, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। बारिश कम होने पर लगभग 157 विद्यालयों के टीचर प्रश्न पत्र लेकर चले गए। वहीं लगभग 10 स्कूल के



कुछ विषयों के पेपर कार्यालय परिसर में ही रखे है।

**जल निकासी की व्यवस्था न होने से हुई परेशानीः** बता दें कि, छात्रों की संख्या के अनुसार, प्रश्न पत्रों के अलग-अलग बंडल बनाए गए थे और उन्हें संबंधित विद्यालयों को समय पर वितरित करने के लिए परिसर के खुले मैदान में रखा गया था। सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह हुई तेज बारिश के बाद पूरा कार्यालय परिसर जलमग्न हो गया। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी परिसर में भर गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई प्रश्न पत्रों के बंडल पानी में भीग गए और कुछ पानी के ऊपर तैरते हुए दिखाई दिए। सुबह जब विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक प्रश्न पत्र लेने कार्यालय पहुंचे, तो वे यह दृश्य देखकर हैरान रह गए। शिक्षकों के बीच अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि उन्हें अपने विद्यालय के प्रश्न पत्र ढूंढने पड़ रहे थे, चाहे वे भीगे हुए हों या सूखे।

**शिक्षकों ने विभाग की व्यवस्था पर जताई नाराजगीः** कई शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों ने विभाग की इस लचर व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि ऐसी स्थिति में निष्पक्ष और व्यवस्थित परीक्षा कराना बेहद मुश्किल होगा। बुधवार सुबह भी कुछ पेपर के बंडल परिसर में पड़े हुए थे। हालांकि अब सभी बंडलों को पानी से निकालकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और शिक्षक अपने स्कूल कोड के अनुसार उन्हें ढूंढ रहे हैं। इस पूरे मामले का सबसे गंभीर पहलू यह रहा कि जब परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज पानी में खराब हो रहे थे, तब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद होकर भी कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आए। न तो प्रश्न पत्रों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश की गई और न ही जलजमाव रोकने की कोई तत्काल व्यवस्था की गई। वहीं इस मामले में शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी ने इसे बड़ी लापरवाही माना है।

## पोलियो अभियान को ले सीएचसी गड़हनी में की गई संध्या समीक्षा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गड़हनी**। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गड़हनी में चल रहा पोलियो अभियान कार्यक्रम एक बूंद जिंदगी का को लेकर गड़हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक संध्या समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पोलियो अभियान के तहत तीन दिनों में कितने बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया उसका रिपोर्ट सुपरवाइजर के द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया। जिसमे तीन दिनों में प्रखंड के 11843 घरों में 8318 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील महेंद्र कपूर ने कहा कि प्रखंड के एक भी घरों को छोड़ना नहीं है।यदि एक भी बच्चा छूट गया तो अभियान असफल हो जाएगा। ये अभियान 28 जून से चल रहा है और 2 जुलाई तक चलेगा।इस अभियान के 52 टिम, 15 सुपरवाइजर व 10 मोबाइल टिम को लगाया गया है। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी स्वाति,बीसीएम संजय कुमार, ब्लॉक एम एंड ई पंकज कुमार , एल एस अंजू कुमारी, रवि शेखर चांद, बड़ाबाबू मो अल्ताज, द्वारिका प्रसाद, सभी सुपरवाइजर सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी राकेश पांडेय के नेतृत्व में यह धार्मिक अनुष्ठान पूरी विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर बजरंगबली का आकर्षक श्रृंगार किया गया था, जिसके दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर ''जय श्री राम'' और ''वीर हनुमान'' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। आरती संपन्न होने के बाद उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पुजारी राकेश पांडेय ने कहाः "हनुमान जी की आराधना से सभी कष्ट दूर होते हैं। लोक कल्याण और नगर की सुख-समृद्धि की कामना के लिए



इस महाआरती का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन के सदस्यों सहित भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने कतारबद्ध होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान अमित केशरी,विशाल,धीरज,रवि समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।

## झारखंड की लड़की का मर्डर, पिता बोले- बॉयफ्रेंड से मिलने आई थी, हत्या कर के बॉडी खेत में फेंकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में झारखंड की 19 साल की लड़की की हत्या हुई है। 29 जून को उसकी लाश खेत में मिली थी। मृतका गुलाबी मंडल की बेटी अंजू कुमारी है। पिता गुलाबी मंडल ने बताया कि 2 महीने पहले इंस्टाग्राम पर बेटी सीटू यादव नाम के लड़के के संपर्क में आई थी। सीटू ने ही बुलाकर बेटी की हत्या की। उसका गला रेत दिया है। अंजू की लाश सोमवार की सुबह भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में मिली थी, जो सड़ी-गली हुई थी। उस वक्त पहचान नहीं हो पाई थी। 30 जून को पुलिस को पता चला कि लड़की झारखंड के गोड्डा के हरवाड़ा थाना क्षेत्र के विश्वास रवानी गांव की रहने वाली है।

**26 जून को घर से निकली थी अंजूः** पिता गुलाबी मंडल ने बताया कि 26 जून की सुबह 9 बजे अंजू घर से बिना कुछ बताए निकली थी। शाम तक जब तक वो



घर नहीं लौटी तो हमलोगों ने अंजू की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। हमलोगों ने स्थानीय थाने में बेटी के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई। उसका सीटू यादव से अफेयर चल रहा था। दोनों बातें किया करते थे। उसी से मिलने के लिए वो घर से निकली थी।

**आधार कार्ड से हुई पहचानः** भोजपुर की चरपोखरी थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया था, लेकिन शव अधिक सड़-गल जाने के कारण उसे पोस्टमॉर्टम के लिए ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने पटना रेफर कर दिया था। पुलिस ने युवती के पास से आधार कार्ड बरामद किया था। जिसके बाद पुलिस ने युवती के परिवार वालों से संपर्क किया। परिवार से कहा गया कि आपकी बेटी की लाश सदर अस्पताल में है। सूचना पर मंगलवार को परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे।


**पिता ने FIR कराई दर्जः** पिता गुलाबी मंडल ने सीटू यादव पर FIR कराई है। जिसके बाद पुलिस सीटू की गिरफ्तारी के लिए जुटी है। घटनास्थल से युवती का मोबाइल भी टूटा हुआ मिला। पुलिस ने घटनास्थल पर FSL की टीम को भी बुलाया था। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य को इकट्ठा किए। अंजू 4 बहन और एक भाई में तीसरे नंबर पर थी। परिवार में मां लीला देवी, तीन बहनें पिंकी देवी, साजन देवी, अनोखा कुमारी और एक भाई निरंजन कुमार है।

## भरत तिवारी के 13 वीं पर कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में भरत तिवारी के कथित फेक एनकाउंटर को लेकर युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है। युवाओं का आरोप है कि भरत तिवारी की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई। इस मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हो चुका है, लेकिन घटना के 13 दिन बाद भी किसी आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसी आक्रोश के बीच मंगलवार शाम बक्सर जिले के चौसा नगर पंचायत में भरत तिवारी की तेरहवीं पर सैकड़ों युवाओं ने विशाल कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग की। कैंडल मार्च की शुरुआत चौसा नगर पंचायत के बारे मोड़ से हुई। यह मार्च दुर्गा मंदिर, चौसा बाजार, गढ़ही दीवाल होते हुए पुनः बारे मोड़ पर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान युवाओं के हाथों में कैंडल, बैनर और पोस्टर थे।

**सरकार और प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजीः** प्रदर्शनकारियों ने भरत तिवारी को न्याय दिलाने की मांग करते हुए सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ "मुर्दाबाद" और "हाय-हाय" के नारे भी लगाए। मार्च में शामिल



काजू मिश्रा ने भरत तिवारी की कथित फर्जी एनकाउंटर में मौत को दुखद बताया। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिस अधिकारियों को सख्त सजा देने की मांग की। मिश्रा ने आरोप लगाया कि भरत तिवारी को हथियार उठाने के लिए वहां की व्यवस्था और प्रशासन ने मजबूर किया था। प्रदर्शनकारियों ने भोजपुर एसपी को भी हटाने की मांग की और कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। सत्यदेव पाण्डेय ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन पुलिस अधिकारियों पर आरोप लगे हैं, उन्हीं के जिम्मे इस पूरे मामले की जांच भी दी गई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भरत तिवारी का मोबाइल फोन जल्द से जल्द उनके परिवार को सौंपा जाए, क्योंकि उसमें प्रशासन के खिलाफ कई अहम सबूत मौजूद हैं और पुलिस प्रशासन उसके साथ छेड़छाड़ कर सकता है। को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उभरते जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

**प्रशासन पर निष्पक्ष न होने का आरोपः** उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन निष्पक्ष होता तो अब तक न्याय मिल चुका होता। उनका आरोप था कि भरत तिवारी को सरेंडर करने के बाद मारा गया, जिसका वीडियो भी साक्ष्य के रूप में वायरल है, लेकिन इसके बावजूद अब तक सरकार और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मृत्युंजय पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भरत तिवारी की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि युवा केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं बल्कि यह संदेश देने आए हैं कि अन्याय के खिलाफ युवा समाज एकजुट है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार अंग्रेजों की नीति पर काम कर रही है। जैसे अंग्रेजों ने हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा कर शासन किया, उसी तरह आज समाज को अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है।

## बार-बार बिजली कटौती पर एसडीएम सख्त



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। बैठक में स्पष्ट कहा गया कि प्रतिदिन घंटों तक होने वाली बिजली कटौती से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है और इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं। प्रशासन ने बिजली व्यवस्था में तकनीकी सुधार और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मजबूत विद्युत नेटवर्क तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर एवं ग्रामीण विद्युत कम्पनी के सहायक कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने अधिकारियों से पूछा कि आखिर किन कारणों से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों के कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

**बढ़ते लोड को बताया मुख्य कारणः** विद्युत कम्पनी के अभियंताओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में इंडक्शन चूल्हों, एयर कंडीशनर, कूलर और पंखों के उपयोग में तेजी से वृद्धि हुई है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई है। अत्यधिक लोड पड़ने से कई स्थानों पर तार गर्म होकर जल जाते हैं, जिससे आपूर्ति बाधित होती है और मरम्मत में समय लग जाता है।

**10 से 20 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखकर बने योजनाः** एसडीएम ने कम्पनी को निर्देश दिया कि केवल वर्तमान जरूरत नहीं, बल्कि अगले 10 से 20 वर्षों में बढ़ने वाली आबादी और बिजली की मांग को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी नए तार बिछाए जाएं, वहां उनकी मोटाई और करंट वहन क्षमता भविष्य के बढ़ते लोड के अनुरूप निर्धारित की जाए, ताकि बार-बार तकनीकी समस्याएं उत्पन्न न हों।

**शटडाउन से पहले मिले मोबाइल पर सूचनाः** बैठक में अभियंताओं ने बताया कि कई बार विद्युत लाइनों के रखरखाव और मरम्मत के लिए शटडाउन लेना आवश्यक होता है। इस पर एसडीएम ने निर्देश दिया कि नियमित मेंटेनेंस की पूर्व योजना बनाई जाए और शटडाउन का समय पहले से तय किया जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को मोबाइल संदेश के माध्यम से इसकी सूचना दी जाए, ताकि लोग अपनी जरूरत के कार्य पहले ही पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को असुविधा कम होगी और मेंटेनेंस कार्य में विभाग को भी जनसहयोग मिलेगा।

**लाइनमैन के प्रोत्साहन पर भी जोरः** बैठक के अंत में एसडीएम ने कहा कि बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में लाइनमैन और अन्य कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसे कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग को इंसेंटिव देने की व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़े और आम लोगों को बेहतर बिजली सेवा मिल सके।

## बकरी पालन के लिए जिले में 121 लाभुक चयनित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से तीन बकरी वितरण योजना का लाभ जिले के121 लाभुकों को दिया जाएगा। जिला पशुपालन कार्यालय ने लाभुकों की सूची संबंधित एजेंसी क्षितिज एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करा दी है। अब चयनित लाभुकों को योजना के तहत बकरी यूनिट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं, इन लाभुकों को लगभग 15 दिन के अंदर बकरी उपलब्ध करा दी जाएगी। कुल 121 लाभुकों का चयन किया गया है। इनमें 34 सामान्य वर्ग, 76 अनुसूचित जाति तथा 11 अनुसूचित जनजाति के लाभुक शामिल हैं। अनुसूचित जाति के लाभुकों को 90% अनुदान एवं सामान्य वर्ग के लाभुकों को 80% तक अनुदान दिया जाएगा। विभाग ने चयनित लाभुकों का सत्यापन पूरा कर सूची वितरण एजेंसी को भेज दी है, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बकरी यूनिट का वितरण कराया जा सके। ग्रामीणों को मिलेगा स्वरोजगार का मौका 3 बकरी पालन योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना तथा पशुपालन के माध्यम से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुदान पर




बकरी यूनिट उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे व्यवसाय शुरू कर अपनी आय बढ़ा सकें। विभाग का मानना है कि इससे विशेष रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। पशुपालन स्वरोजगार का मजबूत माध्यम : डॉ रवि कुमार जिला कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. रवि कुमार ने बताया कि चयनित 121 लाभुकों की सूची वितरण एजेंसी को भेज दी गई है। अब एजेंसी के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जल्द हीं लाभुकों को बकरी यूनिट उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाना और पशुपालन को स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनाना है। उन्होंने कहा कि लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिले, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।

### क्लोजर रिपोर्ट के बावजूद नगर परिषद के दो अधिकारियों पर चलेगा मुकदमा

**बक्सर**। बक्सर में नगर परिषद के दो अधिकारियों और एक अधिवक्ता के बीच विवाद अब अदालत तक पहुंच गया है। नगर थाना कांड संख्या 601/2025 में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बावजूद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवेश कुमार ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता और कनीय अभियंता अंजनी कुमार के खिलाफ संज्ञान लिया है। अदालत ने दोनों को 29 जुलाई को उपस्थित होने के लिए समन जारी करने का आदेश दिया है। मामला अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ था। शिकायत में कहा गया कि उनके घर के सामने सड़क और नाली निर्माण के दौरान नियमों की अनदेखी से मकान को नुकसान हुआ। विरोध करने पर नगर परिषद कार्यालय बुलाकर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट के प्रयास का आरोप लगाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक साल से फरार आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मसौढ़ी**। भगवानगंज थाना पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भगवानगंज थाना क्षेत्र के काजीचक पेटीबिगहा गांव निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विकास कुमार भगवानगंज थाना कांड संख्या 214/25 में एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में पिछले करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह इससे पहले परवलपुर थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के एक मामले में भी जेल जा चुका है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए बुधवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### वैशाली में चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, 3 को मिली प्रोन्नति

**हाजीपुर**। वैशाली में चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए, जबकि तीन पुलिस पदाधिकारियों को प्रोन्नति मिली। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने अपने कार्यालय में बुलाकर इन सभी को सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को एसपी ने रामचरितमानस भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर उन्हें उनके आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। वहीं, सार्जेंट से सार्जेंट मेजर के पद पर पदोन्नत हुए तीन पुलिस अधिकारियों को एसपी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। पदोन्नत होने वालों में सार्जेंट नीलेश कुमार सिंह, सार्जेंट संतोष कुमार और सार्जेंट शिल्पा कुमारी शामिल हैं। यह पाइपिंग सेरेमनी पुलिस अधीक्षक कार्यालय हाजीपुर में आयोजित की गई थी। इस दौरान पुलिस कप्तान ने पदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर एक सितारा लगाकर उन्हें अलंकृत किया। एसपी ने उन्हें पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने सेवानिवृत्त होने वाले चारों पुलिसकर्मियों को भी आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### रोड एक्सीडेंट, 7 लोग घायल, स्कॉर्पियो-बोलेरो की टक्कर, 2 रेफर, शादी में जा रहे थे

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में मायाराम हाट के पास एक सड़क दुर्घटना में 6 से 7 लोग घायल हो गए। यहां स्कॉर्पियो और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हुई। यह घटना बिदुपुर थाना परिसर से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही स्कॉर्पियो से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में 6 से 7 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो और बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### सदर अस्पताल में कचरे से मिली सरकारी दवाएं-इंजेक्शन विभागीय जांच के बाद एक्सपायर होने की होगी पुष्टि

**हाजीपुर**। हाजीपुर सदर अस्पताल परिसर के पास कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां और इंजेक्शन पाए गए हैं। मौके पर मिली कुछ दवाइयों के पैकेट और शीशियों पर अंकित जानकारी के अनुसार, वे प्रथम दृष्टया एक्सपायर नहीं लग रही थीं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि विभागीय जांच के बाद ही हो पाएगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि काफी समय से अस्पताल के पास मेडिकल सामग्री फेंकी जा रही थी। सूचना मिलने पर जब मौके का मुआयना किया गया, तो कचरे के बीच बड़ी संख्या में दवाइयां और इंजेक्शन बिखरे हुए पाए गए। इस घटना ने अस्पताल की कार्यप्रणाली और मेडिकल कचरा प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह सवाल उठ रहा है कि यदि ये दवाइयां उपयोग योग्य थीं, तो इन्हें मरीजों को उपलब्ध कराने के बजाय कचरे में क्यों फेंका गया? वहीं, यदि इन्हें नष्ट किया जाना था, तो क्या इसके लिए निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया था? यह उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों में अक्सर मरीजों को दवाइयां उपलब्ध न होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। ऐसे में, कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयों का मिलना स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि इस मामले की गहन जांच कराई जाती है या नहीं। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

### पिता बोले- 2 लाख के लिए मर्डर, बोरी में मिली बॉडी, गलाने के लिए यूरिया डाला

**मुजफ्फरपुर**। शादी के बाद जिस गाड़ी से बेटी की विदाई हुई थी, उसी कार से ससुराल वालों ने लाश को ठिकाने लगाया है। वे लोग बेटी की हत्या कर फरार है। इनलोगों ने पहले बाइक मांगी थी। मेरी हैसियत स्पलेंडर देने की थी, पर दादाद के जिद पर कर्ज लेकर अपाची बाइक पिछले साल धनतेरस पर दी थी, अब 2 लाख नगद भी मांग रहे थे। कहां से देता। ये बातें मृतका के पिता विनोद राम ने कही है। जिनकी बेटी खुशबू कुमारी की लाश मुजफ्फरपुर में ससुराल से 2 किमी दूर 6 दिन पहले मिली थी। शव बोरी में बंद था। जिसे गलाने के लिए यूरिया का भी इस्तेमाल किया गया था। मामसा गायघाट का है। विनोद राम ने बताया कि खुशबू की शादी 26 फरवरी 2025 को बिट्टू राम के साथ शर्फुद्दीनपुर स्थित राधा-कृष्ण ठाकुर मंदिर में की थी। अगले ही दिन दोनों ने कोर्ट में शादी के लिए रजिस्ट्रेशन भी कराया। परिवार को उम्मीद थी कि बेटी सुखी रहेगी, लेकिन शादी के कुछ ही दिनों बाद उसका जीवन प्रताड़ना में बदल गया। 24 जून को बेटी से संपर्क टूट गया। उसी दिन शादी कराने वाले व्यक्ति ने सूचना दी कि बेटी ससुराल से लापता है। जब हमलोग ससुराल पहुंचे तो घर में ताला लगा था और सभी लोग फरार थे। रिश्तेदारों और आसपास काफी खोजबीन के बाद भी जब खुशबू का पता नहीं चला तो 25 जून को पीयर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस 5 दिनों तक उसकी तलाश करती रही, लेकिन सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सूचना मिली एक लाश मिली है, हमलोग वहां गए तो देखा हमारी बेटी है। विनोद राम ने कहा, मेरी बेटी सात महीने की गर्भवती थी। उसकी हत्या के साथ अजन्मे बच्चे की भी हुई। यह एक नहीं, दो-दो हत्याएं हैं। जिसने अभी दुनिया भी नहीं देखी, उसे भी मार डाला गया। दामाद दिल्ली में राजमिस्त्री का काम करता है और हत्या करने के बाद वापस दिल्ली भाग गया। पिता का कहना है कि आरोपियों का आपराधिक प्रभाव है और डर है कि कहीं मेरी भी हत्या न कर दी जाए। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

### श्रावणी मेले में सीसीटीवी से होगी निगरानी

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में इस बार श्रावणी मेले के दौरान कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था हाईटेक होगी। 30 जुलाई से शुरू होने वाले मेले में पहली बार पहलेजा घाट से लेकर बाबा गरीबनाथ धाम तक सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इन कैमरों के जरिए पूरे कांवरिया पथ पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी, जिससे छिनतई, मारपीट या अन्य अप्रिय घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई हो सके। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले शहर में प्रवेश के बाद सीमित कैमरे लगते थे, लेकिन इस बार कांवरियों के पहलेजा घाट से जल भरने के साथ ही उनकी पूरी यात्रा कैमरों की निगरानी में रहेगी। नेशनल हाईवे के सुनसान इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां पहले छिनतई जैसी घटनाएं हुई थीं। जिला प्रशासन के अनुसार, सभी प्रमुख कैमरों को स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा। अनुमंडल कार्यालय और जिला कंट्रोल रूम से भी इनकी निगरानी होगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल अलर्ट भेजा जाएगा, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस बार केवल मंदिर परिसर ही नहीं, बल्कि कांवरिया पथ, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य शिविरों, विश्राम स्थलों और प्रमुख चौराहों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे।

# एनएच-22 पर हाईवा की टक्कर से महिला की मौत, दामाद और पांच वर्षीय नाती घायल

## गोपालपुर मठ के पास हादसे के बाद चार घंटे तक हाईवे जाम, हाईवा जब्त; फरार चालक की तलाश में पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-22) पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ के समीप बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके दामाद और पांच वर्षीय नाती घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे एवं दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब चार घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रखा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

मृतका की पहचान जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के टरवां गांव निवासी कुंती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कुंती देवी अपने दामाद अरुण कुमार और पांच वर्षीय नाती के साथ जहानाबाद से इलाज कराकर बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान गोपालपुर मठ के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात हाईवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कुंती देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अरुण कुमार और उनका पांच वर्षीय पुत्र घायल हो गए। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कुंती देवी को मृत घोषित कर दिया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।



हादसे से आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा आरोपी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सड़क जाम के कारण करीब चार घंटे तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।

प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण हाईवा की तेज रफ्तार और चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देना माना जा रहा है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है तथा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

पुलिस वाहन के स्वामित्व, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी संकेतकों और यातायात प्रबंधन की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### पवन सिंह ने एमएलसी पद की शपथ ली

**पटना**। बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पिछले दिनों पर MLC निर्वाचित हुए। इन नवनिर्वाचित MLC को लेकर बिहार विधान परिषद के एनेक्सी में शहथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने MLC पद की शपथ ली। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख, सुनिल कुमार सिंह समेत 10 MLC ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने नवनिर्वाचित MLC को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में सीएम सम्राट चौधरी, सभापति अवधेश नारायण सिंह, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मौजूद रहे। मंच पर डिप्टी सीएम विजय चौधरी के बगल में तेजस्वी यादव बैठे दिखे। बता दें कि 20 दिन पहले बीजेपी से 4, जेडीयू से 4, एलजेपी (आर) और राजद से 1-1 कैंडिडेट्स ने निर्विरोध जीत हासिल की थी। हालांकि, मंत्री दीपक प्रकाश को NDA ने MLC नहीं बनाया। उनके मंत्री पद को लेकर कई कयास भी लगाए गए।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, निजी नर्सिंग होम में परिजनों का हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। फतुहा थाना क्षेत्र के महारानी चौक स्थित मारुति नंदन नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान मंगलवार देर रात एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका की पहचान नदी थाना क्षेत्र के मौजीपुर गांव निवासी जितेंद्र राय की 35 वर्षीय पत्नी ममता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मंगलवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें महारानी चौक स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने शल्यक्रिया (ऑपरेशन) के माध्यम से प्रसव कराया, जिसके बाद उन्होंने अपने छठे बच्चे को जन्म दिया। नवजात शिशु स्वस्थ बताया जा रहा है।

परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद ममता देवी की तबीयत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से समय पर समुचित उपचार और निगरानी नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। इसी आरोप को लेकर परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी वहां पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। इसके बाद बुधवार दोपहर स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन और मृतका के परिजनों के बीच कई घंटे तक बातचीत हुई। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया। समझौते के उपरांत परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ घर ले गए। इस कारण मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। घटना के बाद मौजीपुर गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने समितियों के कार्यों की समीक्षा की, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को विधानसभा सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विधानसभा समितियों एवं सचिवालय की शाखाओं के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समितियों के लंबित मामलों, उनकी कार्यप्रणाली और निष्पादन की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया तथा कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रम समिति, प्राक्कलन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, निवेदन समिति, कारा सुधार समिति, गैर सरकारी संकल्प समिति, बिहार विरासत विकास समिति सहित अन्य समितियों एवं विधानसभा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रम समिति में कई मामले लंबे समय से लंबित हैं।



अध्यक्ष ने बताया कि 23 विभागों से संबंधित कंडिकाएं अब भी लोक लेखा समिति में लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर इन मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित विभागों के साथ नियमित समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित कंडिकाओं का समयबद्ध निपटारा करने को कहा।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा सचिवालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी समिति में अनावश्यक लंबित मामले न रहें। उन्होंने शून्यकाल, याचिका, निवेदन, ध्यानाकर्षण तथा गैर सरकारी संकल्प से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों से निर्धारित समय पर जवाब प्राप्त नहीं हो रहे हैं, उन्हें नियमित रूप से स्मार पत्र भेजे जाएं। यदि तीन स्मार पत्र भेजने के बाद भी संबंधित विभाग उत्तर नहीं देते हैं, तो मुख्य सचिव को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण समिति, कारा सुधार समिति, पुस्तकालय समिति, कृषि उद्योग विकास समिति तथा आवास शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई। आवास शाखा के संबंध में अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि जिन विधायकों ने अब तक आवंटित सरकारी आवास का प्रभार ग्रहण नहीं किया है, उनकी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कराकर उन्हें जल्द से जल्द आवास का कब्जा दिलाया जाए।

बैठक के दौरान विधानसभा सचिवालय के संबंधित पदाधिकारियों ने विभिन्न समितियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों से समयबद्ध, पारदर्शी और परिणामोन्मुख कार्यशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि विधानसभा समितियों की प्रभावी कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## बिहार में केश कला बोर्ड गठन की मांग तेज, शिष्टमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंपा ज्ञापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में केशशिल्पकार (नाई) समाज के सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक विकास के लिए केश कला बोर्ड के गठन की मांग एक बार फिर प्रमुखता से उठी है। इस संबंध में मुख्य संयोजक संदीप ठाकुर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने बिहार विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि बिहार में बड़ी संख्या में केशशिल्पकार समाज के लोग पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन उनके समग्र विकास के लिए अब तक कोई समर्पित बोर्ड गठित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में केश कला बोर्ड के गठन से समाज के लोगों को प्रशिक्षण, स्वरोजगार, सामाजिक



सुरक्षा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्य संयोजक संदीप ठाकुर ने बताया कि 13 जून 2026 को पटना के रविंद्र भवन में आयोजित अखिल भारतीय नाई महासम्मेलन में भी हजारों प्रतिनिधियों ने बिहार में केश कला बोर्ड के गठन की मांग को प्रमुखता से उठाया था। सम्मेलन में समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए इस दिशा में ठोस पहल किए जाने पर जोर दिया गया था। ज्ञापन में कहा गया कि केश कला बोर्ड के गठन से युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण, आसान ऋण सुविधा, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही बीमा, पेंशन, स्वास्थ्य सहायता, दुर्घटना सहायता जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी समाज के लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। शिष्टमंडल ने यह भी मांग की कि समाज के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक सहायता की व्यवस्था की जाए। साथ ही पारंपरिक केश कला के संरक्षण, कौशल विकास तथा सरकार और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी प्रस्तावित बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शिष्टमंडल की मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण और विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए प्रस्तावों और मांगों को संबंधित स्तर पर विचार के लिए भेजा जाएगा, ताकि समाज के हितों की रक्षा और समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों ने भी केश कला बोर्ड के गठन को सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

## पटना समेत 8 जिलों में बारिश, पूरे बिहार में अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में मानसून पूरी तरह से एक्टिव है। पटना, बेगूसराय, सीवान, मधेपुरा, सुपौल में सुबह-सुबह बारिश हुई है। दोपहर में गयाजी, बगहा और पूर्णिया में झमाझम बारिश हुई है। आसमान में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश की संभावना जताई है। पटना समेत 13 जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि 25 जिलों में यलो अलर्ट है। इन जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं। कई जिलों में बारिश की भी संभावना है। 50 से 60Kmph की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान खगड़िया, समस्तीपुर, सासाराम और जमुई में झमाझम बारिश हुई। वहीं, औरंगाबाद में बारिश



के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, राजधानी पटना में दिनभर बादल छाए रहे। मंगलवार को कैमूर 38.7 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, सासाराम का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, जिन इलाकों में बारिश हुई, वहां तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी में हल्की उमस जरूर रही, लेकिन ठंडी हवा चलने से लोगों को काफी राहत मिली।

## दानापुर में नमकीन दुकान से लाखों की चोरी, दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के तकियापर निचली रोड स्थित कृष्णा नमकीन कॉर्नर में मंगलवार देर रात चोरी की घटना हुई। चोरों ने दुकान का दरवाजा तोड़कर गल्ले से करीब 80 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये मूल्य के सोने के जेवरात चुरा लिए। यह घटना पुलिस चौकी से लगभग एक हजार गज की दूरी पर हुई है।

दुकान की संचालिका अर्चना कुमारी ने बताया, 'मंगलवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर वह अपने घर के ऊपरी हिस्से में सोने चली गई थीं। बुधवार सुबह करीब 6 बजे दुकान पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकान के दरवाजे का एक पल्ला उखड़ा हुआ था। अंदर देखने पर गल्ले से लगभग 80 हजार रुपये नकद और एक शीशे की बोतल में रखे सिक्के गायब मिले। जांच करने पर पता चला कि ग्राहकों द्वारा



◆ लाखों के गहने-80 हजार कैश ले उड़े, एक संदिग्ध हिरासत में

सुरक्षित रखने के लिए दिए गए करीब 5 से 6 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात भी चोर अपने साथ ले गए थे। घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध चोरों की तस्वीरें कैद हुई हैं। फुटेज के आधार पर स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई।

## जीडीपी के ताज़ा आंकड़ों ने विपक्ष के दावों को गलत साबित किया : ऋतुराज सिन्हा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े ताज़ा आंकड़े देश की आर्थिक मजबूती को दर्शाते हैं और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का जवाब भी देते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत की 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था को लेकर नकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करने का प्रयास करते रहे हैं। उनका आरोप है कि जब भी भारत कोई महत्वपूर्ण



आर्थिक उपलब्धि हासिल करता है, तब कांग्रेस उसे स्वीकार करने के बजाय सरकार की आलोचना और देश की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाने का प्रयास करती है। उन्होंने दावा किया कि हालिया आर्थिक आंकड़ों ने ऐसे सभी दावों को गलत साबित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि चीन, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों की तुलना में भारत की विकास दर अधिक

**भाजपा राष्ट्रीय मंत्री बोले— 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि मोदी सरकार की नीतियों और मजबूत आर्थिक प्रबंधन का प्रमाण**

है, जो सरकार की आर्थिक नीतियों की सफलता को दर्शाती है। उनके अनुसार, वैश्विक स्तर पर रूस-यूक्रेन युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता और अंतरराष्ट्रीय तनाव जैसे हालात के बावजूद भारत ने अपनी आर्थिक गति बनाए रखी है।

भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार के प्रभावी आर्थिक प्रबंधन के कारण भारत लगातार मजबूत विकास दर दर्ज कर रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, बढ़ता प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास देश की मजबूत आर्थिक स्थिति के प्रमुख संकेतक हैं।

ऋतुराज सिन्हा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध और देश की उपलब्धियों का विरोध, दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की आर्थिक उपलब्धियों को स्वीकार करने के बजाय नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास करती है, जबकि जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व पर विश्वास करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और देश की आर्थिक प्रगति भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमांशु हत्याकांड पर भाजपा का अल्टीमेटम, 48 घंटे में कार्रवाई नहीं तो 03 जुलाई को रहेगा जमशेदपुर बंद



**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर में युवा हिमांशु सिंह की हत्या के बाद राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने इस मामले में प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय के भीतर सभी आरोपितों की गिरफ्तारी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो 03 जुलाई को जमशेदपुर बंद किया जाएगा। इसके पहले 02 जुलाई को शहर के सभी मंडल क्षेत्रों में मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बुधवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुई हत्या ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्टी का आरोप है कि जमशेदपुर में हत्या, लूट, चोरी, चाकूबाजी, अवैध नशे और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। मीडिया से बातचीत में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर सरकार नशा मुक्ति अभियान की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शराब दुकानों की संख्या बढ़ाने और देर रात तक उन्हें खुला रखने जैसे फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण अपराधियों और नशे के कारोबारियों का मनोबल बढ़ा है। संजीव सिन्हा ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में एक युवक की हत्या हो जाना प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। उनका कहना था कि यदि अपराधियों में कानून का भय होता तो ऐसी घटना नहीं होती। उन्होंने दोहराया कि भाजपा हिमांशु सिंह को न्याय दिलाने और शहर में बेहतर कानून-व्यवस्था बहाल कराने के लिए आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जनभावनाओं की अनदेखी की तो भाजपा जनता के सहयोग से व्यापक आंदोलन करेगी। पार्टी का दावा है कि 03 जुलाई का प्रस्तावित जमशेदपुर बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा, लेकिन इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की होगी।

### सफाईकर्मियों को सरकार के तय मानक के अनुसार मिले वेतन : सरयू राय



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सफाई व्यवस्था और सफाईकर्मियों के वेतन भुगतान को लेकर झारखंड सरकार तथा संबंधित निकायों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को सोनारी के कुंज नगर क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे सरयू राय ने अपने प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सफाईकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जहां 50 सफाईकर्मियों की तैनाती होनी चाहिए, वहां केवल 32 कर्मचारी ही कार्यरत मिले। उन्होंने कहा कि निर्धारित संख्या से कम कर्मियों के कारण क्षेत्र की साफ-सफाई प्रभावित हो रही है। सफाईकर्मियों ने उन्हें बताया कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पूरा वेतन नहीं मिल रहा है और उनके वेतन से पीएफ तथा ईएसआई के नाम पर कितनी राशि काटी जाती है, इसकी भी जानकारी उन्हें नहीं दी जाती। सरयू राय ने कहा कि वर्षों से सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने जेएनएसी से सफाईकर्मियों की संख्या और व्यवस्था पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही बताया कि जल्द ही कदमा और मानगो का भी दौरा कर वहां सफाई व्यवस्था, कर्मियों की उपस्थिति और ठेका प्रणाली की समीक्षा करेंगे, ताकि शहर में बेहतर और जवाबदेह सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### केवल तबादलों से नहीं, जवाबदेही तय कर बहाल हो जनता का भरोसा : डॉ पवन



**पूर्वी सिंहभूम।** करणी सेना के नेता हिमांशु सिंह की हत्या को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में एनसीपी (नगर निकाय) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ पवन पांडेय ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस की मौजूदगी में और पुलिस वाहन से किसी व्यक्ति को बाहर निकालकर उस पर जानलेवा हमला कर हत्या कर दी जाती है, तो आम नागरिकों के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा होगी। ऐसी घटनाएं कानून के शासन और प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को प्रभावित करती हैं। डॉ पांडेय ने कहा कि घटना के बाद कुछ अधिकारियों का तबादला किया गया है, लेकिन केवल तबादले को पर्याप्त कार्रवाई नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि गंभीर मामलों में जिम्मेदारी तय करना और दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना अधिक आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। मनोहरपुर-आनंदपुर मुख्य मार्ग पर उधंन गांव स्थित फॉरेस्ट नाका के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से 40 वर्षीय जगन्नाथ सिंह उर्फ झंझट की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उधंन गांव निवासी जगन्नाथ सिंह मंगलवार रात मनोहरपुर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। जब वह फॉरेस्ट नाका के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मनोहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए जांच तेज कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि दुर्घटना के जिम्मेदार चालक तक पहुंचा जा सके।

# झारखंड के पांच जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने 02 जुलाई को राज्य के पांच जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है उनमें लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। इन क्षेत्रों में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, 05 और 06 जुलाई को भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर नहीं जाने तथा वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 84.8 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में दर्ज की गई। अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 36.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, लेकिन इसके बावजूद लोगों को गर्मी और उमस से खास राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 32.4 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 36.6 डिग्री और 24.2 डिग्री, बोकारो में 34.1 डिग्री और 24.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 29.8 डिग्री और न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। ऐसे में विशेषकर भारी बारिश और वज्रपात की आशंका वाले क्षेत्रों के लोगों को मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट और प्रशासन की सलाह का पालन करने की आवश्यकता है।

## वृक्ष भविष्य की सबसे बड़ी धरोहर, हर व्यक्ति लगाए एक पेड़ : डॉ. प्रदीप वर्मा

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत रेंगाबासा गांव में बुधवार को आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और समृद्ध भविष्य की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले,तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चाईबासा जिला की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कुंज बिहारी खंडाईत एवं अभियान संयोजक सह जिला मंत्री रूपा दास के नेतृत्व में आम का पौधा लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर चिकित्सक और सीए दंपत्ति सम्मानित

**एजेंसी। रांची**



श्री राम भरत मिलाप समिति की ओर से बुधवार को डोरंडा बाजार स्थित समिति कार्यालय में डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट दंपत्ति को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मासिक निःशुल्क एक्यूप्रेशर और नेचुरल थेरेपी शिविर का विधिवत शुभारंभ भी किया गया, जो प्रत्येक माह की एक से 15 तारीख तक संचालित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि स्वास्थ्य और आर्थिक व्यवस्था, दोनों ही समाज के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट अपने-अपने क्षेत्र में समर्पण के साथ समाज की सेवा कर रहे हैं, इसलिए दोनों का योगदान सम्माननीय है। कार्यक्रम में नेचुरल थेरेपी विशेषज्ञ अभय बरनवाल, डॉ आनंद बर्मन और चार्टर्ड अकाउंटेंट दंपति मयूर शारदा और खुशबू शारदा को सम्मानित किया गया। अभय बरनवाल ने बताया कि शिविर में मेथी दाना, कलर थेरेपी और मैग्नेट थेरेपी के माध्यम से उपचार किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नम्रता सोनी ने किया। इस अवसर पर बीके विजय, सरदार अशोक सिंह, हरिप्रसाद विजयवर्गीय, महेश विजय सहित समिति और विभिन्न सामाजिक संगठनों के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस मुखबिरों की हत्या मामले में हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक पॉलस सुरिन और नक्सली जेठा कच्छप को किया बरी

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए सजायाफ्ता पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को बरी कर दिया है। अदालत ने दोनों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील स्वीकार करते हुए आजीवन कारावास की सजा को निरस्त कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार को सुनाया गया। खंडपीठ ने साक्ष्यों और पक्षकारों की दलीलों पर विचार करने के बाद दोनों अपीलकर्ताओं को दोषमुक्त कर दिया। गौरतलब है कि इससे पहले रांची की अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने इस दोहरे हत्याकांड में पौलूस सुरीन और जेठा कच्छप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था तथा जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया था। अभियोजन के अनुसार, वर्ष 2013 में खूंटी जिले के तोरपा क्षेत्र में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की उनके घर के सामने बने चबूतरे पर अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के संबंध में कर्रा थाना में कांड संख्या 27/2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो, पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप सहित अन्य आरोपितों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद इस बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में पौलूस सुरीन और जेठा कच्छप को राहत मिल गई है। हालांकि मामले में अन्य आरोपितों के विरुद्ध न्यायिक प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कानूनी प्रावधानों के अनुसार जारी रहेगी।

## लायंस क्लब ने महिला पुलिसकर्मियों के बीच बांटा छाता




**एजेंसी। रांची**

लायंस क्लब रांची की ओर से बुधवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ड्यूटी कर रही महिला पुलिसकर्मियों के बीच छातों का वितरण किया गया। बढ़ती धूप और बारिश के मौसम को देखते हुए क्लब ने यह सेवा अभियान चलाया, जिसका महिला पुलिसकर्मियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने लायंस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान इस तरह की उपयोगी सामग्री उन्हें काफी राहत पहुंचाएगी। उन्होंने क्लब से भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान जारी रखने का अनुरोध किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष दिलीप बंका सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देती है और जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य लगातार जारी रखेगी। बंका ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब रांची के वर्तमान अध्यक्ष लायन दिलीप कुमार बंका, प्रथम महिला लायन बीना बंका, निर्मल मानपुरिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हिमांशु सिंह हत्याकांडः भाजपा ने 2 जुलाई को मशाल जुलूस और 3 जुलाई को जमशेदपुर बंद का किया ऐलान

**एजेंसी। रांची**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर में करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या और राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि कानून के शासन पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं रह गया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आदित्य साहू ने घोषणा की कि जमशेदपुर की घटना के विरोध और राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ 2 जुलाई की शाम को जमशेदपुर में भाजपा एवं आम जनता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा 3 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो भाजपा पूरे झारखंड बंद का भी आह्वान करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जमशेदपुर की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया, उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और जब वह अपनी जान बचाने के लिए पुलिस वाहन में घुस गया, तब भी अपराधी उसे पुलिस के सामने वाहन से बाहर खींचकर ले गए और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही, जो राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। साहू ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में पुलिस वाहन से किसी व्यक्ति को बाहर निकालकर उसकी हत्या कर देना इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं बचा है। उन्होंने इसे राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की बड़ी विफलता बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या से संबंधित धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई करते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों को जेल भेजने की मांग की। साथ ही उन्होंने हत्या के सभी आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग भी उठाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार से झारखंड की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करने और अपराध नियंत्रण के लिए स्पष्ट कार्ययोजना सार्वजनिक करने की भी मांग की। उन्होंने दावा किया कि पिछले छह वर्षों में झारखंड में 10,113 दुष्कर्म, 11 हजार से अधिक अपहरण, 60 हजार से ज्यादा चोरी, लगभग 9,300 हत्याएं तथा करीब 2.80 लाख संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े राज्य में कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं। प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह तथा दीनदयाल बरनवाल भी उपस्थित थे।

## आईसीएआई के 78 वें स्थापना दिवस पर रांची शाखा में रक्तदान शिविर और पौधारोपण कार्यक्रम

**एजेंसी। रांची**



दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 78 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईसीएआई की रांची शाखा ने बुधवार को शाखा परिसर में आईसीएआई का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए शाखा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ, रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के बाद रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने कहा कि आईसीएआई केवल एक पेशेवर संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त भागीदार है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और सुशासन के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सभी सदस्यों और सीए विद्यार्थियों से समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रांची शाखा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सैमफोर्ड हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और सीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्त का संग्रह कराया। वहीं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में सदस्यों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। पौधारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष में सीए बिनोद बांका, सीए मनीषा बियानी, सीए महेन्दर जैन, सीए मनीष जैन, सीए उदय जायसवाल, सीए अभिषेक केडिया, सीए प्रवीण शर्मा, सीए पंकज मक्कड़ और सीए संदीप जालान सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं सीए विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दिया।



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

**निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2026–27)**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/559/2026–27 (गै0यो0) दिनांक–01.07.2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | : | दिनांक **08.07.2026** को 12.00 बजे से दिनांक **22.07.2026** तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में) |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक **23.07.2026** को **3.00** बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक **23.07.2026** को 3.30 बजे अप0 के बाद। |
| 5 | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | : | (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, धुर्वा, रांची।<br>(2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।<br>(3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | : | क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर |
| 7 | कार्य का विवरण :– | | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | विलासपुर–धुरकी भाया बीरबल, खाला, खुटिया, सगमा पथ में साधारण मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 2. | वंशीधर मंदिर–चित्तविश्राम–बम्बा–चना–गरदा पथ में साधारण मरम्मति कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 3. | भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में 650.00 मी0 का डायवर्सन सड़क का निर्माण कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 4. | पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत विभिन्न पथों में सड़क सुरक्षात्मक उपाय कार्य। | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 5. | पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत विभिन्न पथों पर Regulatory Sign Board (Silence Zone) का अधिष्ठापन कार्य। | 13,00,000.00 | 26,000.00 | 2,500.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 6. | मझिआंव–सुण्डीपुर पथ के कि0मी0 0.00 से 27.300 कि0मी0 में अवस्थित पुलियों का जिर्णोद्धार–सह– साधारण मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 7. | मझिआंव–सुण्डीपुर पथ के 20वें कि0मी0 में गार्ड वॉल निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |

नोटः– (1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
(2) परिमाण विपत्र की राशि भारतीय स्टेट बैंक जो कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, गढ़वा के पदेन होना अनिवार्य होगा।
(3) निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 383730 Road(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन दहन के तहत 21.69 लाख रुपये के मादक पदार्थ नष्ट कराए

**हरदोई, एजेंसी।** नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से हरदोई पुलिस ने 'ऑपरेशन दहन' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में जब्त किए गए करीब 21.69 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कराया। यह कार्रवाई संडीला क्षेत्र के ग्राम मलैया स्थित एवी बायो मेडिकल वेस्ट सर्विस के इंसिनरेटर प्लांट में न्यायालय के आदेश तथा ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) की निगरानी में संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 15 मुकदमों से संबंधित कुल 14.802 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए। इनमें 45 ग्राम हेरोइन, 12.630 किलोग्राम गांजा तथा 2.127 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ शामिल थे। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 21 लाख 69 हजार 600 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब्त मादक पदार्थों को अब तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया था। न्यायालय के आदेश के बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और वैज्ञानिक मानकों का पालन करते हुए उनका निस्तारण कराया गया, जिससे इनके दोबारा दुरुपयोग की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। इस दौरान माल निस्तारण समिति के सदस्य एवं क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव, प्रभारी नारकोटिक्स सेल राजकुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, भंडारण या तस्करी की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग विकास के लिए 53.82 करोड़ का अतिरिक्त फंड मंजूर

**घृष्णेश्वर , एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध श्री घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम के व्यापक विकास के लिए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए परियोजना में 53 ।82 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही विकास परियोजना की कुल लागत बढ़कर 210.45 करोड़ रुपये हो गई है। नई मंजूरी के बाद मंदिर परिसर और आसपास श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी कुंभमेले को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं को भी मजबूत बनाया जाएगा। सरकार ने परियोजना के लिए दूसरी संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति जारी करते हुए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में, उच्च गुणवत्ता के साथ और आवश्यक वैधानिक अनुमति प्राप्त कर पूरे करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना के कार्यान्वयन और निगरानी की जिम्मेदारी छत्रपति संभाजीनगर के जिलाधिकारी को सौंपी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि विकास कार्यों के दौरान घृष्णेश्वर मंदिर और आसपास की ऐतिहासिक धरोहर का मूल स्वरूप किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। सरकारी स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक में आगामी कुंभ मेले के दौरान संभावित श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने, अतिरिक्त क्लॉक रूम, भक्त निवास में नए कमरों का निर्माण, आवश्यक फर्नीचर, बाहरी संपर्क एवं वलय मार्ग, सड़क किनारे प्रकाश व्यवस्था तथा निर्बाध पेयजल आपूर्ति जैसी सुविधाओं को परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए थे। आधुनिक क्लॉक रूम, पत्थर की सुरक्षा दीवार, लोहे की सुरक्षा ग्रिल, पत्थर के पाथवे, व्यापक वृक्षारोपण, अतिरिक्त भक्त निवास, गुफा क्रमांक-1 से महादेव मंदिर तक नया संपर्क मार्ग, सौर एवं एलईडी स्ट्रीट लाइट, जल भंडारण टंकियां, वर्षा जल संरक्षण प्रणाली, आरओ पेयजल केंद्र, टपक सिंचाई व्यवस्था, ठोस कचरा प्रबंधन तथा सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएं विकसित की जाएगी।

# पति से ज्यादा कमाने वाली पत्नी अंतरिम गुजारा भत्ते की हकदार नहीं: कर्नाटक हाईकोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने अंतरिम गुजारा भत्ते पर एक अहम फैसले में कहा है कि अगर कोई आर्थिक रूप से इंडिपेंडेंट पत्नी अपने पति से ज्यादा कमाती है, तो वह मेंटेनेंस पाने की हकदार नहीं है. कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें एक पति को अपनी पत्नी को अंतरिम मेंटेनेंस के तौर पर हर महीने 20,000 रुपये देने का आदेश दिया गया था.

जस्टिस चिल्लकुर सुमलता ने यह आदेश पति की उस याचिका को स्वीकार करते हुए दिया जिसमें महीने का गुजारा भत्ता देने के ट्रायल कोर्ट के निर्देश को चुनौती दी गई थी. हाई कोर्ट ने कहा कि कोर्ट को सिर्फ जेंडर के आधार पर यह मानकर मेंटेनेंस नहीं देना चाहिए कि पति हमेशा अपनी पत्नी को आर्थिक रूप सहयोग करने के लिए जिम्मेदार होता है. कोर्ट ने कहा कि मेंटेनेंस ऑर्डर हर मामले के फैक्ट्स और हालात की ध्यान से जांच करने के बाद ही पास किए जाने चाहिए, खासकर तब जब पत्नी फाइनेंशियली सिक्योर हो और उसे ऐसी मदद की जरूरत न हो. कोर्ट ने आगे कहा कि जहां पत्नी आर्थिक रूप से स्वतंत्र है, अपने पति से ज़्यादा कमाती है और बच्चों की देखभाल जैसी कोई एक्स्ट्रा जिम्मेदारी नहीं है, तो कोर्ट को



सिर्फ यह मानकर पति को मेंटेनेंस देने का आदेश नहीं देना चाहिए कि पत्नी का मेंटेनेंस करना उसकी ड्यूटी है. बेंच ने फैमिली कोर्ट्स को इस पारंपरिक सोच से प्रभावित होने के खिलाफ चेतावनी दी कि पति को हमेशा अपनी पत्नी का गुजारा करना चाहिए. बेंच ने कहा कि अंतरिम या आखिरी गुजारा भत्ता आम तौर पर तभी दिया जाना चाहिए जब पत्नी यह दिखा दे कि उसके पास अपना गुजारा करने के लिए कोई अलग आर्थिक साधन नहीं है. इस मामले के फैक्ट्स का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी ने खुद माना था कि उसकी महीने की इनकम 1 लाख रुपये थी, जो उसके पति की महीने की सैलरी से ज्यादा थी. कोर्ट ने कहा, 'पत्नी पैसे के मामले में आजाद है और अपना गुजारा कर सकती है. इसलिए, ट्रायल कोर्ट के लिए पति को जिसकी महीने की सैलरी लगभग 60,000 रुपये है, हर महीने अंतरिम गुजारा भत्ता के तौर पर 20,000 रुपये देने का आदेश देना सही नहीं था. ऐसा आदेश कानूनी तौर पर टिकने लायक नहीं है.' हालांकि, हाई कोर्ट ने साफ किया कि उसका फैसला सिर्फ अंतरिम मेंटेनेंस के मुद्दे तक ही सीमित है और यह शादी के झगड़े के आखिरी फैसले या मेंटेनेंस से जुड़े किसी भी आखिरी फैसले पर असर नहीं डालेगा. इस जोड़े ने 2024 में शादी की थी, लेकिन शादी में अनबन की वजह से कुछ ही महीनों में अलग रहने लगे. इसके बाद पत्नी ने मेंटेनेंस के लिए ट्रायल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया.

### अंबाला में बोरवेल में गिरे 4 साल के निर्भय की मौत, 21 घंटे लड़ता रहा जिंदगी और मौत की जंग

**अंबाला , एजेंसी।** हरियाणा के अंबाला जिले के धनौरा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक 4 साल का मासूम बच्चा निर्भय, खेलते समय 220 फीट खुले बोरवेल में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन, भारतीय सेना और एनडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाया गया, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। निर्भय को बचाना रेस्क्यू टीम के लिए चुनौती भरा रहा क्योंकि बच्चे का सिर बोरवेल के अंदर फंसा हुआ था। इस कारण उसे समय पर निकाला नहीं जा सका। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना के संयुक्त ऑपरेशन के बाद, लगभग 21 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद चार साल के निर्भय को बोरवेल से बाहर निकाला गया। बाहर निकालते ही उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार ने बताया कि, 'सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि बच्चा पानी में डूबा हुआ था। एक और बड़ी चुनौती बोरवेल की गहराई थी। बच्चा बोरवेल की अंदरूनी दीवार से बुरी तरह फंसा हुआ था।

## उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका: सचिन अहीर शिवसेना में शामिल, विधान परिषद उपसभापति पद के लिए भरा नामांकन

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है. 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' पार्टी को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है. विधान परिषद सदस्य सचिन अहीर ने उद्धव ठाकरे का साथ



छोड़कर शिवसेना का दामन थाम लिया है. शिवसेना में शामिल होते ही अहीर को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी गई. पार्टी ने उन्हें विधान परिषद के उपसभापति पद के लिए अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित कर दिया. उनका नामांकन पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है, और इस कदम से विधान परिषद के भीतर राजनीतिक समीकरण बदलने की उम्मीद है. दलबदल विरोधी कानून के तकनीकी प्रावधानों के कारण, सचिन अहीर के खिलाफ तुरंत कोई कार्रवाई होने की संभावना नहीं है. ऐसा लगता है कि उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होने से पहले शिवसेना के बैनर तले उपसभापति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करने और इस पद को सुरक्षित करने की योजना बनाई थी. ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची, जो दलबदल विरोधी कानून से संबंधित है, में आठ पैराग्राफ हैं जो विस्तार से बताते हैं कि यह कानून किस पर लागू होता है और किस पर नहीं. इस प्रावधान के तहत, कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को दलबदल विरोधी कानून के दायरे से विशेष छूट दी गई है. इसमें लोकसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) और उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर), राज्यसभा के उपसभापति, विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, तथा विधान परिषद के सभापति और उपसभापति जैसे उच्च और निष्पक्ष पदों पर नियुक्त व्यक्ति शामिल हैं. चूंकि सचिन अहिर को विधान परिषद के उपसभापति की भूमिका (या इसी तरह की कोई संवैधानिक जिम्मेदारी) सौंपने की योजना है, इसलिए उन्हें इस विशेष प्रावधान का लाभ मिल सकता है. परिणामस्वरूप, यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उनके खिलाफ अयोग्य ठहराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती. राज्य का राजनीतिक माहौल गरमाया इसे 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' पार्टी के लिए एक और बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के दिनों में नेताओं के लगातार पार्टी छोड़ने के कारण उद्धव गुट की संगठनात्मक ताकत कमजोर हो रही है. इस बीच, उपसभापति पद के लिए कुछ अन्य नाम भी चर्चा में थे. इन घटनाक्रमों ने महाराष्ट्र के राजनीतिक माहौल को एक बार फिर गरमा दिया है, और शिवसेना के दोनों गुटों के बीच टकराव और तेज होता दिख रहा है. भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने कहा- 'उद्धव ठाकरे को अभी ऐसे कई और झटके झेलने बाकी हैं. 2019 में उद्धव ठाकरे ने ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर भाजपा के साथ धोखा किया था. उन्होंने मोदी और फडणवीस के साथ मिलकर चुनाव प्रचार किया लेकिन बाद में गद्दारी कर दी. अब वे उसी का परिणाम भुगत रहे हैं. सचिन अहीर एक अच्छे और युवा नेता हैं. मुंबई में उनका एक बड़ा नेटवर्क है. हमने विधान परिषद में एक साथ काम किया है. वह कम उम्र में ही विधायक और मंत्री बन गए थे, और अब वह कम उम्र में ही उपसभापति बनने जा रहे हैं।

## मणिपुर में फिर भड़की चिंगारी ! बफर जोन की तरफ बढ़े 200 कुकी, राशन-दवा का संकट

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में एक बार फिर हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इंफाल वेस्ट और कांगपोकपी जिले की सीमा पर उस वक्त स्थिति बेकाबू होने लगी, जब कुकी समुदाय के लोगों ने नागा समूहों द्वारा लगाई गई 'आर्थिक नाकेबंदी' के खिलाफ उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति ठप होने से नाराज कुकी प्रदर्शनकारियों ने बफर जोन की ओर मार्च किया, जिसके बाद इलाके में भारी सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

यह पूरा विवाद 6 नागा नागरिकों की हत्या से जुड़ा है। नागा संगठनों का आरोप है कि इन नागरिकों का लेलोन वैफेई से अपहरण किया गया था और बाद में कुकी नेशनल फ्रंट के उग्रवादियों को सौंप दिया गया, जहां उनकी हत्या कर दी गई। इसके विरोध में युनाइटेड नागा काउंसिल , नागा पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन , और ऑल नागा स्टूडेंट्स एसोसिएशन, मणिपुर जैसे संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनिश्चितकालीन नाकेबंदी कर दी है। नागा समूहों ने साफ कर दिया है कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और उनके 'चार्टर ऑफ डिमांड' को



लागू नहीं किया जाता, यह नाकेबंदी जारी रहेगी।

**कुकी प्रदर्शनकारियों का मार्च और सुरक्षाबलों की कार्रवाई**

इस आर्थिक नाकेबंदी के कारण कांगपोकपी जिले के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई लगभग पूरी तरह कट गई है। इसी के विरोध में मंगलवार को मोटबुंग और गामगिफई इलाके से करीब 200 कुकी प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। वे नमदिलोंग (कंगलातोंग्बी क्षेत्र) की ओर बढ़ना चाहते थे, लेकिन संवेदनशील सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भी इसी इलाके में उस वक्त झड़पें हुई थीं, जब सुरक्षाबलों ने कुकी नागरिकों को इस रास्ते से एस्कॉर्ट करने की कोशिश की थी, जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए थे। हालात की गंभीरता को देखते हुए कुकी-जो संगठन कमिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने केंद्र और मणिपुर सरकार को शनिवार आधी रात से 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। उनकी मांग थी कि राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय राजमार्गों पर आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आवाजाही तुरंत सुनिश्चित की जाए। यह डेडलाइन अब खत्म हो चुकी है। दूसरी तरफ, नागा छात्र और महिला संगठनों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए चेतावनी दी है कि जो भी इस नाकेबंदी और आंदोलन का उल्लंघन करेगा, उसके

## केतन के गांव देवल पहुंचे सांसद चंद्रशेखर, परिजनों को दी सांत्वना

**टिहरी गढ़वाल, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की नगीना संसदीय सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद आखिरकार दो दिन बाद प्रतापनगर के देवल गांव पहुंच गए. उन्होंने दिवंगत केतन लाल के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी. केतन के परिजनों ने उन्हें घटना की जानकारी दी. सांसद ने घटना पर दुख जताया और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ सीबीआई जांच की मांग करते हुए परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया. तीन घंटे बाद सांसद लौट गए.

गौरतलब है कि टिहरी गढ़वाल जिले के प्रतापनगर ब्लॉक स्थित देवल गांव निवासी केतन लाल की 8 जून को मौत हो गई थी. आरोप था कि मारपीट के बाद उनकी मौत हो गई थी. उसके बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल था. आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद 28 जून को मृतक केतन लाल के परिजनों से मिलने जा रहे थे. लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पुलिस ने उन्हें हरिद्वार में रोक दिया था. इससे नाराज सांसद वहीं धरने पर बैठ गए थे.

**चंद्रशेखर के साथ आई भीड़ को पुलिस ने रोका:** पुलिस ने उन्हें 30 जून को मृतक केतन लाल के परिजनों से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया तो वह चले गए थे. मंगलवार को वह काफिले के साथ प्रतापनगर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने फिर उन्हें हरिद्वार में रोक दिया. वहां से उन्हें सीमित लोगों के साथ प्रतापनगर जाने की अनुमति दी गई. लेकिन भद्रकाली पहुंचते ही फिर से वाहनों की कतार लग गई. पुलिस ने चंद्रशेखर के समर्थकों को वहां रोक दिया.

**तीन वाहनों के साथ जाने की अनुमति दी:** यहां से उन्हें सीमित वाहनों के साथ आगे भेजा. नरेंद्रनगर पहुंचते ही वाहनों की संख्या बढ़ने पर पुलिस ने उन्हें फिर से रोक दिया. इससे नाराज सांसद अपने पांच-छह समर्थकों के साथ बारिश में ही तीन किमी हिंडोलाखाल तक पैदल ही निकल गए. वहां से पुलिस ने सांसद के साथ एक स्कॉट वाहन के साथ तीन वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी. सांसद शाम करीब 6.15 बजे प्रतापनगर के देवल गांव पहुंचे. उन्होंने केतन लाल के पिता धनपाल लाल से



मुलाकात करते हुए कहा कि वह न्याय की इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती के साथ उठाएंगे. उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि न्याय मिलने तक उनकी आवाज बुलंद करते रहेंगे. उन्होंने पुलिस-प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. केतन लाल के परिवार से मिलने के लिए मंगलवार सुबह करीब 11 बजे सांसद चंद्रशेखर दो-तीन गाड़ियों के साथ हरिद्वार पहुंचे थे. यहां से वह ऋषिकेश की तरफ निकल गए. उनके पीछे आ रहे कार्यकर्ताओं के वाहनों को पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने शंकराचार्य चौक पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया.

दोपहर से शाम तक हरिद्वार के देहात क्षेत्रों के अलावा सहारनपुर, मुजफ्फरनगर सहित अन्य जगहों से भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता वाहनों में हरिद्वार पहुंचते रहे. सभी डामकोठी में एकत्र होकर नारेबाजी करते रहे. हरिद्वार के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर भी अधिकारियों के साथ डामकोठी में डटे रहे. देर शाम के बाद कार्यकर्ता लौट गए. टिहरी के देवल गांव जाने से रोकने से नाराज सांसद वहीं धरने पर बैठ गए थे. इस दौरान हुई गहमागहमी में उनकी कमीज फट गई थी. इससे वह काफी नाराज हैं. प्रतापनगर दौरे पर सांसद ने कहा कि वह फटी हुई कमीज को संसद सत्र में ले जाकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे.

## महाराष्ट्र में लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर सख्त कार्रवाई, फडणवीस बोले-जल्द बनेगी पुलिस की स्पेशल टीम

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बढ़ता नेटवर्क, रंगदारी, धमकी और फायरिंग की घटनाएं प्रमुख मुद्दा बन गईं। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार को घेरते हुए कहा कि राज्य में कारोबारी, जनप्रतिनिधि, फिल्मी हस्तियां और अन्य लोग लगातार धमकियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसे संगठित अपराध पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने कार्रवाई का दिया भरोसा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि सरकार बिश्नोई गैंग के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि गैंग से जुड़े प्रमुख आरोपी अनमोल बिश्नोई और प्रवीण लोणकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि गैंग के भीतर मतभेद भी सामने आए हैं, जिससे इसके नेटवर्क पर असर पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैंग से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और इस पूरे



नेटवर्क की गहन जांच जारी है।

### जल्द गठित होगी विशेष पुलिस टीम

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि बिश्नोई गैंग जैसे संगठित अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जल्द ही पुलिस की एक विशेष टीम (स्पेशल टीम) गठित की जाएगी। यह टीम रंगदारी, धमकी और अंतरराज्यीय अपराध से जुड़े मामलों की निगरानी और कार्रवाई करेगी।

उन्होंने बताया कि रिजू बिश्नोई और शुभम लोणकर की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ आरोपी भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि नहीं रखने वाले देशों में रहकर व्यापारियों को धमकियां दे रहे हैं। ऐसे नेटवर्क की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने सदन को बताया कि पिंपरी-चिंचवड़ में फर्नीचर कारोबारी से रंगदारी मांगने और गोलीबारी की घटना से जुड़े तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस प्रकरण में अब तक 12 आरोपियों की पहचान की गई है, जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से दो पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत भी कार्रवाई की गई है। जिन व्यापारियों को धमकियां मिली हैं, उन्हें पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा संबंधित पुलिस आयुक्तालय क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और अपराधियों के नेटवर्क पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का कहना है कि संगठित अपराध और रंगदारी के मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## गुरुग्राम के सेक्टर-56 से पचगांव तक चलेगी मेट्रो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के लोगों के लिए अच्छी खबर है। गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड स्थित सेक्टर-56 से दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो की डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस रूट का एक स्टेशन सेक्टर-36ए में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी में बनाया जाएगा। करीब 35 किमी लंबे इस मेट्रो रूट में 28 स्टेशन प्रस्तावित किए हैं। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने डीपीआर को अंतिम रूप देकर मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है।

एचएमआरटीसी ने राइट्स को वाटिका चौक से लेकर पचगांव तक मेट्रो रूट की योजना तैयार करने के लिए सलाहकार नियुक्त किया था। इसकी एवज में इस कंपनी को करीब तीन करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है। ड्रॉफ्ट डीपीआर तैयार होने के बाद फैसला लिया गया कि इस मेट्रो मार्ग को गोल्फ कोर्स रोड स्थित रैपिड मेट्रो के सेक्टर-56 स्टेशन से जोड़ा जाए।

**करीब 10 हजार 428 करोड़ रुपये की लागत:** 22 अक्टूबर, 2024 को इस मेट्रो मार्ग को लेकर शहरी एवं आवासन मंत्रालय में एक बैठक हुई थी। इसमें फैसला हुआ था कि इस परियोजना के निर्माण में आने वाली लागत को हरियाणा सरकार वहन करेगी। 16 जनवरी, 2025 को राइट्स ने इस मेट्रो के निर्माण को लेकर फंड की रिपोर्ट रखी। इसके मुताबिक निर्माण राशि में से 10 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार से ली जाएगी। बची राशि में से 20 प्रतिशत हरियाणा सरकार वहन करेगी और 80 प्रतिशत राशि बैंकों से ऋण के रूप में ली जाएगी। इस मेट्रो रूट के निर्माण में करीब 10 हजार 428 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सेक्टर-36ए में करीब एक हजार एकड़ में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी को इस मेट्रो मार्ग से जोड़ने की एवज में एचएसआईआईडीसी की तरफ से इस परियोजना के निर्माण के लिए 1500 करोड़ रुपये



का भुगतान किया जाएगा। ग्लोबल सिटी में रिहायशी, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाईयां होंगी। ऐसे में ग्लोबल सिटी के विकसित होने के बाद लोगों को परिवहन संबंधी किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। इस मेट्रो रूट के निर्माण के बाद दिल्ली-जयपुर हाईवे पर यातायात दबाव कम हो जाएगा। पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो से ग्लोबल सिटी के अलावा मानेसर औद्योगिक और रिहायशी क्षेत्र के सेक्टर जुड़ेंगे। मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहे लोग या तो सिटी बस, ऑटो या निजी वाहन से जाते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सीवर टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हो रही मौतें

इस घटना ने सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी को एक बार फिर उजागर कर दिया है।इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि वर्तमान समय में जहां छोटे-छोटे कार्य आधुनिक उपकरणों की मदद से किए जा रहे हैं, वहीं जोखिम भरे साफ-सफाई के काम आज भी परंपरागत तरीके से ही हो रहे हैं। नतीजा यह कि सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान जान जाने की घटनाएं आम हो गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में बीते शुक्रवार को एक ऐसी ही घटना सामने आई, जहां एक कारखाने के सेप्टिक टैंक की सफाई करते वक्त जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है।इस घटना ने सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी को एक बार फिर उजागर कर दिया है। खबरों के मुताबिक इन श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपायों के ही सेप्टिक टैंक में उतार दिया गया था, जिससे यह हादसा हुआ। इससे साफ है कि दिल्ली सहित देश भर में न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन नहीं हो रहा है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने विस्तृत आदेश में स्पष्ट कहा था कि सेप्टिक टैंक और सीवर की हाथ से सफाई पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जानी चाहिए।यह गंभीर चिंता का विषय है कि सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत के बावजूद एहतियाती उपायों के बिना ही श्रमिकों को सीवर और सेप्टिक टैंक में उतार दिया जाता है। उस समय यह जांच करने की भी जरूरत महसूस नहीं की जाती कि वहां आक्सीजन का स्तर क्या है और कहीं जहरीली गैस का प्रभाव ज्यादा तो नहीं है? ज्यादातर मामलों में श्रमिकों को बचाव के लिए सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते। यही वजह है कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आने पर वर्ष 2023 में शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों से पूछा था कि उसके आदेश का पालन क्यों नहीं हो रहा है।ऐसे हादसों में जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों के परिवारों के लिए मुआवजा राशि को लेकर भी कोई स्पष्ट नीति मौजूद नही है। जाहिर है कि कागजों में कोई नियम-कानून बना देने भर से व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाता है, इसके लिए उन्हें धरातल पर कड़ाई से लागू करने की जरूरत होती है।

### पुनरीक्षण पर सवाल, दस्तावेजों की कमी से क्या छिन गया मताधिकार?

विवाद का यह सिलसिला केवल बिहार तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश होते हुए यह पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया। बिहार में इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लगभग पैंसठ लाख नाम हटाए गए।मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की कवायद को शुरू हुए एक साल पूरा हो गया है। वर्तमान में उन्नीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया जारी है। खबरों के मुताबिक, इसके जरिए अब तक करीब छह करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं। ऐसे में यह सवाल अहम है कि क्या वास्तव में इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के पात्र नहीं है? या फिर बहुत से लोग आधिकारिक दस्तावेज नहीं जुटा पाने की वजह से अपनी योग्यता साबित नहीं कर पाए? सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जिन लोगों के नाम सूची से बाहर किए गए हैं, उनका भविष्य क्या होगा।अगर वे मतदान के हकदार नहीं है, तो उनके दूसरे अधिकारों पर इसका क्या असर पड़ेगा? यह सवाल इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल और बिहार में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों के बाद ऐसी खबरें आई हैं कि दोनों राज्यों में संशोधित मतदाता सूची के आंकड़ों को अब सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाएगा। इससे यह आशंका भी गहरा रही है कि मतदाता सूची से हटाए गए लोगों को अब सरकारी योजनाओं की लाभार्थी सूची से भी बाहर किया जा सकता है।सबसे पहले बिहार में पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों से पूर्व एसआइआर की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब विपक्षी दलों ने इसके समय को लेकर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि मतदाता सूची में संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग के पास पहले पर्याप्त समय था, इसके बावजूद चुनावों से ठीक पहले इस प्रक्रिया को शुरू करना उचित नहीं है। इसके बाद नागरिकता के प्रमाण को लेकर भी यह प्रक्रिया विवादों में रही।विवाद का यह सिलसिला केवल बिहार तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तर प्रदेश होते हुए यह पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया। बिहार में इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से लगभग पैंसठ लाख नाम हटाए गए।

*बच्चों और किशोरों में जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास, नैतिक शिक्षा और तनाव प्रबंधन की संस्कृति विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। खेल, योग, ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियां और सकारात्मक सामाजिक वातावरण युवाओं को नशे की ओर बढ़ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।*

## नशे से बर्बाद होते जीवन को बचाना होगा

**(ललित गर्ग)**

नशीली दवाओं का दुरुपयोग मानव शरीर की लगभग प्रत्येक प्रणाली को प्रभावित करता है। हृदय, यकृत, फेफड़े, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। दीर्घकालिक सेवन व्यक्ति को अवसाद, मानसिक असंतुलन, आत्महत्या की प्रवृत्ति, स्मृति ह्रास और व्यक्तित्व विघटन की ओर ले जाता है। नशीली दवाओं का बढ़ता प्रचलन आज विश्व मानवता के सामने एक ऐसे संकट के रूप में उभर रहा है, जो केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर वैश्विक प्रश्न बन चुका है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी लाखों लोगों के जीवन को अंधकार में धकेल रही है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी इसका सबसे बड़ा शिकार बन रही है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, ताकि विश्व समुदाय इस चुनौती के प्रति जागरूक हो, सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाए और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हो। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को संकल्प संख्या 42/112 के माध्यम से इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग और कार्रवाई को मजबूत करना है। इस दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नशीली दवाओं की समस्या का समाधान केवल दंडात्मक उपायों से नहीं, बल्कि जनजागृति, सामाजिक-पारिवारिक रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक सहयोग से संभव है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) ने वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम निर्धारित की है- ''विश्वव्यापी नशीली दवाओं की समस्याः स्थायी मुद्दे, नई चुनौतियां, अभिनव समाधान''। यह थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति को अपराधी नहीं, बल्कि सहायता और उपचार की आवश्यकता वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज, परिवार, सरकार और स्वास्थ्य संस्थाओं के समन्वित प्रयास ही उसे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटा सकते हैं।

विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नशीली दवाओं के उपयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है। अनुमानतः विश्वभर में 30 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इनमें से करोड़ों लोग नशे की लत के कारण गंभीर शारीरिक एवं मानसिक रोगों से पीड़ित हैं, लेकिन उपचार सुविधाओं तक उनकी पहुंच अत्यंत सीमित है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों से पीड़ित प्रत्येक आठ व्यक्तियों में से केवल एक को ही उपचार प्राप्त हो पाता है। यह स्थिति विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चुनौती को उजागर करती है। बीते कुछ दशकों में वैश्विक मादक पदार्थ बाजार का स्वरूप तेजी से बदला है। परंपरागत नशीले पदार्थों-अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस और कोकीन के साथ-साथ अब सिंथेटिक ड्रग्स, फेंटानिल, मेथामफेटामाइन और विभिन्न रासायनिक नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। कृत्रिम नशीले पदार्थों के उत्पादन में कम लागत, तस्करी में कम जोखिम और अत्यधिक मुनाफे ने अवैध मादक पदार्थ उद्योग को और अधिक संगठित तथा खतरनाक बना दिया है। आज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह आधुनिक तकनीक, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर नए उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं और किशोरों, को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। ऑनलाइन नेटवर्क और गुप्त डिजिटल लेन-देन ने नशीली दवाओं की उपलब्धता को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आसान बना दिया है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों का यह गठजोड़ विश्व शांति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार अफीम, हेरोइन, स्मैक, कोकीन और सिंथेटिक ड्रग्स का निरंतर सेवन व्यक्ति को मानसिक रूप से अक्षम बना सकता है। नशे का दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। इसके कारण परिवार टूटते हैं, घरेलू हिंसा बढ़ती है, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गहराते हैं तथा अपराध और सामाजिक असुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। अनेक शोधों में यह तथ्य सामने आया है कि चोरी, हिंसा, तस्करी, यौन अपराध और संगठित अपराधों का एक बड़ा हिस्सा मादक पदार्थों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

भारत भी इस वैश्विक संकट से अछूता नहीं है। भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती चुनौतियां, बढ़ती शहरीकरण प्रक्रिया और युवाओं में बदलती जीवनशैली के कारण देश में नशीली दवाओं का दुरुपयोग चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। विशेष रूप से पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा महानगरों में यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। भारत की पश्चिमी सीमा के निकट स्थित तथाकथित 'गोल्डन क्रिसेंट'-अफगानिस्तान, पाकिस्तान और ईरान विश्व के प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है, जिसके कारण सीमावर्ती राज्यों में तस्करी की समस्या अधिक जटिल हो गई है। पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की समस्या से जूझ रहा है। सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कमजोर और सामाजिक संरचना को क्षतिग्रस्त करना है। यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी प्रश्न है। जिसके दुष्परिणाम विशेषतः पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। सामाजिकविज्ञान भारत सरकार ने नशे के विरुद्ध अनेक पहलें शुरू की हैं। 'नशा मुक्त भारत अभियान' देश के 272 से अधिक संवेदनशील जिलों में व्यापक जनजागरण, शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से तस्करी के नेटवर्क पर कार्रवाई की जा रही है। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से भी नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

## नई भाजपा के रोल मॉडल हैं योगी, हेमंत और शुभेंदु!

**(प्रो. संजय द्विवेदी)**

भाजपा का आज तक का ट्रैक हिंदुत्व का वैचारिक और राजनीतिक इस्तेमाल कर सत्ता में आने का रहा है। देश की राजनीति में चल रहे विमर्श में भाजपा बड़ी चतुराई से इस कार्ड का इस्तेमाल तो करती थी, किंतु उसके नेतृत्व में इसे लेकर एक हिचक बनी रहती थी। वो हिचक अटल जी से लेकर आडवानी तक हर दौर में दिखी है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे मुख्यमंत्री से रूबरू है, जिसे राजनीति के मैदान में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। उनके बारे में यह ख्यात था कि वे एक खास वर्ग की राजनीति करते हैं और भारतीय जनता पार्टी भी उनकी राजनीतिक शैली से पूरी तरह सहमत नहीं है। लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह अपनी पकड़ बनाई है और देश में एक अलग माडल खड़ा दिया है, वह सर्वत्र चर्चा का विषय है। इससे यह भी साबित हो रहा है कि 'अपनी राजनीति' के प्रति भाजपा का आत्मदैन्य कम हो रहा है। वहीं असम में हेमंत विश्वशर्मा उम्मीदों का चेहरा बनकर उभरे हैं, असम में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा ने पूर्वोत्तर में इतिहास रच दिया है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति से पश्चिम बंगाल की विजय ऐतिहासिक कही जा रही है और वहां बने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के ताबड़तोड़ फैसलों ने जनविश्वास की हिलोरें पैदा की हैं। जड़ता को तोड़कर एक नई उम्मीद बनी है। केंद्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आगमन ने भारतीय राजनीति के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। वैचारिक हीनग्रंथि से बाहर आई भाजपा भाजपा का आज तक का ट्रैक हिंदुत्व का वैचारिक और राजनीतिक इस्तेमाल कर सत्ता में आने का रहा है। देश की राजनीति में चल रहे विमर्श में भाजपा बड़ी चतुराई से इस कार्ड का इस्तेमाल तो करती थी, किंतु उसके नेतृत्व में इसे लेकर एक हिचक बनी रहती थी। वो हिचक अटल जी से लेकर आडवानी तक हर दौर में दिखी है। भाजपा का हर नेता सत्ता पाने के बाद यह साबित करने में लगा रहता है वह अन्य दलों के नेताओं के कम 'सेकुलर' नहीं है। उत्तर प्रदेश की 'आदित्यनाथ परिघटना' दरअसल भाजपा की वैचारिक हीनग्रंथि से मुक्ति को स्थापित करती नजर आती है। नरेंद्र मोदी के राज्यारोहण के बाद योगी आदित्यनाथ का उदय भारतीय राजनीति में एक अलग किस्म की राजनीति की स्वीकृति का प्रतीक है। एक धर्मप्राण देश में धार्मिक प्रतीकों, भगवा रंग, सन्यासियों के प्रति जैसी विरक्ति मुख्यधारा की राजनीति में दिखती थी, वह अन्यत्र दुर्लभ है। भाजपा जैसे दल भी इस सेकुलर विकार से कम ग्रस्त न थे। धर्म और धर्माचार्यों का इस्तेमाल, धार्मिक आस्था का दोहन और सत्ता पाते ही सभी धार्मिक प्रतीकों से मुक्ति लेकर सारी राजनीति सिर्फ तुष्टीकरण में लग जाती थी। प्रधानमंत्रियों समेत जाने कितने सत्ताधीशों के ताज जामा मस्जिद में झुके होगें, लेकिन हिंदुत्व के प्रति उनकी हिचक निरंतर थी। यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं की एक समय में दीनदयाल जी उदार थे, तो अटलजी और बलराज मधोक अपनी वक्रता के चलते उग्र नेता माने जाते थे। अटलजी का दौर आया तो लालकृष्ण आडवाणी उग्र कहे जाने लगे, फिर एक समय ऐसा भी आया जब आडवानी उदार हो गए और नरेंद्र मोदी उग्र मान जाने लगे। आज की व्याख्याएं सुनें- नरेंद्र मोदी उदार हो गए हैं और योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह उग्र माने जाने लगे हैं। अब तो असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी आदित्यनाथ की परंपरा के मुख्यमंत्री कहे जाने लगे हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज साझेदारियों से धन प्रवाह और टीम वर्क का महत्व को समझे। आज आपका आर्थिक तालमेल अच्छा बना रहेगा, बशर्ते आप बिना वजह के खर्चों से खुद को दूर रखें। कोई बड़ी खरीदारी करने या किसी नए काम में धन लगाने से पहले अच्छी तरह विचार कर लें। आज की छोटी-छोटी बचत आने वाले समय में एक बड़ा संबल बन सकती है।

### वृष
धन के मामले आज पूरी तरह आपके नियंत्रण में रहेंगे। आपकी बनाई योजनाएं आपको अच्छे नतीजे देंगी। बाजार की सुनी-सुनाई बातों में आकर धन लगाने का कोई भी फैसला न लें। रुका हुआ धन या कोई पुराना आर्थिक लाभ आज आप तक पहुंच सकता है। अपने महीने के बजट को एक बार फिर देखना आपके लिए सही रहेगा।

### कर्क
आज आपकी ही राशि में बने हुए हैं, जिससे आर्थिक मामलों को लेकर मन में उत्साह रहेगा। हालांकि, धन के लेनदेन में जरूरत से ज्यादा उत्साही होने से बचें। कामकाज को लेकर आपका उत्साह आज आपकी पूरी टीम को प्रेरित करेगा। किसी भी जरूरी बातचीत या प्रस्तुति को आगे बढ़ाने से पहले उसके सारे तथ्यों को अच्छे से देख लें।

### सिंह
आपकी व्यावहारिक सोच आज आपको धन से जुड़े सही निर्णय लेने में मदद करेगी। परिवार या जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में भावुक होकर कोई बड़ा खर्चा न करें। तुरंत मिलने वाले लाभ के बजाय लंबे समय के सुरक्षित निवेश ज्यादा भरोसेमंद रहेंगे। आज अपने आर्थिक कागजातों को व्यवस्थित करना फायदेमंद रहेगा।

### मिथुन
आज आय में सुधार के योग और प्रभावशाली संवाद शैली रहेगी। घर-परिवार और अपनी सुख-सुविधाओं से जुड़े खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। बुध देव के अस्त और वक्री होने के कारण धन से जुड़े किसी भी कागजात पर बिना पढ़े आगे न बढ़ें।

### कन्या
आर्थिक रूप से समय उत्साहजनक बना हुआ है। बिना पूरी छानबीन के कोई भी बड़ा वादा न करें। लगातार किए जा रहे प्रयासों से आपकी आय में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। भविष्य को मजबूत करने के लिए खर्च और बचत के बीच एक अच्छा तालमेल बनाकर चलें।

### तुला
आज पारिवारिक संपर्कों से लाभ और पेशेवर विकास के अवसर। धन को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, आज कोई बहुत बड़ा निवेश करने के लिए दिन ठीक नहीं है। घर के धन से जुड़े मामलों पर खुलकर बात करें ताकि आपसी तालमेल बना रहे। थोड़े समय के लाभ के बजाय दूर की सोच रखना ज्यादा फायदेमंद होगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक स्थिति सामान्य रूप से चलती रहेगी, हालांकि कुछ छोटे-छोटे अनचाहे खर्चे सामने आ सकते हैं। आज अपनी बचत योजनाओं या बीमा से जुड़े कागजातों को देखने के लिए समय बहुत अच्छा है। पूरी जानकारी के बिना धन का कोई जोखिम न लें। आपकी सूझबूझ से मन में शांति बनी रहेगी। कामकाज में लगातार नया सीखने और अपने हुनर को निखारने से ही आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे।

### मकर
पैसों को लेकर आपका अनुशासन आज आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखेगा। यदि आप कहीं से धन आने की उम्मीद कर रहे हैं, तो उसमें थोड़ा समय लग सकता है। बिना पूरी बातचीत के किसी के साथ मिलकर धन का कोई नया काम शुरू न करें। आपकी सोची-समझी योजनाएं आपके हितों की रक्षा करेंगी। आपका शालीन व्यवहार कार्यस्थल पर एक अच्छा माहौल बनाए रखने में मददगार होगा।

### कुंभ
आज का दिन अपनी पुरानी योजनाओं और आर्थिक लक्ष्यों को एक बार फिर से परखने का है। जल्दबाजी में धन लगाने या किसी को बड़ी रकम उधार देने से पूरी तरह बचें। घर के बड़ों से धन के मामले में कोई अच्छी सलाह मिल सकती है। आज की गई सही प्लानिंग भविष्य की दिक्कतों से आपको बचाएगी। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ ऐसी जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जो आपके अनुभव को और बढ़ाएंगी।

### धनु
आज पैसों का उपयोग बहुत ही समझदारी से करें और दिखावे की चीजों को अभी टाल दें। कुछ ऐसे खर्चे सामने आ सकते हैं जिनकी पहले से योजना नहीं थी, इसलिए बजट का ध्यान रखना जरूरी रहेगा। आपकी आज की सावधानी आपके कल को मजबूत करेगी। आपका आत्मविश्वास आज आपको अतिरिक्त जिम्मेदारियों को भी बहुत ही आसानी से संभालने की ताकत देगा।

### मीन
आज आपकी आर्थिक योजनाएं अच्छे से काम करेंगी। अपने कानूनी या टैक्स से जुड़े दस्तावेजों को बहुत ही ध्यान से देखें। जल्दबाजी में किसी को धन उधार न दें और न ही कोई आर्थिक जोखिम उठाएं। खर्चों में किया गया थोड़ा सा सुधार आपकी भविष्य की बचत को और बेहतर बनाएगा। आज टीम के साथ मिलकर चलना आपके काम को सफल बनाने के लिए बहुत जरूरी रहेगा।

### वर्ग पहेली 6139

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1953 को यह देश फ्रांस से स्वतंत्र हुआ (4)
4. चोरी करने के लिए दीवार में किया गया छेद (3)
7. जाने की क्रिया यह कहलाती है (6)
8. लदाई करना, उद्‌भरण करना (3)
10. नाम को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
11. प्रतिष्ठा, ख्याति, माप (2)
14. किसी का हक मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
16. पथ, मार्ग, रास्ता, पंथ (2)
18. वह व्यक्ति जो शासक हो, पटरी, पैमाना (अंग्रेजी) (3)
19. जिसने पहले किसी अपराध में सजा पायी हो, प्राप्तदंड (उर्दू)(4)
21. दीवारों आदि पर बनाए हुए फूल आदि, छोटा वृक्ष (2)
22. मुस्लिम धर्म की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
23. समतल, चौरस, अंगीकृत (4)

(ऊपर से नीचे
1. यह हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पत्नी का नाम है (6)
2. विचलित होना, डगमगाना (3)
3. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
4. बनावटी, कृत्रिम, कूटकृत (3)
5. महसूल, टेक्स, हाथ, हस्त (2)
6. रूप या अस्तित्व प्रदान करना, केला (अंग्रेजी)(3)
9. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)
11. सुस्वादू भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
12. उत्तम, बढिया, उम्दा (उर्दू)(3)
13. परजन भावनापूर्ण, अपनत्वहीन (3)
15. एक प्रकार का फल जो आकार में बड़ा होता है (4)
17. सप्ताह में एक बार होने वाला, साप्ताहिक (2)
20. फर्श पर बिछाने की छपी हुई चादर (3)

### वर्ग पहेली 6138 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्री | स | | सा | ब | र | म | ती |
| वा | म | | ध | म | की | | त |
| | का | नू | न | | ब | घा | र |
| फ | लि | त | | | | त | |
| | क | न | क | | डा | ल | ना |
| पी | | वा | र | ना | | ग | म |
| प | | द | वा | मी | | ना | क |
| ल | क्ष्य | | ना | | हां | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# फीफा वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच के किंग बने किलियन एम्बाप्पे

## 88 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ रचा इतिहास

### स्वीडन पर 3-0 की धमाकेदार जीत

फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में गोल करने का अपना शानदार फॉर्म जारी रखा हुआ है. उन्होंने टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में स्वीडन के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल दागकर इतिहास रच दिया और नॉकआउट मैचों में सबसे ज्यादा गोल करने का ऑल-टाइम 88 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया.

**नॉकआउट स्टेज में 10 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए** - अपने तीसरा वर्ल्ड कप में खेल रहे 27 वर्षीय एम्बाप्पे अब टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज में 10 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड ब्राजील के स्टार लियोनिडास और रोनाल्डो के नाम था. दोनों के नाम वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच में संयुक्त रूप से 8-8 गोल हैं।

### नॉकआउट राउंड में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी

**किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस):** 10 गोल (2018-2022-2026)
**रोनाल्डो (ब्राजील):** 8 गोल (1998-2002)
**लियोनिडास (ब्राजील):** 8 गोल (1934-1938)

**फीफा वर्ल्ड कप के नॉकआउट में एम्बाप्पे के गोल** - एम्बाप्पे ने 2018 संस्करण में राउंड ऑफ 16 में अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला नॉकआउट मैच



खेलते हुए दो गोल के साथ अपनी नॉकआउट यात्रा शुरू की थी. बाद में, उन्होंने फाइनल मुकाबले में क्रोएशिया के खिलाफ गोल करके शानदार प्रदर्शन किया, जहां फ्रांस ने 4-2 से जीत हासिल कर खिताब जीता. 2022 संस्करण में, एम्बाप्पे ने राउंड ऑफ 16 में पोलैंड के खिलाफ दो गोल किए और फिर अर्जेंटीना के खिलाफ फाइनल में हैट्रिक लगाई, लेकिन फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में फाइनल हार गया. अब, दो गोल के साथ, एम्बाप्पे ने अपने गोल की संख्या 10 तक पहुंचा दी है।

**गोल्डन बूट की रेस में मेसी से आगे निकले एम्बाप्पे** - एम्बाप्पे ने राउंड ऑफ 32 के मैच में दो गोल किए. जिसके साथ उसके जारी टूर्नामेंट में गोलों की संख्या छह हो गई है और वो अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के बराबर पहुंच गए, लेकिन दो असिस्ट के कारण वो गोल्डन बूट की रेस में उनसे आगे निकल गए हैं। इसके अलावा वर्ल्ड कप में एम्बाप्पे के अब तक कुल 18 गोल हो गए हैं, जो टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा गोल हैं. उन्होंने जर्मनी के फुटबॉल लेजेंड मिरोस्लाव क्लोज के 16 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है. इस लिस्ट में उनसे आगे सिर्फ लियोनेल मेसी (19) हैं. आने वाले दिनों में इन दोनों स्टार खिलाड़ियों के बीच स्थिति में बदलाव लगभग तय है. अब जब राउंड ऑफ 16 में फ्रांस का सामना पैराग्वे से होगा, तो एम्बाप्पे के पास अपने गोल की संख्या और बढ़ाने का मौका होगा। एमबाप्पे के इस विश्व कप में अब छह गोल हो चुके हैं और वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेस्सी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। वहीं, विश्व कप इतिहास में उनके कुल गोलों की संख्या 18 हो गई है।

---

नॉर्वे की पहली फीफा वर्ल्ड कप नॉकआउट जीत पर हालैंड ने कहा

# अब सब कुछ है बोनस



**आर्लिंगटन ।** फीफा विश्व कप में नॉर्वे को इतिहास की पहली नॉकआउट जीत दिलाने के बाद स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि 28 वर्षों बाद विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और ग्रुप चरण से आगे बढ़ने के बाद अब टीम के लिए आगे मिलने वाली हर सफलता 'बोनस' के समान है। एरलिंग हालैंड ने फीफा विश्व कप में अपने गोल करने का सिलसिला जारी रखते हुए अंतिम क्षणों में निर्णायक गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने कोट डी आइवर को 2–1 से हराया। इस जीत के साथ नॉर्वे ने 1998 के बाद पहली बार विश्व कप के अंतिम 16 (राउंड ऑफ 16) में जगह बनाई। हालैंड ने कहा, 'यह इतिहास है और इसका अहसास अविश्वसनीय है। हमने 28 साल बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया, फिर ग्रुप चरण पार किया और अब अगले दौर में पहुंचकर न्यूयॉर्क में ब्राजील से मुकाबला करेंगे। यह शानदार है। अब इसके बाद मिलने वाली हर उपलब्धि हमारे लिए बोनस है। अब हम बिना किसी दबाव के खेल सकते हैं और इस पल का आनंद ले सकते हैं, क्योंकि शायद हमें दोबारा ऐसा एहसास कभी नहीं होगा।' पूरे मैच के दौरान कोट डी आइवर के खिलाड़ियों ने हालैंड को काफी हद तक रोककर रखा। हालांकि, दूसरे हाफ में अमाद डियालो के शानदार बराबरी के गोल से मुकाबले में वापसी करने वाली कोट डी आइवर की चुनौती को हालैंड ने अपने निर्णायक गोल से खत्म कर दिया। इस जीत के साथ स्टाले सोलबाकेन की टीम ने 6 जुलाई को न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी में ब्राजील के खिलाफ होने वाले राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जगह बना ली। नॉर्वे के मुख्य कोच स्टाले सोलबाकेन ने कहा कि बेहद करीबी मुकाबले में उनकी टीम की अंत तक मजबूती बनाए रखने की क्षमता ही जीत का कारण बनी। उन्होंने फीफा से कहा, 'मुझे लगता है कि यह बेहद बराबरी का मुकाबला था। दोनों टीमें अच्छी थीं और मैच किसी भी तरफ जा सकता था। लेकिन आज हमने अंत में शानदार खेल दिखाया और 1–1 की बराबरी के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। मैच के आखिर में उन्हें एक अच्छा फ्री–किक मिला और उनके पास गोल करने के कुछ मौके भी थे।'

---

विंबलडन 2026

# रोमांचक मुकाबले में बेरेटिनी से हारे वावरिंका, भावुक अंदाज में कहा अलविदा

**इटली (एजेंसी)।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका का विंबलडन सफर भावुक अंदाज में समाप्त हो गया। पहले दौर में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने चार घंटे 20 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वावरिंका को 6-7(7), 7-6(16), 7-6(7), 7-6(5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मैच के बाद वावरिंका ने स्वीकार किया कि अब उनके करियर को अलविदा कहने का समय आ गया है।

**चार घंटे 20 मिनट तक चला रोमांचक मुकाबला** - 41 साल और 106 दिन की उम्र में पुरुष एकल ड्रॉ के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी वावरिंका ने बेरेटिनी को कड़ी टक्कर दी। उन्होंने पहला सेट टाई-ब्रेक में 9-7 से अपने नाम किया, लेकिन 2021 विंबलडन फाइनलिस्ट बेरेटिनी ने दूसरे सेट का बेहद रोमांचक टाई-ब्रेक 18-16 से जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

**टाई-ब्रेक में बेरेटिनी ने दिखाई दमदार वापसी** - अंधेरा होने के बाद सेंटर कोर्ट की छत बंद कर दी गई, लेकिन मुकाबले का रोमांच कम नहीं हुआ। तीसरे सेट में बेरेटिनी ने सर्विस ब्रेक



हासिल किया, हालांकि वावरिंका ने तुरंत वापसी कर ब्रेक वापस ले लिया। इसके बाद बेरेटिनी ने लगातार दो टाई-ब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और दूसरे दौर का टिकट कटाया।

**वावरिंका के जज्बे ने जीता दर्शकों का दिल** - आखिरी अंक के बाद स्कोरबोर्ड पर बेरेटिनी की जीत दर्ज थी, लेकिन सेंटर कोर्ट तालियों से वावरिंका के लिए गूंज उठा। स्विस दिग्गज ने उम्र के इस पड़ाव पर भी जिस जज्बे और संघर्ष का प्रदर्शन किया, उसने इस मुकाबले को विंबलडन 2026 के शुरुआती दौर के सबसे यादगार मैचों में शामिल कर दिया।

**'जिससे प्यार हो, उसे अलविदा कहना आसान नहीं'** - मैच के बाद भावुक वावरिंका ने कहा, 'जिस चीज़ से आप इतना प्यार करते हैं, उसे अलविदा कहना कभी आसान नहीं होता। मैं हमेशा इस खेल के लिए जुनूनी रहा हूं और शुक्रगुजार हूं कि मुझे यहां आखिरी बार खेलने का मौका मिला। इससे बेहतर विदाई की मैं कल्पना भी नहीं कर सकता था। मैं संन्यास नहीं लेना चाहता, लेकिन अब रुकने का समय आ गया है। इतने लंबे समय तक खेलने की वजह आज रात जैसे पल ही थे।'

**2026 सीजन के अंत में लेंगे संन्यास** - वावरिंका पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह 2026 सीजन के अंत में पेशेवर टेनिस को अलविदा कह देंगे। दूसरी ओर, इस जीत के साथ बेरेटिनी ने एक बार फिर विंबलडन में लंबा सफर तय करने की अपनी उम्मीदें मजबूत कर ली हैं।

---

# राजस्थान के 5 तीरंदाजों का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में चयन



**जयपुर(एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा 26 से 29 जून तक भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर राजस्थान के पांच प्रतिभाशाली तीरंदाजों का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में चयन किया गया है. यह राजस्थान के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है। राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अनुज कुमार और सब-जूनियर कंपाउंड बालक वर्ग में आर्यन पारीक का चयन एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप (दुबई, संयुक्त अरब अमीरात) के लिए किया गया है. इसी प्रकार जूनियर रिकर्व महिला वर्ग की प्रतिभाशाली तीरंदाज प्रांजल ठोलिया एवं खुशी कुमावत का चयन एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप (दुबई, संयुक्त अरब अमीरात), कोरिया आमंत्रण तीरंदाजी प्रतियोगिता (केएए इनविटेशनल टूर्नामेंट) और एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता (चीन एवं इराक) के लिए हुआ है. वहीं जूनियर कंपाउंड पुरुष वर्ग के सचिन चेहची का चयन एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता (चीन एवं इराक) के लिए किया गया है। तीरंदाजी का स्तर बढ़ रहाः राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के खिलाड़ियों का लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में चयन होना राज्य में तीरंदाजी के बढ़ते स्तर का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे ।

---

# श्रीसंत को केरल क्रिकेट संघ से बड़ी राहत, तीन साल का प्रतिबंध हटाया, चेतावनी भी दी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एस श्रीसंत पर पिछले साल लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध को बुधवार को हटा लिया। यह प्रतिबंध संघ के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण लगाया गया था। केसीए के बयान के मुताबिक उसने अपनी विशेष आम बैठक में प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। बयान में कहा गया है कि यह फैसला क्रिकेटर के बिना शर्त माफी मांगने और केसीए के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताने के बाद किया गया। बयान के अनुसार श्रीसंत पर यह प्रतिबंध पिछले केरल क्रिकेट लीग के मुकाबलों से पहले लगाया गया था। हालांकि, एसोसिएशन ने श्रीसंत को चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा कोई भी व्यवहार करने पर उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंध हटने के बाद श्रीसंत केरल क्रिकेट लीग के तीसरे सीजन में 'एरीज कोल्लम सेलर्स' फ्रैंचाइजी के सह-मालिक के तौर पर बने रह सकेंगे। ચ્ષ્ટ ने पिछले ચ્ષ્ટરુ सीजन से पहले यह प्रतिबंध लगाया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीसंत ने देश के लिए तीनों इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेला है। उन्होंने 27 टेस्ट, 53 वनडे और 10 टू-20 मैच खेले हैं। श्रीसंत ने टेस्ट 37.59 की औसत से 87 विकेट लिए। एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 40 रन देकर 5 विकेट और एक मैच में 99 रन देकर 8 विकेट रहा, इसमें चार बार एक पारी में 4 विकेट और तीन बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

---

# एमसीसी की मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित हुए पुजारा, कहा- इंग्लैंड दूसरे घर जैसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेतेश्वर पुजारा ने अपने टेस्ट करियर के दौरान आस्ट्रेलिया में कुछ बेहतरीन पारियां खेली लेकिन हाल ही में एमसीसी की आजीवन सदस्यता पाने वाले इस पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि इंग्लैंड उन्हें दूसरे घर जैसा लगता है। भारतीय टीम के साथ तीन बार इंग्लैंड का दौरा करने वाले पुजारा काउंटी क्रिकेट में कई टीमों के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने राजकोट के बाद अपना सबसे अधिक समय इंग्लैंड में बिताया है।



प्रसिद्ध लॉर्ड्स स्टेडियम में स्थित मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित पुजारा ने कहा, 'मैं काउंटी क्रिकेट में काफी खेला हूं। इसलिए जब आप वहां बहुत क्रिकेट खेलते हैं तो आपको घर जैसा महसूस होने लगता है। मेरे लिए ख्र्ष्टष्ट का हिस्सा बनना बहुत खुशी और सौभाग्य की बात है।' इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इंटरव्यू में कहा, 'ख्र्ष्टष्ट की मानद सदस्यता मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। एक क्रिकेटर के तौर पर जब आपने अपने पूरे करियर में कड़ी मेहनत की हो और जब उसे पहचान मिले तो फिर आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होता है।'

पुजारा ने लॉर्ड्स में जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से भारत ने दो मैच जीते। भारत की तरफ से वह इस ऐतिहासिक मैदान पर शतक नहीं लगा पाए लेकिन उन्होंने ससेक्स की तरफ से खेलते हुए यहां दोहरा शतक लगाया है। भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेलने वाले पुजारा दुनिया के सभी प्रसिद्ध मैदानों पर खेले हैं लेकिन लॉर्ड्स में खेलने का अनुभव कुछ अलग ही होता है।

उन्होंने कहा, 'लॉर्ड्स में क्रिकेट खेलने और वहां क्रिकेट देखने की मेरी कुछ अच्छी यादें हैं। 2011 में मेरे घुटने की सर्जरी लंदन में हुई थी और इसके लिए जब मैं वहां डॉक्टर से सलाह ले रहा था, तो मैंने लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का का दौरा किया। क्योंकि उससे पहले मैं कभी लॉर्ड्स में नहीं खेला था।' पुजारा ने कहा, 'जब आप उस मैदान में कदम रखते हैं, तो उसका एक अलग ही माहौल और अलग ही ऊर्जा होती है। जब आप एमसीसी के आजीवन सदस्य बन जाते हैं, तो आपको वहां जाकर क्रिकेट देखने का विशेषाधिकार मिल जाता है। मेरा बचपन से ही सपना था कि मैं वहां क्रिकेट खेलूं।'

---

मोरक्को से हार कर सफर खत्म

# नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली ।** फीफा वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोमैन ने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है। राउंड ऑफ 32 में मोरक्को और नीदरलैंड्स टीम का मुकाबला खेला गया, जिसमें नीदरलैंड की टीम को हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ वर्ल्ड कप में उसका सफर समाप्त हो गया है। मोरक्को के खिलाफ खेलते हुए नीदरलैंड की टीम के हार के साथ ही कोच रोनाल्ड कोमैन ने भी कोच का पद छोड़ दिया है। इसी के साथ मैनेजर के तौर पर 'ऑरेंज' (नीदरलैंड्स टीम) के साथ उनका दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया। कोमैन ने 2018 की शुरुआत में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया, जो 2020 के मध्य तक चला। कतर में हुए वर्ल्ड कप के बाद, जिसमें नीदरलैंड्स क्वार्टर–फाइनल तक पहुँचा था, वे 2023 की शुरुआत में उन्होंने बतौर कोच फिर टीम से जुड़े थे।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रोनाल्ड कोमैन ने कहा, 'मैंने डच नेशनल टीम के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल खत्म करने का फैसला किया है। हम सभी ने एक ऐसे वर्ल्ड कप का सपना देखा था जिसमें हम इतिहास रचेंगे। हम कामयाब नहीं हो पाए। इस बात से मुझसे ज्यादा निराश कोई नहीं है। नेशनल कोच के तौर पर, यह जिम्मेदारी आपकी होती है। मैंने हमेशा इसे महसूस किया है, और हमेशा करता रहूंगा।

उन्होंने आगे कहा, 'इसके अलावा, पिछले कुछ सालों में मुझे एक बार फिर एहसास हुआ कि फुटबॉल से ज्यादा जरूरी चीजें भी हैं। फुटबॉल मेरी जिंदगी रही है, लेकिन सेहत अनमोल है।'

---

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: मेडल में दिखेगा ग्लासगो का इतिहास

### 3000 खिलाड़ी, 74 देशों की कहानी और पहली बार ब्रेल-टैक्टाइल डिजाइन

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतना हर खिलाड़ी के लिए करियर के सबसे यादगार पलों में से एक होता है। पोडियम पर खड़े होकर जब खिलाड़ी गले में मेडल पहनता है, तो वह सिर्फ एक प्रतियोगिता का परिणाम नहीं होता, बल्कि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और सपनों की पहचान बन जाता है।

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मिलने वाले मेडल सिर्फ सफलता का प्रतीक नहीं, बल्कि अपने अंदर पूरे शहर की कहानी भी समेटे होंगे, क्योंकि ऐसे आयोजन सिर्फ खेलों का मंच नहीं होते, बल्कि वे उस शहर की पहचान और संस्कृति को भी दुनिया के सामने लाते हैं, जहां उनका आयोजन होता है।




- **ग्लासगो की पहचान से प्रेरित है मेडल का डिजाइन**– इन मेडल्स को तैयार पुरस्कार विजेता कलाकार, डिजाइनर और मेकर मिलित्सा मिलेंकोवा ने किया है। वह ग्लासगो स्कूल ऑफ आर्ट की आर्टिस्ट इन रेजिडेंस भी हैं। मेडल को पारंपरिक गोल आकार से अलग Reuleau& Triangle (घुमावदार त्रिकोणीय आकृति) का रूप दिया गया है। इसकी तीनों बराबर गोल घुमावदार भुजाएं ग्लासगो की पहचान और विरासत को दर्शाती हैं। यही खासियत इसे अब तक के कॉमनवेल्थ गेम्स के पदकों से अलग बनाती है। इस ज्यामितीय आकृति की हर घुमावदार रेखा और हर कोण ग्लासगो शहर की पहचान से जुड़ा है। इसके डिजाइन में शहर के इतिहास और संस्कृति को बेहद बारीकी से शामिल किया गया है। मेडल में ग्लासगो के कोट ऑफ आर्म्स, शहर की औद्योगिक विरासत का प्रतीक फिन्नीस्टन क्रेन और पारंपरिक टार्टन पैटर्न को जगह दी गई है।

---

# जिम्बाब्वे ने किया उलटफेर

### WTC की नंबर-4 टीम को पारी और 85 रन से हराया, सबसे बड़ी जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे ने मंगलवार (30 जून) को बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को पारी और 80 रनों से हराकर टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे की यह जीत बड़ी खास है क्योंकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 रैंकिंग में बांग्लादेश चौथे नंबर पर है। हालांकि, बांग्लादेश को इस हार से नुकसान नहीं होगा, क्योंकि जिम्बाब्वे डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है। ऐसे में डब्ल्यूटीसी चैंपियनशिप रैंकिंग पर इसका असर नहीं पड़ेगा।



जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद बांग्लादेश को 140 रनों पर आउट कर दिया। अपनी पहली पारी में 410 रन बनाए। फिर दूसरी पारी में बांग्लादेश को 185 रनों पर समेट दिया। जिम्बाब्वे ने 25 साल से ज्यादा समय बाद लगातार दो टेस्ट जीते हैं। इससे पहले उसे अक्टूबर 2025 में अफगानिस्तान को एक पारी और 73 रन से हराया था।

**तीसरी बार जिम्बाब्वे ने लगातार दो टेस्ट जीते**– अब बांग्लादेश पर जीत के साथ लगातार दूसरा टेस्ट अपने नाम किया। पिछली बार उन्होंने यह कामयाबी अप्रैल 2001 में हासिल की थी। उन्होंने इत्तेफाक से बांग्लादेश का दो मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ किया था। कुल मिलाकर यह सिर्फ तीसरी बार है जब जिम्बाब्वे ने लगातार दो टेस्ट जीते हैं। इससे पहले 1998 में उन्होंने भारत और पाकिस्तान को भी लगातार मैचों में हराया था।

**न्यूमैन न्यामहुरी और ब्लेसिंग मुजरबानी ने झटके 4-4 विकेट**– जिम्बाब्वे की जीत में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में न्यूमैन न्यामहुरी ने 4 विकेट झटके थे। दूसरी पारी में ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट झटके। बांग्लादेश के लिए दोनों पारी मिलाकर मोमिनुल हक 60 रन ही अर्धशतक बना पाए। पहली पारी में 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाए थे।

---

# बेल्जियम दौरे के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम का ऐलान

- अनमोल इक्का कप्तान, फ्रेडरिक सोयेज की कोचिंग में पहला टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** डिफेंडर अनमोल इक्का पांच से 18 जुलाई तक होने वाले बेल्जियम दौरे पर 22 सदस्यीय भारतीय जूनियर (अंडर-21) पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे। यह दौरा फ्रांस के कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में टीम की पहली प्रतियोगिता होगी और इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर एशिया कप से पहले तैयारी का एक अहम चरण होगा। दौरे के दौरान युवा भारतीय टीम यूरोप की कुछ सबसे मजबूत टीमों का सामना करेगी।

भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो जबकि जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस दौरे से टीम को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का बहुमूल्य अनुभव मिलने की उम्मीद है। साथ ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले टीम को अपने संयोजन और खेलने के तरीके को



परखने में भी मदद मिलेगी। गोलकीपर के रूप में विवेक लाकड़ा और कुणाल तेवतिया को टीम में जगह मिली है जबकि अनमोल रक्षापंक्ति की कमान संभालेंगे जिसमें रोहित कुल्लू, चिराग, रविंदर, प्रशांत बारला, संजीत टिर्की और वी मणिमारन भी शामिल हैं।

# स्कूल वैन नहर में गिरी, 13 बच्चे घायल; तीन की हालत गंभीर, चालक फरार

♦ स्कूल पहुंचने से पहले हुआ हादसा, क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने के आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**कुटुंबा, औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर तामसी मोड़ के समीप स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक मैजिक वैन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 15 फीट नीचे नहर में जा गिरी। हादसे में 13 बच्चे घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल बच्चों में आरबी प्रताप (5), हर्ष कुमार और मौली कुमारी शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायल बच्चों का उपचार करने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, अंबा स्थित संत जेवियर हाई स्कूल की वैन कुटुंबा, लखना, महुआ धाम, मीरपुर तथा आसपास के गांवों से बच्चों को लेकर विद्यालय जा रही थी। तामसी मोड़ के पास अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और वैन सड़क किनारे रेलिंग के पास से फिसलते हुए सीधे नहर में पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय वाहन की गति लगभग 50 किलोमीटर प्रति घंटा थी। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, ग्रामीण और बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर वैन में फंसे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके शीशे भी टूट गए। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से राहुल कुमार ने बताया कि अधिकांश बच्चों की स्थिति सामान्य है और उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि चालक ने फोन पर बताया था कि सामने से आ रहे दूसरे वाहन के कारण वैन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों में साक्षी कुमारी (मीरपुर), साक्षी कुमारी (कुटुंब बाजार), आदित्य राज, आरबी प्रताप, अमी कुमारी, लकी राज सैनिक, कुमार सुगंध आर्यन, सृष्टि कुमारी, हर्ष कुमार, आयुष कुमार, अक्षय कुमार, वैभव गौरव, मौली कुमारी, आबिद राजा और अमित कुमार सहित कई बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के परिवहन के लिए पुराने एवं जर्जर वाहनों का उपयोग करता है और निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को एक ही वाहन में बैठाया जाता है। उनका कहना है कि पहले भी स्कूल वाहनों से जुड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर विद्यालय प्रबंधन और फरार चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सर्पदंश से महिला की मौत पर सीएचसी में बवाल, इलाज में लापरवाही का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के चांदी गांव की 40 वर्षीय विनीता देवी की सर्पदंश से मौत के बाद हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, समय पर एंटी-स्नेक वेनम नहीं देने और एंबुलेंस उपलब्ध कराने में देरी का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह विनीता देवी अपने घर के पास जलावन के लिए गोइठा उखाड़ रही थीं। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उनके पैर में डस लिया। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में महिला का समुचित उपचार नहीं किया गया। उनका कहना है कि अस्पताल में एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध होने के बावजूद उसे नहीं लगाया गया और गंभीर हालत में उन्हें गया रेफर कर दिया गया। गया ले जाने के दौरान रास्ते में ही विनीता देवी की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे। उन्होंने शव के साथ हसपुरा अस्पताल मोड़ के समीप मुख्य सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के हस्तक्षेप और समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया। इसके बाद भी परिजनों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। वे ग्रामीणों के साथ सीएचसी पहुंचे और अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि सर्पदंश के बाद जहर का असर कम करने के लिए पैर में बांधी गई रस्सी को अस्पताल कर्मियों ने खोल दिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई और इलाज में लापरवाही बरती गई। हंगामे के दौरान कुछ लोगों ने अस्पताल में आंशिक तोड़फोड़ का भी प्रयास किया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति बिगड़ती देख कई स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल से बाहर निकल गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. के.के. नारायण ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतका के पति जितेंद्र कुमार पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करते हैं, जबकि विनीता देवी गांव में रहकर परिवार की जिम्मेदारी संभालती थीं। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## रफीगंज सीएचसी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक रूप से केक काटकर डॉक्टर डे मनाया और समाज के प्रति चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. महिमा सिंह तथा डॉ. प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया।

इस दौरान सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को देशभर में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन चिकित्सकों की सेवा, समर्पण और मानवता के प्रति उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा भावना के माध्यम से लोगों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं।

समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से मरीजों के प्रति संवेदनशील और समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, जिला कोऑर्डिनेटर (पिरामिड) जितेंद्र कुमार, एसबीआई शाखा प्रबंधक राजन कुमार, पंकज कुमार, बीसीएम सनी कुमार एवं अकाउंटेंट राजेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा एएनएम हेलेना सोरेन, जीएनएम वैजयंती माला, प्रीति कुमारी तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## दाउदनगर में अवैध बालू पर पुलिस की कार्रवाई, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त; चालक फरार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दाउदनगर थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि पुलिस कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) भूपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अमृत बिगहा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध बालू खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# 71वें स्थापना दिवस पर एसबीआई ने ग्राहकों का किया सम्मान, उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं का लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




♦ औरंगाबाद की विभिन्न शाखाओं में उत्साह के साथ मनाया गया स्थापना दिवस, ग्राहकों को शॉल व बुके भेंट कर जताया आभार

**औरंगाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 71वां स्थापना दिवस बुधवार को औरंगाबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय सहित जिले की विभिन्न शाखाओं में उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्राहकों का स्वागत कर उन्हें शॉल एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा बैंक की गौरवशाली यात्रा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को स्मरण किया। रमेश चौक स्थित एसबीआई शाखा में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि स्थापना के बाद से भारतीय स्टेट बैंक ने करोड़ों ग्राहकों का विश्वास जीतते हुए बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एसबीआई आज डिजिटल बैंकिंग, कृषि ऋण, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना भी है। आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से एसबीआई लगातार अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बना रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्राहकों को पारदर्शी, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का सामूहिक संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी एसबीआई ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट सेवाओं के जरिए लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास जारी रखेगा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों ने भी बैंक की सेवाओं की सराहना करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और बैंक के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। समारोह के अंत में बैंक परिवार की ओर से सभी ग्राहकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर उप शाखा प्रबंधक चंद्रभूषण कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय के श्रीधर कुमार, बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

# बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी को भावभीनी विदाई

39 वर्ष 7 माह की गौरवपूर्ण सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त, अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दीपक रंजन देहुरी के 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर महाबोधि सभागार में सम्मानपूर्ण विदाई एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, नेतृत्व क्षमता और संस्थान के विकास में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। दीपक रंजन देहुरी ने एनटीपीसी लिमिटेड में लगभग 39 वर्ष 7 माह तक विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने 27 मार्च 2025 को बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया था। उनके नेतृत्व में बीआरबीसीएल ने परिचालन, प्रबंधन और संगठनात्मक विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। अभिनंदन समारोह के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री देहुरी के साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने उन्हें एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता और सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संस्थान ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय और सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दीपक रंजन देहुरी ने एनटीपीसी लिमिटेड में बिताए अपने लगभग चार दशक लंबे सेवाकाल की स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता टीम भावना, अनुशासन, पारदर्शिता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से निष्ठा, ईमानदारी और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। सेवानिवृत्ति के इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए बीआरबीसीएल परिसर में भजन एवं ग़ज़ल संध्या का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने दीपक रंजन देहुरी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# सोशल मीडिया पर स्टेटस को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प, छह घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के दरधा गांव में पुरानी रंजिश और सोशल मीडिया पर स्टेटस पोस्ट करने को लेकर बुधवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। मारपीट में तीन महिलाएं और तीन पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घायलों की पहचान हकीम शाह, बसीर शाह, मोकिम शाह, शयरून खातून, रवीना खातून और हुस्ना खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले गांव के ही एक युवक बसीर शाह का गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। बाद में परिजनों की सहमति से युवती का विवाह किसी अन्य युवक से कर दिया गया। आरोप है कि शादी के बाद भी बसीर शाह युवती से संबंधित तस्वीरें और अन्य सामग्री अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट पर स्टेटस के रूप में साझा करता रहा, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर पहले भी कई बार पंचायत और आपसी समझौते का प्रयास किया गया था, लेकिन विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका।

**समझौता बैठक के दौरान भड़का विवाद-** बुधवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने के उद्देश्य से फिर से बातचीत हो रही थी। इसी दौरान कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं।

## लोजपा (रामविलास) की औरंगाबाद जिला उपाध्यक्ष बनीं रॉनी दूबे



**औरंगाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने संगठन विस्तार के तहत ओबरा निवासी रॉनी दूबे को औरंगाबाद जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह ने रॉनी दूबे को मनोनयन पत्र सौंपते हुए कहा कि उनकी सक्रियता, कर्तव्यनिष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि रॉनी दूबे के नेतृत्व में जिले में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रॉनी दूबे ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जिले के प्रत्येक गांव और पंचायत तक पार्टी संगठन का विस्तार करना तथा आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना होगा। इस अवसर पर सारुन पासवान, पवन मेहता, हिमांशु सिंह, रौशन कुमार पांडे, गोलू कुमार, अंकित पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## दाउदनगर में पुलिस की छापेमारी, 7.45 लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद; धंधेबाज गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 7.45 लीटर देशी एवं विदेशी शराब बरामद की है। छापेमारी के दौरान एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के कझपा गांव निवासी अमरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचना मिलने पर एएलटीएफ टीम के साथ पुलिस अवर निरीक्षक कमलेश कुमार के नेतृत्व में शमशेर नगर स्थित किला के पीछे बंद पड़े एक पुराने स्कूल भवन में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार शराब को भूसा घर में एक बोरे के अंदर छिपाकर रखा गया था। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी शराब को छिपाने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने शराब छिपाकर रखने की बात स्वीकार कर ली, जिसके बाद पुलिस ने बोरे से सभी शराब बरामद कर ली। बरामद शराब में विभिन्न ब्रांड की विदेशी एवं देशी शराब शामिल है। पुलिस ने मौके से रॉयल स्टैग (375 एमएल) की दो बोतलें, रॉयल चैलेंज (375 एमएल) की दो बोतलें, मैजिक मोमेंट (750 एमएल) की दो बोतलें एवं (375 एमएल) की दो बोतलें, किंगफिशर स्ट्रांग प्रीमियम बीयर (500 एमएल) की दो कैन तथा भौकाल ब्रांड की 300 एमएल वाली नौ बोतलें बरामद की हैं। कुल जब्त शराब की मात्रा 7.45 लीटर बताई गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अवैध शराब की आपूर्ति कहां से की जा रही थी और इस कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।


सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



संदेश

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

सतर्कता एवं पारदर्शिता के प्रति जन–जागरूकता के उद्देश्य से दिनांक 2 जुलाई, 2026 को राज्य में प्रथम बार **"बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस"** मनाया जा रहा है। इसी क्रम में, दिनांक 2 जुलाई से 8 जुलाई, 2026 तक राज्य भर में **"बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** का आयोजन किया जाएगा। सदाचार, नैतिकता तथा आत्मसम्मान किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति एवं प्रतिष्ठा के आधार–स्तंभ हैं। इसके विपरीत, भ्रष्टाचार विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा है। यह शासन–प्रशासन की कार्यक्षमता को प्रभावित करने के साथ–साथ जनसामान्य के विश्वास को भी कमजोर करता है।

भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण केवल कानूनी प्रावधानों एवं दंडात्मक कार्रवाई के माध्यम से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग में जागरूकता, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का होना भी आवश्यक है। जनभागीदारी और सतत सतर्कता ही भ्रष्टाचार–मुक्त व्यवस्था की आधारशिला है।

मैं **"बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** की सफलता हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ तथा राज्य के सभी नागरिकों से आह्वान करता हूँ कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस जन–अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.-006754 (Vigilance)D. 2026-27